4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 1 अंकः 347 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 07 अक्टूबर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

AAP सांसद राघव चड्ढा को बड़ा झटका, खाली करना होगा सरकारी आवास,

कोर्ट बोला- आपके पास बंगले में रहने का कोई औचित्य नहीं

नई दिल्लीः राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को अब अपना सरकारी बंगला खाली करना पड़ेगा. पटियाला हाउस कोर्ट ने अपने उस अंतरिम आदेश को वापस ले लिया, जिसमें उसने राज्यसभा सचिवालय को राघव चड्ढा से बंगला खाली न करवाने का निर्देश दिया था. इस आदेश के खिलाफ दायर सचिवालय की याचिका पर अपने आदेश में कोर्ट ने आज यानी शुक्रवार को कहा कि बंगला का अलॉटमेंट रद्द होने के बाद राघव चड्ढा का उस बंगले में रहने का कोई औचित्य नहीं बनता है. राघव चड्ढा ये दावा नहीं कर सकते कि राज्यसभा के सांसद के तौर पर कार्यकाल पूर्ण होने तक उनका इस बंगले पर रहने का अधिकार बनता ही है. दरअसल, राघव चड्ढा को राज्यसभा सांसद बनने के बाद दिल्ली के पंडारा रोड पर टाइप-7 का बंगला आवंटित हो गया था, लेकिन बाद में पता चला कि पहली बार सांसद बने राघव चड्ढा इसके लिए अधिकृत नहीं थे. नियम के तहत पहली बार सांसद बनने वाले नेताओं को सरकारी फ्लैट आवंटित किया जाता है. अपनी भूल सामने आने के बाद राज्यसभा सचिवालय ने बंगला खाली कराने के लिए नोटिस दिया था, जिसे राघव चड्ढा ने चुनौती दी और कहा कि बतौर सांसद उन्हें एक बार निवास आवंटित हो गया है तो सांसद रहते हुए उसे खाली नहीं करवाया जा सकता. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता बतौर राज्यसभा सांसद अपने पूरे कार्यकाल में बंगले में रहने का अधिकार नहीं जता सकते. अगर उसका आवंटन खारिज हो जाता है, तो उन्हें उसे खाली करना होगा. राज्यसभा सचिवालय के वकील ने कहा कि दलील देते हुए कहा था कि राज्यसभा सांसद होने के नाते राघव चड्ढा को टाइप 6 बंगला आवंटित करने का अधिकार है, न कि टाइप 7 बंगला.

पटियाला हाउस कोर्ट में राघव चड्ढा को बंगला खाली करने के मामले में लगाई अंतरिम रोक को हटाया. पटियाला हाउस कोर्ट ने राज्यसभा सचिवालय के बंगला खाली करने के नोटिस को सही ठहराया है. पटियाला हाउस कोर्ट ने कहा राघव चड्ढा के पास टाइप 7 बंगले पर कब्जा जारी रखने का कोई निहित अधिकार नहीं है क्योंकि यह केवल एक सांसद के रूप में उन्हें दिया गया विशेषाधिकार था.

अर्थशास्त्र में अनुसंधान विचार विधि एवं दृष्टिकोण विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ । नवयुग कन्या महाविद्यालय, में अर्थशास्त्र विभाग एवं अनुसंधान और विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में "अर्थशास्त्र में अनुसंधान : विचार, विधि एवं दृष्टिकोण" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती को पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ।डॉ प्रतिमा घोष ने अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम को गति प्रदान कीइस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप मे डॉ योगेश बंधु स्टेट कॉर्डिनेटर, वर्ल्ड बैंक तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ कविता बलियान, गिरि इंस्टीट्यूट ऑफ डवलपमेंट स्टडीज, लखनऊ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० मंजुला उपाध्याय द्वारा की गयी ` प्राचार्या एवं डॉ शर्मिता नंदी अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा द्वारा अतिथियों को स्मृति चिह्न और पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया` विशिष्ट वक्ता डॉ कविता बलियान ने अनुसंधान के महत्व एवं भूमिका पर प्रकाश डाला` उन्होंने बताया कि अच्छे अनुसंधान के लिए समाज की रचना, आर्थिक एवं राजनीतिक दशाओं, इतिहास तथा साहित्य का अध्ययन आवश्यक है ` आकंड़ों के संकलन, व्यवस्थापन एवं विश्लेषण में उपयुक्त अनुसंधान पद्धतियों का चयन कर परिकल्पना को किस प्रकार सत्यापित किया जाता है` मुख्य वक्ता डॉ योगेश बंधु ने अर्थशास्त्र में अनुसंधान की समाज में उपयोगिता के बारें में विस्तार से बताया कि कैसे रोज की जिंदगी में अर्थशास्त्र काम करता है जब हमें कोई चीज अच्छी है या बुरी लगती है, अच्छे या बुरा होने की वही बजह अनुसंधान का विषय बनती है जिसके कारण समाज में सर्विस उत्पन्न होती हैं ` प्राचार्या ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्राओं को नयी शिक्षा नीति के तहत अनुसंधान का महत्व समझाया ` उन्होंने बताया कि छात्राओं को अपनी रुचि अनुसार समस्या का चयन कर छोटे- छोटे अनुसंधान करना चाहिऐ सरकारी योजनाओं पर अनुसंधान करने के लिए छात्राओं को प्रोत्साहित किया`

डॉ श्वेता उपाध्याय धर ने कार्यक्रम का संचालन किया ` धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ शर्मिता नंदी ने किया ` अर्थशास्त्र विभाग की वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ नीतू सिंह और डॉ अन्जुला कुमारी ने इस कार्यक्रम में सहयोग किया ` अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ की कॉर्डिनेटर प्रो.अर्चना सिन्हा एवं सदस्य प्रो. सुषमा त्रिवेदी,प्रो. राशिदा खातून प्रो. निशि गुप्ता डॉ अर्पणा राय उपस्थित रही `महाविद्यालय की समस्त सम्मानित प्रवक्ताओं ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढायी` बी.ए., बी .एससी एव. बी. काम संकाय से छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

भारत ने हॉकी में भी लहराया परचम, 22वां गोल्ड आया, पहली बार 100 मेडल पक्के

नई दिल्ली. भारतीय खिलाड़ी चीन में चल रहे एशियन गेम्स में रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन कर रहे हैं. जब दूसरे खेल में एक के बाद एक मेडल आ रहे हैं तो भारतीय हॉकी टीम क्यों पीछे रहती. भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियन गेम्स के 13वें दिन शुक्रवार को गोल्ड मेडल जीत लिया. यह गेम्स में भारत का 22वां गोल्ड मेडल है. भारत के अब कुल 95 मेडल हो गए हैं. जल्दी ही भारत 100 मेडल की संख्या पार कर सकता है.

भारत के लिए शुक्रवार की सुबह एक हद तक निराश करने वाली रही. देश के शीर्ष शटलर एचएस प्रणय मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में अपने चीनी प्रतिद्वंद्वी से सीधे गेम में मुकाबला हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा. आर्चरी में महिला रिकर्व टीम ने भी ब्रॉन्ज जीता. रेसलर बजरंग पूनिया भी अपना मुकाबला हार गए. मेडल टेली में भारत शतक की ओर बढ़ रहा है. भारत ने एशियाई खेलों में अब तक 22 गोल्ड, 34 सिल्वर और 39 ब्रॉन्ज के साथ कुल 95 मेडल जीत चुका है. जबकि 9 मेडल पक्के हैं. यानी पहली बार भारत के 100 मेडल गेम्स आ रहे हैं.

भारत ने हॉकी का गोल्ड मेडल जीतने से पहले पुरुष ब्रिज टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता. इससे पहले अमन सेहरावत ने पुरुषों की 57 किग्रा फ्रीस्टाइल कुश्ती में कांस्य पदक जीता. महिला कुश्ती में सोनम मलिक (62 किग्रा) और किरन बिश्नोई (76 किग्रा) ने भी ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए. इससे पहले बैडमिंटन में एचएस को सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा. चीन के ली शिफेंग ने प्रणय को 21-16 और 21-9 से शिकस्त दी. रेसलर बजरंग पूनिया भी सेमीफाइनल में हार गए. बजरंग को ईरान के रेसलर ने 1-8 से हराया.

क्रिकेट में भारतीय पुरुष टीम ने बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बना ली है. इस मैच में तिलक वर्मा ने बेहतरीन अर्धशतक जमाया. महिला टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर सेपक टकरा में भी मेडल सुनिश्चित कर लिया है.

सरकारी शिक्षकों को कोचिंग चलाने पर प्रतिबन्ध हैं ,

.....तो फिर सरकारी डॉक्टर को निजी क्लीनिक चलाने पर प्रतिबंध क्यों नहीं ?

करोड़ों रुपएं की एमडीएम घोटाले का निष्पक्ष जांच कराया जाय तो सरकार को पैरों तले जमीन घिसक जाएंगे ।

और तो और हेडमास्टरों के साथ साथ बिहार के शिक्षा विभाग के काली करतूतों का भी पोल खुल जायेंगे

समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र, ब्यूरोचीफ, बिहार झारखंड। बिहार राज्य के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के तरह ,काश स्वास्थ्य विभाग में भी ऐसे अधिकारी होते तो स्वास्थ्य विभाग का दयनीय हालत इस तरह नही होती और उदेश्यों से भटक चुकें सरकारी डॉक्टरों द्वारा लूटने से गरीब बच जाते और उन्ही डॉक्टरों से गरीबो को सही और समुचित इलाज मिल पाता ।

पत्रकारों का सर्वेक्षण बताते हैं कि बिहार प्रदेश में शिक्षक और चिकित्सक ,अपने -अपने कर्तव्य बोध को समझ ले ,तो शिक्षा और चिकित्सा के माध्यम से पूरे समाज में अमूल चूल परिवर्तन लाया जा सकता है, जब शिक्षा और चिकित्सा सुधर जाएंगे तो हमारा यह समाज पूर्णतः स्वस्थ्य व स्वच्छ बन जाएगा और शिक्षा एवं चिकित्सा पर अनावश्यक रूप से होने वाले खर्चे से मध्यम वर्गीय परिवार बच जाएंगे,जो मध्यम वर्गीय परिवार के दयनीय हालत में परिवर्तन ला सकेगा है

बताते चले कि बिहार राज्य के शिक्षा विभाग में के.के पाठक ने एक के बाद एक, नया आदेश लागू कर शिक्षा विभाग में तहलका मचा दिया।फलस्वरूप शिक्षकगण घर बैठे वेतन उठाने /पाने की जगह स्कूल जाना मुनासिब समझ रहे हैं, क्योंकि उनके कोचिंग सेंटर की आय सरकारी वेतन के सामने फीके पड़ जा रहे हैं । सरकारी वेतन के सामने सरकारी शिक्षकों द्वरा कोचिंग सेंटर संचलन ,दाल -भात पर चटनी का बोध कर दिया है ! अंततः शिक्षक भी अपने दायित्व को निभाना मुनासिब समझ रहे है। ठीक इसी तरह बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग एवम संबंधित जिला स्तरीय मंत्री जी तथा जिला पदाधिकारी महोदय भी शिक्षा विभाग के अपर सचिव के. के .पाठक के पद चिन्हों पर चल पड़ते तो 90% सरकारी डॉक्टर से गरीबो को समुचित इलाज मिल जाता और विशेष परिस्थितियों में 10% अच्छे डाक्टर के पास गरीबो को इलाज के लिए जाना पड़ता ,इससे आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी खजाने की लुट रुक जाता और देश का आर्थिक ढ़ाचे भी मजबूत होते। वही डाक्टरो द्वारा गरीबों को रेफर की परिपाटी भी थम जाता और गरीब हमेशा रेफर की परिपाटी से भी बच जाते ।

जनता की दबी-जुबान बताते हैं कि जो शिक्षक बगैर स्कूल जाए, अपना महीना का सैलरी बड़ी आसानी से उठा लिया करते थे,आज वही शिक्षक स्कूल के लिए निर्धारित समय सीमा से 10 मिनट पहले स्कूल पहुंच जाते हैं।

सूत्रों की बात मान लि जाए तो बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक द्वारा सरकारी विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक को कोचिंग चलाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है,साथ ही निजी कोचिंग संचालको को सरकारी विद्यालय अवधि में कोचिंग नही चलाने का निर्देश दिया गया है ।

तो फिर सरकारी हॉस्पिटल के डॉक्टर को निजी क्लीनिक चलाने पर प्रतिबंध क्यों नहीं हैं?

क्या बिहार राज्य के तमाम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी किसी बड़े मंत्री की दबाव में काम करते हैं या फिर जिले में बैठे स्वास्थ्य अधिकारी मोटी रकम लेकर अपना अपना अधिकार को भी खो दिए है।

शिक्षक और चिकित्सक अपने अपने कर्तव्य बोध समझ ले तो शिक्षा और चिकित्सा के माध्यम से पूरे समाज में आमूल चूल परिवर्तन लाया जा सकता है, जब शिक्षा और चिकित्सा सुधर जाएंगे तो हमारा यह समाज पूर्णतः स्वच्छ बन जाएगा।

सूत्रो के माने तो आज भी सारे विद्यालय में फर्जी एडमिशन हेड हेडमास्टरों द्वारा किया गया है जो चिंता का विषय है निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन से

हेडमास्टरों के साथ -साथ शिक्षक को भी बले- बले रहता है । वहीं एमडीएम से बचने वाला पैसों को बंदर बांट भी किया जाता है ! और तो और निजी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों का सरकारी विद्यालय में एडमिशन से बच्चों की संख्या सरकारी विद्यालय में अधिक हो जाती है और बच्चो की संख्या शिक्षकों के अपेक्षा कम हो जाती है ।

मामले की निष्पक्ष जांच कराया जाय तो सरकार के पैरों तले जमीन घिसक जाएगी और तो और बच्चों की अपेक्षा शिक्षकों की कमी भी दूर हो जाएगा और हेडमास्टरों के साथ साथ बिहार के शिक्षा विभाग का काली करतूतों का भी पोल खुल जाएगा।

सरकारी शिक्षकों को कोचिंग चलने पर प्रतिबन्ध हैं , तो फिर सरकारी डॉक्टर को निजी क्लीनिक चलाने पर प्रतिबंध क्यों नहीं ?

सर्वेक्षण बताता है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा जिला प्रशासन की इच्छा सक्ति के अभाव में बिहार सरकार के तमाम नीतियां विफल साबित होते आ रहे हैं और मुख्यमंत्री के द्वारा जनहित एवम राज्यहित में कठोर निर्णय एवं संघर्ष के बाद भी जनता के बीच मुख्यमंत्री का फैलते बदनामी ,अच्छे मुख्यमंत्री को भी पराजित करते जा रहे है। जैसे, शिक्षा विभाग में सुधार के लिए शिक्षा विभाग के अपर सचिव के. के .पाठक के द्वारा उठाये गये कदम , जहां बिहार सरकार को मजबूती प्रदान कर रही है। वहीं शराब बंदी कानून की विफलता तथा कानून की आड़ में पुलिस द्वरा दमन की करवाई ,सरकार की पतन का कारण बनते जा रहें हैं । वहीं विजली विभाग के अधकारियों का दमन की कार्रवाई,बिहार सरकार के प्रति नफड़त फैला रहे है जो बिहार सरकार के पतन की कारण बनते जा रहा हैं! आखिर अकेले मुख्यमंत्री कर भी क्या सकते हैं ! फिर भी आँख मूंद कर सरकार को प्रसासनिक अधिकारियों पर विश्वास करना, बिहार- सरकार के लिए हार का कारण बन सकता है।

एटा में फूड प्रोसेसिंग तो संडीला में प्लाईवुड परियोजना के लिए भूमि आवंटित

यूपीसीडा ने ई नीलामी के माध्यम से विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित किए 68 भूखंड

लखनऊ, 6 अक्टूबर। प्रदेश में औद्योगिक विस्तार के लिए प्रयासरत योगी सरकार विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंडों की ई नीलामी को रफ्तार दे रही है। के साथ एमओयू हुआ है उन्हें भी प्लॉट्स आवंटित हुए हैं। इसके तहत एटा में फूड प्रोसेसिंग परियोजना के अंतर्गत तथा संडीला में प्लाईवुड परियोजना के अंतर्गत भूमि आवंटित हुई है। प्राधिकरण ने इस

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा अपने औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार प्लाट्स का ई-ऑक्शन किया जा रहा है। 05 अक्टूबर को ई-नीलामी के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओ के लिए 68 भूखण्डों का आवंटन किया गया। इनमें जिन औद्योगिक समूहों कड़ी में मथुरा, अलीगढ़, अमेठी, गौतमबुद्ध नगर, वाराणसी, कानपुर, शाहजहाँपुर, हरदोई एवं चन्दौली जनपदों के औद्योगिक क्षेत्रों के भूखण्डों के आवंटन हेतु आवेदन मांगे थे। प्राधिकरण के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि ई नीलामी में पूरी पारदर्शिता के साथ लगातार भूखंडों का आवंटन हो रहा है।

गुरुद्वारा श्री नाडा साहब 10 पातशाही को पार्किंग के लिए लगभग साढ़े चार एकड़ जमीन देने पर अकाली दल हरियाणा ने किया मुख्यमंत्री का धन्यवाद

नाडा साहब गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं को वाहन पार्किंग में नहीं आएगी अब दिक्कत- मलविंदर सिंह बेदी

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़

चण्डीगढ़, अक्टूबरः शिरोमणि अकाली दल हरियाणा के जिलाध्यक्ष मलविंदर सिंह बेदी ने गुरुद्वारा श्री नाडा साहब पातशाही दसवीं पंचकूला को पार्किंग के लिए करीबन साढ़े चार एकड़ जमीन पार्किंग के लिए दिए जाने पर हरियाणा सरकार व मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर धन्यवाद किया । अपने धन्यवाद प्रस्ताव में बेदी ने बताया कि जब हरियाणा में भाजपा सरकार बनी थी तो करीबन 8 साल पहले हमने गुरुद्वारा साहब में श्री मनोहर लाल खट्टर जी के आने पर उनसे आग्रह किया था कि हमें जो गुरुद्वारा के साथ लगती खाली पड़ी जमीन है पार्किंग के लिए दी जाए इस पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री ने कल यह जमीन गुरुद्वारा साहब को दे दी इससे गुरुद्वारा साहब में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पार्किंग की भविष्य में दिक्कत नहीं आएगी बेदी ने विधानसभा अध्यक्ष व पंचकूला विधायक श्री ज्ञानचंद गुप्ता जी का भी विशेष तौर पर धन्यवाद किया हरियाणा गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने कल रात ही इस जमीन पर काम लगाकर पार्किंग व्यवस्था शुरू कर दी थी।

बेदी ने इस मौके पर हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के नवनियुक्त प्रधान जत्थेदार भूपेंद्र सिंह असंध वह नवनियुक्त जनरल सेक्रेटरी रमनीक मान का भी विशेष तौर पर धन्यवाद किया इस मौके पर सुखदेव सिंह, भूपेंद्र सिंह जगजीत सिंह, लखविंदर सिंह, दलजीत सिंह, इंद्रपाल सिंह व अन्य मौजूद रहे।

आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक

साइज 3X5 Cm

भाजपा में चल रही है बदलाव की बयार

दैनिक समाज जागरण

कभी चाल, चरित्र व चेहरा की बात करने वाली भाजपा में अब बड़े बदलाव की बयार चल रही है। इन दिनो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नई भाजपा बन रही है। पार्टी के सभी पुराने छत्रपों को एक-एक कर किनारे लगाया जा रहा है। प्रदेशों में भाजपा के बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर कर घर बैठा दिया गया है। जो थोड़े बहुत पुराने नेता अभी सक्रिय है उनको भी अगले लोकसभा चुनाव तक राजनीति से आउट कर दिया जाएगा।

2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार देश के प्रधानमंत्री बने थे। तब पार्टी में बड़ी संख्या में बुजुर्ग नेताओं का दबदबा कायम था। लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुषमा स्वराज जैसे बड़े नेताओं की पार्टी में तूती बोलती थी। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे पहले लाल कृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे बड़े नेताओं को सक्रिय राजनीति से दूर किया गया था। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में भी बड़ी संख्या में पुराने नेताओं के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए लोगों को आगे लाया गया था। कई प्रदेशों के विधानसभा चुनाव में भी वर्षों से जमे वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर नए लोगों को मुख्यमंत्री बनाया गया। अब ऐसा लगता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा पूरी तरह से बदल जाएगी। पार्टी नेतृत्व में ऐसे लोगों की बहुलता होगी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना नेता मानते हैं।

कभी भाजपा में संगठन का बहुत महत्व होता था। संगठन से जुड़े लोगों को ही राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलता था। मगर अब स्थिति उसके एकदम उलट हो गई है। आज पार्टी में संगठन का महत्व पहले की तुलना में कम हो गया है। भाजपा का अब एक ही ध्येय रह गया है की जिताऊ प्रत्याशी को मैदान में उतार जाए। दूसरे दलों से आने वालों को पार्टी में महत्व मिल रहा है। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ता खुद को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं।

देश के पूर्वोत्तर में स्थित असम, त्रिपुरा, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री के पदों पर पार्टी ने दूसरे दलों से आए नेताओं को बैठा रखा है। हालांकि राजनीति के बदलते दौर में सभी दलों की यही स्थिति है। मगर भाजपा में ऐसा खेल कुछ ज्यादा ही चल रहा है। पंजाब में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुनील कुमार जाखड़ को तुरंत ही प्रदेश अध्यक्ष बना दिया गया है। वही झारखंड में बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता बना दिया गया है। हालांकि बाबूलाल मरांडी मूलतः भाजपा से ही जुड़े रहे थे। मगर पिछले कई वर्षों से वह भाजपा विरोध की राजनीति करते थे। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में है। पहले कांग्रेस फिर तृणमूल कांग्रेस की राजनीति करने वाले शुधेंदु अधिकारी वहां पार्टी के मुख्य चेहरे व विधायक दल के नेता है।

कर्नाटक में भाजपा ने कांग्रेस व जनता दल एस की राजनीतिक कर चुके बसवराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाया था। जिनके शासन में वहां भ्रष्टाचार के पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कर्नाटक में भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार सहित कई वरिष्ठ नेताओं के टिकट काटे थे। जिससे नाराज होकर कई नेताओं ने पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा। फलस्वरुप भाजपा को वहां अपनी सरकार तो गवानी ही पड़ी साथ ही पार्टी विधानसभा में 66 सीटों पर सिमट कर रह गई। कर्नाटक में पहले बीएस येदयुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा की सरकार चल रही थी। मगर उन्हें हटाकर दूसरे दल से आए बस-ावराज बोम्मई को मुख्यमंत्री बनाने का खामियाजा भाजपा को सत्ता गवां कर चुकाना पड़ा। आज कर्नाटक में भाजपा हासिये पर पहुंच गई है।

इसी तरह महाराष्ट्र में शिवसेना को सत्ता से हटाने के लिए भाजपा ने जो हथकंडे अपनाये हैं उसका खामियाजा उन्हें आगे आने वाले चुनाव में उठाना पड़ेगा। महाराष्ट्र में शिवसेना को तोड़कर भाजपा ने सरकार तो बना ली मगर वहां मुख्यमंत्री शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे को बनाकर अपने ही पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को तगड़ा झटका दिया है। फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे फडणवीस को उपमुख्यमंत्री बनाकर पार्टी ने उनका कद कम कर दिया है। रही सही कसर वहां अजीत पवार को भी गठबंधन में शामिल करने से पूरी हो गई है। भाजपा के जो विधायक मंत्री बनने का सपना देख रहे थे। गठबंधन बनने से अब उनका सपना कभी पूरा नहीं होगा। अगले लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा कर्नाटक की तरह महाराष्ट्र में भी बहुत कमजोर हो जाएगी।

कांग्रेस से भाजपा में आए असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व शर्मा अपनी आक्रामक शैली को लेकर भाजपा नेताओं के बहुत प्रिय हो रहे हैं। मगर जिस तरह से वह भाजपा का कांग्रेसीकरण कर रहे हैं। उससे असम भाजपा के पुराने नेताओं में गहरी नाराजगी व्याप्त हो रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन ने नगांव लोकसभा क्षेत्र के पि-रसीमन के विरोध में असम खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। जिसका उन्होंने चार बार प्रतिनिधित्व किया है। असम भाजपा में पुराने नेताओं और हाल ही में दूसरी राजनीतिक पार्टियों से शामिल हुए नेताओं के बीच खींचतान तेज हो गई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेन गोहेन, असम भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य, पूर्व विधायक अशोक सरमा, मोरीगांव के विधायक रमाकांत देवरी ने भाजपा छोड़ने की धमकी दी है। राज्य में पार्टी के नए और पुराने कार्यकताओं के बीच मतभेद के कारण असम भाजपा एक गंभीर संकट का सामना कर रही है। काफी दिनों से भाजपा के पुराने कार्यकर्ता और पार्टी के वफादार आरोप लगाते रहे हैं कि नए कार्यकर्ता और जो अन्य दल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। वे पार्टी पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं और पुराने कार्यकताओं को उचित सम्मान नहीं दे रहे हैं।

मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, कैलाश मेघवाल, देवीसिंह भाटी, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री विप्लव कुमार देव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व स-ांसद मेनका गांधी, महाराष्ट्र में पंकजा मुंडे, हरियाणा में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह, दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल जैसे कई प्रभावशाली नेता पार्टी में लगातार हो रही अपने उपेक्षा से नाराज है। मध्य प्रदेश में उमा भारती ने तो खुलेआम ऐलान कर दिया है कि वह अभी राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय रहेगी तथा अगला चुनाव भी लड़ेगी। उमा भारती तो यहां तक बोल गई कि किसी में हिम्मत नहीं है जो उसे अगला चुनाव लड़ने से रोक सके।

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में वसुंधरा राजे भी अपने अपेक्षा से नाराज नजर आ रही है। उनके कट्टर समर्थक कैलाश मेघवाल को पार्टी ने निलंबित कर दिया है। उनके समर्थक विधायकों को भी अपना टिकट कटने की संभावना लग रही है। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने पिछले दिनों बयान देकर अपनी उपेक्षा करने पर नाराजगी जाहिर की थी। मेनका गांधी के सांसद पुत्र वरुण गांधी अक्सर पार्टी लाइन से हटकर बयान बाजी करते रहते हैं। भाजपा में वरिष्ठ नेताओं को जिस गति से किनारे लगाया जा रहा है। उसे लगता है आने वाले समय में सभी वरिष्ठ नेता सक्रिय राजनीति से दूर कर दिए जाएंगे।

आलेखः- रमेश सर्राफ धमोरा

भारत के सख्ती से जमीन पर आए कनाडाई पीएम ट्रूडो

दैनिक समाज जागरण

भारत के कठोर रवैये को देख कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अब आसमान से जमीन पर आ गए हैं। जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत के साथ विवाद नहीं बढ़ाना चाहता । वह नई दिल्ली के साथ जिम्मेदारीपूर्वक और रचनात्मक तरीके से जुड़ा रहना चाहता है। ट्रूडो ने कहा कि हम कनाडा के परिवारों की मदद के लिए भारत में मौजूदगी चाहते हैं। इससे पहले भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को देश छोड़ने को कहा है कनाडा के भारत में 62 राजनयिक मौजूद हैं। भारत ने कहा है कि कनाडा के राजनयिकों की कुल संख्या 41 तक कम की जानी चाहिए। भारत ने स्पष्ट कहा है कि दस अक्तूबर के बाद भी अगर ये राजनयिक भारत में रहते हैं तो इनकी राजनयिक छूट भी खत्म कर दी जाएगी।

दरअस्ल कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत पर आरोप तो लगा गए , पर आरोप लगाते उम्मीद नही होगी कि भारत इसे इतनी गंभीरता से लेगा।जस्टिन ट्रूडो ने बिना कोई सबूत के भारत की खुफिया एजेंसी पर कनाडा में ऑपरेशन करने का आरोप लगाने से भारत गुस्से में है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं सस्पेंड कर दीं।भारत ने कनाडा में रहने वाले भारतीय नागा-रकों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है।यह भी सूचना है कि भारत कनेड़ा स्थित दूतावास में अपने कर्मचारी कम करने जा रहा है। इस पूरे विवाद के पीछे खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या है। कनाड़ा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का आरोप है कि हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में कनेडा में तैनात रहे एक भारतीय राजनयिक का हाथ है।भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरंदिम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे डिप्लोमैटिक यूनिट को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज सस्पेंड की गई हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा- हमें काफी समय से पता है कि पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।हमने कनाडा को बता दिया है कि भारत को भगोड़े अपराधियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत भारत लाया जाएगा और इंटरनेशनल लॉ के तहत यह मेंडेटरी है।

दूसरी तरफ बुधवार को खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी थी। इस पर कनाडाई हिंदुओं ने जस्टिन ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखी है। चिट्ठी में पन्नू के बयानों पर चिंता जताई गई है और उसे हेट क्राइम घोषित करने की अपील की गई है।कनाडाई हिंदू संगठन 'हिंदू फोरम कनाडा' ने मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी डोमिनिक लेब्लेन को ये खत लिखा। हिंदू संगठन ने अपने पत्र में कहा- पन्नू ने अपनी और अपने खालिस्तानी सहयोगियों के विचारों को स्पष्ट रूप से रखा है। वे ऐसे लोगों को टारगेट करना चाहते हैं, जो उनकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। कनाडा सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।खत में ये भी पूछा गया है कि क्या पन्नू के इस बयान को अभी भी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा- कनाडा में रहने वाले भारतीय मूल के सिखों की बड़ी आबादी इस हत्या को लेकर गुस्से से भरी है। कई सिख अपनी सुरक्षा को लेकर डर में हैं। देश में करीब 18 लाख भारतीय मूल के नागरिक हैं, जिनमें से कई सिख हैं। कनाडा की विपक्षी पार्टी न्यू डेमोक्रटिक

पार्टी के लीडर जगमीत सिंह सिख समुदाय से हैं।

उधर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के सभी आरोप बेतुके हैं। इसी तरह के आरोप कनाडाई प्रधानमंत्री ने हमारे प्रधानमंत्री मोदी के सामने भी रखे थे और उन्हें पूरी तरह से खारिज कर दिया गया था।इस तरह के निराधार आरोप खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की कोशिश है। इन्हें कनाडा में पनाह दी गई है और ये भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा हैं।

कनाडा के भारतवंशियों का कहना है कि ट्रूडो का आरोप हास्यास्पद है। एक साल के दौरान कनाडा में भारत विरोधी 15 घटनाएं हो चुकी हैं। इनमें नौ सभाएं, खालिस्तान के समर्थन में दो जनमत संग्रह और चार मंदिरों पर हमले शामिल हैं। ट्रूडो सरकार ने एक भी मामले में कोई गिरफ्तारी को अंजाम नहीं दिया है।

ब्रैम्पटन के अक्षय गर्ग और ओंटारियो में इटोबिकोक के अश्विनी शर्मा का कहना है कि यहां पर भारत विरोधी घटनाओं के बाकायदा वीडियो पुलिस को सौंपे जाते हैं, लेकिन पुलिस को कोई आरोपी नहीं मिलता। कोई कार्रवाई नहीं की जाती है, लेकिन खालिस्तानी निज्जर की हत्या के तीन महीने के भीतर ही कनाडा को बड़े सुराग हासिल हो गए... ये कैसे हुआ।

उधर एनआईए ने 40 आतंकियों की लिस्ट जारी की थी, उसमें भी निज्जर का नाम था। ब्रैंपटन शहर में खालिस्तान के हक में रेफरेंडम करवाने में भी उस-की भूमिका थी। निज्जर के खिलाफ पुलिस ने 23 जनवरी, 2015 को एक लुकआउट नोटिस और 14 मार्च, 2016 को एक रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था।इसमें उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई थी। निज्जर के खिलाफ 10 लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था।कनाडा में रहते हुए निज्जर प्रतिबंधित खालिस्तान समर्थक संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू के करीब आया। पन्नू और निज्जर की निकटता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि निज्जर की हत्या के बाद से ही पन्नू तिलमिलाया हुआ है और कनाडा में भारत के खिलाफ और खालिस्तान के समर्थन में जनमत संग्रह करवाने का दावा कर रहा है।

कनाडा और भारत के तनाव के बीच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 11 गैंगस्टरों-आतंकियों की फोटो समेत लिस्ट जारी की है। जो भारत में क्राइम करने के बाद कनाडा में शरण ले रहे हैं। इस लिस्ट में पहला नाम पंजाब के शहूर सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या करवाने वाले गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का है। इसके बाद दूसरे नंबर पर जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई है। इसके अलावा ठक्अ ने अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला, दरमन सिंह काहलों, लखबीर सिंह, दिनेश शर्मा उर्फ गांधी, नीरज उर्फ पंडित, गुरपिंदर, सुखदूल, गौरव पटियाल उर्फ सौरभ गैंगस्टर दलेर सिंह के फोटो जारी किए हैं। खालिस्तान टाइगर फोर्स का कमांडर हरदीप सिंह निज्जर, की 18 जून को रात 8.30 बजे कनाडा में हत्या कर दी गई। सरे शहर में एक गुरुद्वारे के बाहर बाइक से आए दो लोगों ने उसे गोली मार दी। छह मई को इसी तरह पाकिस्तान में खालिस्तान समर्थक परमजीत सिंह पंजवड़ को गोली मारी गई थी।दोनों की हत्या क्यों की गई, इसकी जांच चल रही है, लेकिन निज्जर के मामले पर नजर रख रही खुफिया एजेंसियों को शक है कि खालिस्तान समर्थक संगठन आपस में भिड़ रहे हैं। ये हत्याएं इसी का नतीजा है।

कनाडा को दूसरे पंजाब की संज्ञा दी जा सकती है।कनाडा में अपने नागरिकों के बाद सबसे ज्यादा संख्या वहां पर पंजाबियों की है। वैसे भी पंजाबी दूसरे देशों में जाने की बजाय ज्यादातर कनाडा में जाना ही पसंद करते हैं। यही वजह है कि हर साल पंजाब से 50 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं स्टडी वीजा पर विदेश जाते हैं इनमें से 85 से लेकर 90 प्रतिशत सिर्फ कनाडा का वीजा लेते हैं।कनाडा में इस वक्त 1.60 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स पंजाब से वहां पर स्टडी वीजा में पढ़ने के लिए गए हुए हैं। इसके अलावा बहुत सारे लोग 10 साल का वीजा लगवा कर पर वहां पर काम कर रहे हैं। हजारों लोग पंजाब से पीआर पर या फिर वर्क वीजा लेकर वहां पर डॉलर कमाने जाते हैं। भारत-कनाडा के बीच चल रहे विवाद के कारण इन सभी लोगों और इनके परि-वारों में डर बना हुआ है कि तनातनी से उनका नुकसान हो सकता है।

भारत सरकार ने पिछले पांच साल में कनाडा से खालिस्तानी समर्थक और आपराधिक गतिविधियों से जुड़े लोगों के प्रत्यर्पण के लिए 26 बार अपील की, लेकिन ट्रूडो सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया और सकारात्मक जवाब नहीं दिया।सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि भारत में जघन्य अपराध में वॉन्टेड 13 आतंकवादी और अपराधी इस वक्त कनाडा में घूम रहे हैं। इसमें संदीप सिंह उर्फ सनी भी है। यह कनाडा बॉर्डर स-र्विसेज एजेंसी में सुपरिनटैंडैंट के पद पर काम कर रहा है।खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला का राइट हैंड पंजाबी गैंगस्टर सुक्खा दुन्नेके का नाम भी शामिल है, इसकी गुरुवार को हत्या कर दी गई। इस पर 30 से ज्यादा मामले दर्ज थे। फिर भी ट्रूडो सरकार ने उन्हें भारत भेजने से मना कर दिया था।

भारत ने यह सख्त उठाया है तो अब उसे और भी सख्ती के साथ मांग करनी चाहिए कि हमारे अपराधी हमें सौंपे जाए।यह ही नही , अपितु पाकिस्तान की तरह कनाडा को भी संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अन्य मंच पर उसकी सच्चाई बतानी चाहिए। मांग की जानी चाहिए कि ये भारत के अपराधी हैं।इन्हें तुरंत भारत को सौंपा जाना चाि-हए। भारत को कनेडा के लोगों के लिए बीजा सुविधा तब तक कैंसिल रखनी चाहिए, जब तक की समस्या का हल न निकले। भारत के अपराधी भारत को न सौंपें जांए। उधार कनाडा मे भारत विरोधी गतिविधि में शामिल भारतीयों की पहचान कर उनके आ-ईओसी कार्ड निरस्त किए जाने चाहिंए। इनकी भारत की संपत्ति भी जब्त की जानी चाहिए।



अशोक मधुप

बालेश्वर चाचा

मेरे गांव में एक बूढ़े चाचा रहते हैं
अस्सी के होगें पर मेहनत,अभी भी करते हैं।
मुंह में नही है दांत , गाल भी धसें हुए हैं
सफेद दाढ़ी मूंछ,बाल भी पके हुए हैं।

निरंतर करते मेहनत,ढेला खींचते हैं
लहू को बना पसीना,परिवार को सींचते है।
तड़के निकले घर से,शाम को घर को लौटते हैं
बिना काम मन नहीं लगता,पूछो तो बोलते हैं।

विषाद की नही रेखाएं,चेहरे मुस्कान खेलती है
कर्महीन जीवन व्यर्थ है,उनकी धड़कन बोलती है।
अद्वितीय हैं वो,जवानों के लिए मिशाल हैं,
जर्जर तन की हालत,अपने परिवार की वो ढाल हैं।

कौन कहता है मेहनत..उम्र की मोहताज होती है..?
यह मेहनत करने वालों के सिर का ताज होती है।
तन आड़े नही आता यदि,हौसला बुलंद हो,
पंखों से नही हौसलों से,परवाज होती है।
मैं जब भी इन्हे देखती हूं,मेरा सर श्रद्धा से झुक जाता है। चाचा आज की उन युवा पीढ़ी के लिए मिशाल हैं जो, यहां- वहां बैठ कर फिजूल में अपने जीवन के अनमोल
वक्त को बर्बाद कर रहे हैं।

बिंदु अग्रवाल

14 अक्टूबर को सूर्य ग्रहण करेगा इन राशि वालों का भाग्योदय, जीवन में शुरू होंगे सुनहरे दिन...

सामाज जागरण वाराणसी

वाराणसीः साल 2023 में लगने वाले सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण में से 2 ग्रहण लगने बाकी हैं. ये दोनों सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण अक्टूबर में महज 15 दिनों के अंदर लगेंगे. 14 अक्टूबर 2023, शनिवार को साल का दूसरा व आखिरी सूर्यग्रहण लगेगा, वहीं 29 अक्टूबर को साल का आखिरी चंद्र ग्रहण लगेगा. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार साल 2023 का सूर्य ग्रहण 5 राशि वालों के लिए बेहद शुभ रहने वाला है.

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों के लिए साल का दूसरा सूर्यग्रहण शुभ रहने वाला है. इन लोगों को करियर में उन्नति मिलेगी. रुका हुआ पैसा मिलेगा. मानसिक शांति मिलेगी. परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी. आपके काम की तारीफ हो सकती है.

सिंह राशिः सिंह राशि वालों के लिए 14 अक्टूबर को लगने वाला सूर्यग्रहण लाभ देगा. खासतौर पर व्यवसाय करने वाले जातकों को लाभ हो सकता है. शत्रु परास्त होंगे. आप परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे.

तुला राशिः तुला राशि वालों के लिए साल का आखिरी सूर्यग्रहण बेहद शुभ रहने वाला है. आपको पद, पैसा, प्रतिष्ठा सब कुछ मिलेगी. आपका समाज में कद बढ़ेगा. लोग सम्मान करेंगे. कार्यों में सफलता हासिल करेंगे. भाग्य का साथ मिलने से अटके काम भी बन जाएंगे. अचानक धन लाभ होगा. कोई बड़ी मनोकामना पूरी हो सकती है.

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों के लिए भी यह ग्रहण शुभ रहेगा. आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा. कामकाज में आपकी मेहनत रंग लाएगी, अच्छे नतीजे मिलेंगे. धन लाभ के योग बन रहे हैं. परिवार का सहयोग मिलेगा.

मकर राशिः मकर राशि वालों को सूर्य ग्रहण आय में बढ़ोतरी कराएगा. हालांकि पैसा खर्च भी होगा लेकिन आपको समस्या नहीं होगी. भाग्य का साथ मिलेगा. इस अवधि में आप भूमि, भवन या वाहन की खरीदी संबंधी योजना बना सकते हैं

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

दिव्या प्रेम सेवा मिशन हिंदवी स्वराज्य स्थापना पर विश्व के सबसे बड़े महानाट्य जाणता राजा का करेगा आयोजन

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना

लखनऊ। दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा 26 से 31 अक्टूबर 2023 तक हिंदवी स्वराज्य स्थापना के 350वें वर्ष पर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित विश्व के सबसे बड़े महानाट्य 'जाणता राजा' का आयोजन लखनऊ, उ0प्र0 के जनेश्वर मिश्र पार्क में किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों एवं 8 अक्टूबर को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन लखनऊ के एक होटल में सम्पन्न हुई ।

प्रेस वार्ता को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम जाणता राजा आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश दयाल, सेवा मिशन के संयोजक संजय चतुर्वेदी, एवं जाणता राजा आयोजन समिति के संयोजक अमरजीत मिश्र ने सम्बोधित किया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश दयाल ने महानाट्य के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जाणता राजा महानाट्य की अवधारणा के बारे में आपके साथ चर्चा करना हमारे लिए खुशी की बात है भारत, इंग्लैंड सहित दुनिया भर में 1200 से अधिक मंचन हो चुका है। 70 लाख से अधिक दर्शकों द्वारा प्रशंसित 2 लाख वर्ग फीट का चार मंजिला नाट्य मंच 250

कलाकारों की उत्कृष्ट प्रस्तुति। 20 फीट ऊँची माँ तुलजा भवानी की भव्य प्रतिमा 2 लाख वर्ग फीट की विशाल रंगभूमि, हाथी, घोड़े, ऊँट और बैलगाड़ियां, पालकी का प्रत्यक्ष प्रयोग अत्याधुनिक ध्वनि, प्रकाश व्यवस्था, शानदार आकर्षक आतिशबाजी, उत्कृष्ट संगीत से सुसज्जित जाणता राजा महानाट्य हमारे भीतर छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र को उतारते चले जाते हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है रामराज्य की कल्पना नाट्य में शुरू से लेकर अंत तक हिंदवी स्वराज का ही वर्णन है।

दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम ने कहा कि इस महानाट्य को आयोजित करने का निर्णय दो सात्विक उद्देश्यों के लिए किया गया है पहला यह कि वर्तमान युवा पीढ़ी के सामने एक ऐसे महान योद्धा के चरित्र की प्रस्तुति हो जिसे देखकर व समझकर युवा पीढ़ी अपने जीवन की दशा-दिशा तय कर सकें। अपनी संस्कृति एवं इतिहास अनेक वीरों की शौर्य गाथाओं से भरा हुआ है परन्तु समाज के एक बड़े वर्ग को इसकी जानकारी तक नही है। उन्ही वीरों में से एक हैं छत्रपति शिवाजी महाराज। दूसरा पवित्र उद्देश्य यह है कि संवेदनशील समाज को दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा कार्यों से जोड़ना इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सेवा मिशन द्वारा सवा लाख शुभचिंतक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

डॉ.आशीष गौतम ने बताया कि कार्यक्रम को सवा लाख लोगों को दिखाने का लक्ष्य रखा गया है इसके लिए लखनऊ के आस पास के 40 जिलों मे संगोष्ठी और बैठक का आयोजन किया जा चुका है।

सेवा मिशन के संयोजक संजय चतुर्वेदी ने बताया 8 अक्टूबर को जनेश्वर मिश्र पार्क में कार्यक्रम स्थल का भूमि पूजन किया जाएगा साथ ही बाबा सत्यनारायण मौर्य द्वारा भारत माता की आरती कार्यक्रम की प्रस्तुत की जाएगी जिसमें प्रमुख रूप से परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के स्वामी चिदानंद मुनि, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, लखनऊ के सभी सम्मानित विधायक विधान परिषद एवं महापौर सहित हजारों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे भूमि पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए युवाओं द्वारा जाणता राजा यात्रा लखनऊ विश्वविद्यालय के छत्रपति शिवाजी महाराज पार्क से प्रारंभ होकर महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर आएगी आयोजन समिति के संयोजक अमरजीत मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आम नागरिकों के साथ छात्रों, व्यावसायिक राजनीतिक, चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों से संपर्क किया जा रहा है।

आगामी 9 दिसंबर को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जायेगा आयोजन।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतमबुद्वनगर की अध्क्षता में दिनांक 09.12.2023 को जनपद गौतमबुद्वनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विषेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेषन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि के लिए इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे। लोक अदालत द्वारा जारी किए गए फैसले को दीवानी अदालत के डिक्री का दर्जा प्राप्त होता है। यह फैसले बाध्यकारी होते हैं और इनके खिलाफ अपील नही की जा सकती। लोक अदालत का कोई न्यायालय शुल्क नहीं है और यदि न्यायालय शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया है, तो लोक अदालत में विवाद का निपटारा होने पर राशि वापस कर दी जाती है।

आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग निरंतर एक्शन में।

आबकारी निरीक्षक ने निर्धारित मूल्य से ज्यादा मूल्य पर विक्रय करते पाये जाने पर 1 विक्रेता के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर भेजा जेल, अनुज्ञापी के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी।

गौतमबुद्धनगर 06 अक्टूबर, 2023 आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेर्शों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 3 डा० शिखा ठाकुर द्वारा छपरौली देशी शराब दुकान पर निर्धारित मूल्य से ज्यादा मूल्य पर विक्रय करते पाये जाने पर दुकान पर उपस्थित विक्रेता हरकेश पुत्र खड्ग सिंह निवासी ग्राम खाजपुर थाना लखावटी जिला बुलंदशहर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करा कर अभियुक्त को जेल भेजा गया एवं अनुज्ञापी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसी

प्रकार जनपद गौतमबुद्ध नगर की आबकारी टीम द्वारा सोरखा, सफाबाद, बरौला नंबर 2, डाबरा, दनकौर, झाझर बस अड्डा, विलासपुर स्थित कम उठान वाली देशी, विदेशी, बीयर दुकानों का निरीक्षण किया गया। दुकानों पर गोपनीय रूप से टेस्ट परचेज कराया गया। आबकारी टीम द्वारा विक्रेताओं को नियमानुसार दुकानों को संचालित करने के लिए निर्देशित किया गया एवं दुकानों पर पोस मशीन, पेटीएम, गुगल पे से ही बिक्री हो इसको भी सुनिश्चित किया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

महाकुंभ से पहले प्रयाग के द्वादश माधव मंदिरों का होगा कायाकल्प

- **योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का पूरा रोड मैप किया तैयार**
- **यूपी पर्यटन विभाग ने हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया विस्तृत प्रेजेंटेशन**
- **द्वादश माधव मंदिर की परिक्रमा से मिटते हैं जन्म-जन्मांतर के पाप**
- **मुगल और ब्रिटिश काल में द्वादश माधव मंदिरों को पहुंचाया गया भारी नुकसान**
- **आजादी के बाद भी किसी सरकार ने प्रयाग के रक्षक द्वादश माधव मंदिरों की नहीं ली थी सुध**

लखनऊ, 6 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाओं वाला राज्य है। काशी, मथुरा, अयोध्या, नैमिषारण्य, चित्रकूट, गोरखपुर, विंध्याचल और प्रयागराज दुनियाभर में फैले सनातनियों की आस्था के केंद्रबिंदु हैं। हाल के वर्षों में प्रदेश में धार्मिक पर्यटन एक बड़े सेक्टर के रूप में उभरा है। इससे प्रदेश की आय तो बढ़ ही रही है, साथ ही बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन भी हो रहा है। योगी सरकार राज्य के प्रमुख तीर्थस्थलों में मूलभूत सुविधाओं के विकास और विस्तार के कार्य में जुटी हुई है। इसी कड़ी में अब प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिरों का भी कायाकल्प होने जा रहा है।

महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों का होगा पुनरुद्धार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रयागराज के सभी माधव मंदिरों के विकास को लेकर पूरा रोड मैप तैयार कर चुका है। हाल ही में पर्यटन विभाग की ओर से इससे संबंधित प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद सीएम योगी ने आगामी महाकुंभ से पहले द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प के लिए विभाग को निर्देशित किया है। मुख्यमंत्री की मंशा है कि महाकुंभ-2025 से पहले देश-दुनिया के संतों और भक्तों को तीर्थाटन के रूप में द्वादश माधव सर्किट की सौगात मिले। इस 125 किमी लंबी आध्यात्मिक सर्किट में तीर्थ परिक्रमा के साथ ही पर्यटन की मूलभूत सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

महर्षि भारद्वाज करते थे सभी माधवों की परिक्रमा

बता दें कि भगवान माधव प्रयागराज के प्रधान देवता के रूप में पूजे जाते हैं। इनके द्वादश (बारह) स्वरूप प्रयाग में प्रतिष्ठित हैं। पौराणिक मान्यता है कि प्रयागराज में संगम की रक्षा के लिए श्रीकृष्ण ने द्वादश स्वरूप धारण किए थे। मत्स्य पुराण में लिखा है कि द्वादश माधव परिक्रमा करने वाले को सारे तीर्थों व देवी-देवताओं के दर्शन का पुण्य प्राप्त होता है। महर्षि भारद्वाज सहित अनेक ऋषि-मुनि इसकी परिक्रमा करते रहे हैं। मगर मुगल और ब्रिटिश काल में ये द्वादश मंदिर दुर्दशाग्रस्त हो गये थे। वहीं आजादी के बाद भी इन्हें लेकर सरकारों में उदासीनता ही रही। माधव मंदिरों के आसपास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। झूंसी में शंख माधव, नैनी में गदा माधव पूरी तरह से अतिक्रमण की भेंट चढ़ चुके हैं। कहीं सीधा रास्ता नहीं है तो कहीं महज दो फीट चौड़ा रास्ता ही बचा है। अब योगी सरकार ने द्वादश माधव मंदिरों के कायाकल्प का बीड़ा उठाया है।

इन सुविधाओं का किया जाएगा विकास

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मंदिरों में भव्य मुख्य द्वार निर्मित किये जाएंगे। इसके साथ ही चाहरदीवारी निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल की व्यवस्था, शू रैक, इंटरलॉकिंग और लैंडस्केप, पाथवे, सड़क और फुटपाथ, बेंच, भित्त चित्र, कूडादान, यात्री शेड, प्रकाश व्यवस्था लैंप आदि और पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पहले चरण में नौ माधव मंदिरों का कायाकल्प किया जाएगा। इसमें झूसी स्थित संकष्टहर माधव और शंख माधव, द्रौपदी घाट स्थित बिंदु माधव, चौफटका स्थित अनंत माधव, चौक स्थित मनोहर माधव, बीकर गांव स्थित पद्म माधव, छिंवकी स्थित गदा माधव और अरैल स्थित आदिवेणी माधव तथा चक्र माधव मंदिरों को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

कहां प्रतिष्ठित हैं कौन से माधव

1 : वेणीमाधव : यह प्रयाग के नगर देवता हैं। इनका मंदिर दारागंज स्थित त्रिवेणी तट पर है।
2 : अक्षयवट माधव : गंगा-यमुना के मध्य में यह विराजमान हैं।
3 : अनंत माधव : दारागंज में अनंत माधव का प्राचीन मंदिर है।
4 : असि माधव : नागवासुकी मंदिर के पास असि माधव वास करते हैं।
5 : मनोहर माधव : जानसेनगंज में मनोहर माधव का मंदिर है।
6 : बिंदु माधव : द्रौपदी घाट के पास बिंदु माधव का निवास है।
7 : श्रीआदि माधव : संगम के मध्य जल रूप में आदिमाधव विराजमान हैं।
8 : चक्र माधव : प्रयाग के अग्नि कोण में अरैल में सोमेश्वर मंदिर के निकट स्थित हैं चक्र माधव।
9 : श्रीगदा माधव : यमुना पार के क्षेत्र स्थित छिवकी रेलवे स्टेशन के पास गदा माधव का प्राचीन मंदिर है।
10 : पद्म माधव : यमुनापार के घूरपुर से आगे भीटा मार्ग पर वीकर देवरिया ग्राम में स्थित हैं पद्म माधव।
11 : संकटहर माधव : झूसी में गंगा तट पर वटवृक्ष में संकटहर माधव का वास है।
12 : शंख माधव : झूसी के छतनाग में मुंशी के बगीचे में शंख माधव की स्थली मानी जाती है।

पोर्टल पर साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा करेंगे दाल कारोबारी

दालों की जमाखोरी रोकने तथा मूल्य वृद्धि को लेकर योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

कारोबारियों का निरीक्षण एवं सत्यापन के साथ व्यापारियों का पोर्टल पर तत्काल कराया जाए रजिस्ट्रेशन

लखनऊ, 6 अक्टूबर। उत्तर प्रदेश में दालों की जमाखोरी को रोकने तथा मूल्य वृद्धि को लेकर योगी सरकार ने खाद्य एवं रसद विभाग के आला अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से घोषित संशोधित स्टॉक लिमिट को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए दाल के कारोबारियों का निरीक्षण एवं सत्यापन कराया जाए। इसके अलावा जो व्यापारी अभी तक पोर्टल पर रजिस्टर्ड नहीं है, उनका तत्काल रजिस्ट्रेशन कराया जाये। वहीं शासन की ओर से निर्देश दिया गया है कि सभी दाल के कारोबारियों से निर्धारित पोर्टल पर साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा करायी जाए।

साप्ताहिक स्टॉक की घोषणा

विभाग के अधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सरकार से मिले निर्देश में प्रदेश में कार्यरत डीलर, इम्पोर्टर, मिलर, स्टॉकिस्ट व ट्रेडर से भारत सरकार के पोर्टल"३३स्त्र://ूंल्लाङ्ग्धी.ल्लू.ल्ल/स्त्र२स्त्र पर रजिस्ट्रेशन कराते हुये उनसे साप्ताहिक (प्रत्येक शुक्रवार) स्टॉक की घोषणा कराने हेतु समय-समय पर डीएम से अनुरोध किया गया है।अद्यतन स्थिति के अनुसार केंद्र सरकार के पोर्टल पर कुल 1,878 दाल के कारोबारी पंजीकृत हैं, जिनके द्वारा समस्त दालों को मिलाकर 138442 मी0टन स्टॉक की घोषणा की गयी है, जिसमें तूर दाल का स्टॉक 24686 मी0टन, उरद दाल का स्टॉक 16376 मी0टन एवं मसूर दाल का स्टॉक 39150 मी0टन घोषित किया गया है।

जल्द रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश

दरअसल, उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर 04, अमरोहा 04, कन्नौज 05, कासगंज 06, श्रावस्ती 06, फरुर्खाबाद 07, इटावा 07, अमेठी 09, मैनपुरी 09 एवं सुल्तानपुर में 09 रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर हुए हैं। इन जनपदों में पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन जल्द कराने के निर्देश दिए हैं।

बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान में जुड़े कुल 28.85 लाख नए सदस्य

महा अभियान में कुल 69.08 करोड़ रुपए की शेयर धनराशि हुई अर्जित

19 लाख से ज्यादा लघु, सीमांत एवं बड़े कृषकों ने ली बी-पैक्स की सदस्यता

2 लाख कुशल श्रमिक, 5 लाख अकुशल श्रमिक, 2.62 लाख पशुपालक भी जुड़े

सबसे ज्यादा सदस्यता और शेयर कैपिटल एकत्र करने में शाहजहांपुर प्रथम स्थान पर

लखनऊः 6 अक्टूबर। प्रदेश में 1 से 30 सितंबर 2023 तक संचालित किए गए बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान- 2023 ने अभूतपूर्व एवं ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह महा अभियान चलाया गया, जिसमें 20 लाख लक्ष्य के सापेक्ष कुल 28.85 लाख बी-पैक्स में नए सदस्य बने तथा 69.08 करोड़ रुपए की धनराशि अर्जित की गई। योगी सरकार का मानना है कि बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान प्रदेश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने में मील का पत्थर साबित होगा। बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान की सफलता से जिला सहकारी बैंकों का कैपिटल बेस मजबूत होगा तथा ऋण वितरण में वृद्धि होगी। बी-पैक्स को भी 10 लाख तक की कैश क्रेडिट लिमिट दी जाएगी, जिससे किसानों को बी-पैक्स के माध्यम से खाद,बीज की उपलब्धता सुलभ होगी। अभियान की सफलता दशार्ती है कि सहकारी क्षेत्र में आमजन का विश्वास बढ़ा है तथा प्रदेश सरकार की वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी को प्राप्त करने में सहायक होगी।

सदस्य बनाने में शीर्ष पर रहा शाहजहांपुर

प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान बी-पैक्स में बने कुल 28.85 लाख सदस्यों में 18.77 लाख लघु एवं सीमांत कृषक (2 हेक्टेयर से कम जोत), 48,570 बड़े कृषक (2 हेक्टेयर से अधिक जोत) के साथ ही 2.01 लाख कुशल श्रमिक, 4.86 लाख अकुशल श्रमिक, 2.62 लाख पशुपालक तथा 7,633 मत्स्यपालकों ने बी-पैक्स की सदस्यता ग्रहण की। सबसे ज्यादा सदस्यता ग्रहण कराने तथा शेयर कैपिटल एकत्र करने में जनपद शाहजहांपुर प्रथम स्थान पर रहा। शाहजहांपुर में कुल 1,25,022 बी-पैक्स सदस्य बने तथा कुल 3,00,67,023 रुपए की शेयर धनराशि अर्जित हुई। शाहजहांपुर प्रति पैक्स सबसे ज्यादा औसत सदस्य (1087.15) बनाने एवं शेयर कैपिटल (261452.37) संचित करने में भी पहले स्थान पर रहा। यहां लघु एवं सीमांत कृषकों की संख्या 82,255 रही, जबकि बड़े कृषकों की संख्या 1915 रही। 8099 कुशल श्रमिक, 19,881 अकुशल श्रमिक, 1116 मत्स्य पालक, 11,704 पशुपालक सदस्य बने।

बी-पैक्स से मिलेंगे अनेक लाभ

- बी-पैक्स के माध्यम से नए कृषक सदस्यों को अन्य बैंकों से सस्ती दर पर यानी 3 प्रतिशत ब्याज पर फसली ऋण की सुविधा दी जाएगी तथा फार्म मेकेनाइजेशन के लिए दीर्घकालीन ऋण कि सुविधा 5 से 7 वर्ष के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।
- मत्स्य पालक कृषकों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से एवं पशुपालकों को नंद बाबा दुग्ध मिशन योजना से जोड़ा जाएगा तथा 3 प्रतिशत ब्याज पर केसीसी के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- अकुशल, कुशल कामगारों को ह्यलेबर क्लबह्ण बनाकर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा तथा रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इन्हें श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा।
- कृषक उत्पादक समूहों का बी-पैक्स के साथ एमओयू बनाकर निर्यात एवं स्थानीय बाजार का प्लेटफार्म भी उपलब्ध कराने की सुविधा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त जन औषधि केंद्र के रूप में सस्ती एवं गुणवत्तापरक जेनेरिक दवाएं कृषकों को उपलब्ध कराई जाएंगी।
- एआईएफ योजना में कृषक उत्पादक समूहों की प्रक्रिया इकाई की स्थापना के लिए सस्ते ऋण की सुविधा जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
- एफपीओ और पैक्स को ड्रोन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी तथा पीएम स्वनिधि योजना में स्ट्रीट वेंडर को ऋण की सुविधा जिला सहकारी बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।

सहकारी स्वयंसेवकों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

योगी सरकार बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान-2023 में अच्छा कार्य करने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहन राशि भी देगी। कम से कम 100 सदस्य बनाने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को संतोषजनक प्रमाण पत्र, प्रति पैक्स 280 से 400 सदस्य बनाने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को उत्तम प्रमाण पत्र के साथ 5000 रुपए की प्रोत्साहन राशि, प्रति पैक्स 400 से 600 सदस्य बनने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को अति उत्तम प्रमाण पत्र एवं 7500 रुपए की प्रोत्साहन राशि तथा प्रति पैक्स 600 से अधिक सदस्य बनाने वाले सहकारी स्वयंसेवकों को उत्कृष्ट प्रमाण पत्र एवं 10000 रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बाल कल्याण समिति एवं मिशन वात्सालय की समीक्षा बैठक हुई संपन्न।

बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर अधिकारी गण करें प्रभावी कार्रवाई।

एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान का जनपद में व्यापक स्तर पर किया जाए प्रचार प्रसार।

बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैंप का किया जाए आयोजन।

बालक/बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्रों तक शत प्रतिशत पहुंचाये लाभः डीएम

गौतमबुद्धनगर 06 अक्टूबर, 2023 आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर पूर्णतः अंकुश लगाने तथा प्रदेश सरकार के द्वारा बालक/बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बालक/बालिकाओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से बाल कल्याण समिति/मिशन वात्सालय एवं विभागीय योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जनपद स्तरीय बाल संरक्षण तथा किशोर/किशोरी सशक्तिकरण वार्षिक कार्य योजना में उल्लेखित विभिन्न मुद्दों यथा- अनाथ बच्चों का पुनर्वासन एवं पहचान, बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा, एक युद्ध नशे के विरूद्ध, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सखी वन स्टॉप सेन्टर योजना आदि विषयों पर गहन समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्यमंत्री बाल सेवा (सामान्य) योजनान्तर्गत चिन्हित बच्चों को योजना से लाभान्वित किये जाने पर समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। इसी क्रम में उ०प्र० रानी लक्ष्मी बाई सम्मान कोष योजनान्तर्गत लम्बित प्रकरणों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं नोडल मेडीकल ऑफीसर को निर्देशित किया गया कि प्रकरणों का निस्तारण यथाशीघ्र किया जायें। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बालक एवं बालिकाओं के उत्थान को लेकर विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका सभी अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार सुनिश्चित कराते हुये प्रत्येक पात्र बालक/बालिका तक प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र बालक/बालिका प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान को लेकर निर्देश दिए कि जनपद के प्रत्येक विद्यालय में जो प्रहरी क्लब बनाए गए हैं, उनमें नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएं और निरंतर अभियान चलाकर यह भी सुनिश्चित किया जाए की किसी भी विद्यालय से 100 गज की दूरी पर कोई भी पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटके की दुकान संचालित होती न पाया जाए, और यदि कोई भी दुकान संचालित होती पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध जुमार्ना लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके द्वारा सभी स्कूल प्रबंधकों को पत्राचार के माध्यम से अवगत करा दिया जाए कि वह भी यह सुनिश्चित कर लें कि उनके स्कूल के समीप कोई भी पान, बीड़ी, सिगरेट, गुटके की दुकान संचालित नहीं हो रही है और यदि कोई भी दुकान संचालित होती संज्ञान में आती है तो तुरंत इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए ताकि संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जा सके। जिलाधिकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा स्कूलों में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैंप का भी आयोजन कराया जाए ताकि बालिकाओं को सशक्त बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारीगण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में बाल श्रम एवं बाल भिक्षावृत्ति पर अंकुश लगाने को लेकर प्रभावी कार्रवाई

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बृहद रोजगार मेले का नोएडा में हुआ आयोजन।

हाईरैंक बिजनेस स्कूल नोएडा में आयोजित रोजगार मेले का माननीय सांसद डॉक्टर महेश शर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह ने किया शुभारंभ।

रोजगार मेले में 589 अभ्यर्थियों को किया गया चयनित।

उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में आज जिला सेवायोजन कार्यालय, गौतमबुद्धनगर द्वार हाईरैंक बिजनेस स्कूल, ए-42 सुशील मार्ग, इन्स्टीट्यूशनल एरिया सेक्टर-62 नोएडा गौतमबुद्धनगर में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। रोजगार मेले का शुभारम्भ फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर माननीय सांसद डॉ० महेश शर्मा व मुख्य विकास अधिकारी गौतमबुद्धनगर जनार्दन सिंह के द्वारा किया गया। माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा द्वारा रोजगार मेले में आये अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की

कामना करते हुए उनको केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में 28 कम्पनियो ने प्रतिभाग किया एवं 1145 अभ्यर्थियों ने अपना पंजीकरण कराया, जिसमें 589 अभ्यर्थियों को चयनित/शोर्टलिस्ट की सूची प्राप्त की गयी। उन्होंने बताया कि एम. लता गौतम, निदेशक केन्द्रीय रोजगार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

दुर्गा पूजा को लेकर हसपुरा थाना में शांति समिति की बैठक

दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार
प्रखंड संवाददाता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा थाना परिसर में दुर्गा पूजा कमिटी व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार ने किया। दशहरा पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो जिसे लेकर चर्चा किया गया। डा.देवलाल पासवान, भोला कुरैशी, लोजपा नेता विजय अकेला, कौशल शर्मा,अनील आर्य, धर्मेन्द्र कुमार लाला,मिंटू शर्मा, श्रीकांत वर्मा,दिनेश राम, सूर्यदेयाल मेहता, सुरेंद्र यादव, पिन्टू चौधरी, अभिषेक सौण्डिक, पप्पु कुमार , रंजय श्रीवास्तव सहित कई पूजा कमीटी के सदस्य, जनप्रतिनिधि व गन्यमान लोग उपस्थित थे। थानाध्यक्ष ने कहा दुर्गा पूजा का त्योहार को सभी लोग मिल जुल कर आपसी भाईचारे शांति व सौहार्द के साथ मनाएं उन्होंने कहा किसी तरह की अफवाह में न

पड़ें। पुलिस की नजर सोशल मिडिया पर है।डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध है। उन्होंने गांव में भी शांति बनाए रहे इसके लिए शांति समिति गठन कर बैठक में सौहार्द बनाने के लिए लोगों से अपील करें। जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन को पालन के लिए कहा कि पूजा कमिटी को विद्युत विभाग व अग्नि शामक विभाग से एन ओ सी लेना अनिवार्य है। वहीं पूजा स्थल पर कमिटी के सदस्यों को आई कार्ड जारी करना होगा, पूजा के लिए महिला व पुरुष को को अलग अलग व्यवस्था सहित पंडाल के समीप भक्ति गीत बजता है।

हसपुरा में मेरी माटी - मेरा देश सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार
प्रखंड संवाददाता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार)हसपुरा ब्लॉक कैम्पस स्थित सभा भवन में 47 वीं सीआरपीएफ व नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी - मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें 47 वीं सीआरपीएफ बटालियन के कमांडेंट जियाउ सिंह, असिस्टेंट कमांडेंट प्रदीप कुमार के नेतृत्त्व में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों से शहीदों के आंगन से एकत्रित मिट्टी को मिलाया गया। इस मौके पर प्रखंड स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आगत अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया उसके बाद शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि किया गया। उसके बाद स्वतंत्रता सेनानी जगलाल सिंह व गुप्तेश्वर सिंह को शॉल और माला से सम्मानित किया गया।उसके बाद शहिद बीएसएफ के जवान राम बरत सिंह के पत्नी, नायक के पुत्र अक्षय कुमार, शाहिद मुनेश्वर यादव के पुत्र अनुज कुमार को अंगवस्त्र व माला से सम्माननित किया गया। आगंतुकों के स्वागत और शहीदों के सम्मान में सिद्धी पाठक ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आये है और

संदेशे आते है.. गीत का प्रस्तुति दिया।जिसे सुनकर सारे लोग भाव विभोर हो गए। इस मौके पर आगुंतकों ने कहा शहीदों के नाम के साथ स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के घर से मिट्टी अमृत कलश में संग्रहित कर दिल्ली अमृत वाटिका के निर्माण के लिए भेजा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने किया जबकि बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विजय कुमार, विशिष्ट अतिथि उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी सहित जिप प्रतिनिधि मो एकलाख खां शामिल हुए। इस मौके पर मुखिया गोपाल सिंह,संतोष सौण्डिक,राकेश कुमार,अजीत कुमार उर्फ चुन्नु शर्मा, सतेन्द्र पासवान, मुन्ना कुमार, प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी, रंजीव रंजन, उपेन्द्र प्रजापति,पंसस डा.ब्रम्हदेव प्रसाद, धनंजय कुमार मुन्ना एनवाईसी अनिता कुमारी,बीएसएफ बीआर सारण, अनिल कुमार, समाजसेवी डॉ. राजेश कुमार विचारक, अमृता कुमारी, शाहबाज मिन्हाज के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मांगों को लेकर आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका का हड़ताल जारी

दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं ने दाउदनगर स्थित सीडीपीओ कार्यालय पर बिहार राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं ने धरना

दिया।उनका धरना सातवें दिन भी जारी रहा।सेविका एवं सहायिका अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी कर रही थीं। धरना पर बैठे सेविका इंदु देवी ने कहा कि हमें मानदेय नहीं वेतन चाहिए । सरकार हमारी मांगों को सुन नहीं रही है।जब तक सरकारी करण नहीं होता है, तब तक 25 हजार सेविका को और 18 हजार सहायिका को मानदेय मिलना चाहिए।उनकी प्रमुख मांगों में अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि को दोगुना करने, ग्रेच्युटी भुगतान करने, सरकारी कर्मी का दर्जा देने, ग्रेड डी में समायोजित करने, सेविका एवं सहायिका बहाली में 10 अतिरिक्त अंक का बोनस प्रदान करने की मांग शामिल है।

राष्ट्रीय मध्य विद्यालय में जल जमाव से छात्रों व शिक्षकों की हो रही परेशानी

दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर अनुमंडल मुख्यालय के नगर परिषद क्षेत्र स्थित राष्ट्रीय मध्य विद्यालय परिसर में जल जमाव से परेशानी है। जल जमाव के कारण छात्रों एवं शिक्षकों को कमरों में आने जाने में परेशानी आता है। शिक्षक एवं छात्र तालाब जैसे भरे हुए जलनुमा परिसर को पार कर ही कमरों तक पहुंचाते हैं। बारिश होने पर शिक्षण कार्य बाधित हो जाता है। यह स्थिति प्रत्येक वर्ष बारिश के मौसम में बनी रहती है। जानकारी के अनुसार विद्यालय परिसर बाहरी परिसर से काफी गड्ढा है जिसके कारण नाली के द्वारा भी बारिश का पानी नहीं निकल पाता है ।विद्यालय के पूर्व तरफ नाली बनाया गया है लेकिन

बाहर में जो नाला है वह परिसर से काफी ऊंचा है जिसके कारण नाली के द्वारा भी बारिश का पानी निकल पाना मुश्किल है। वही विद्यालय के पश्चिम तरफ भी सड़क काफी ऊंचा है और परिसर गड्ढा है जिसके कारण पानी निकासी में कठिनाई है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विंध्याचल चौधरी ने बताया कि अक्षरा बारिश के मौसम में पानी भर जाता है जिसे परेशानी आती है पूर्व की तरफ नगर परिषद के द्वारा नाली निकासी की व्यवस्था कराई जाए तो इसका समाधान संभव है। जब भी मूसलाधार बारिश होती है तो परिसर तालाब नुमा बन जाता है जिसके कारण छात्रों एवं शिक्षकों को काफी परेशानी आती है।

जिउतिया पर्व पर साहसिक व पारंपरिक विषयो पर दिखाये जा रहे कर्त्तव्य।

दैनिक समाज जागरण
अमरेश कुमार सिंह प्रखंड
संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर का पौराणिक ऐतिहासिक जिउतिया महापर्व को लेकर शहर में नकलों की धूम मची है । गली चौराहे हर जगह बस एक ही शोर नकल के जिउतिया रे,,,,,,,। बच्चे बूढ़े सभी नकल देखते ही उसके उत्साह में चिल्ला पढ़ते हैं नकल के जिउतियां रे।

चारों चौक पटवा टोली, कसेरा टोली , मुख्य चौक,एवं पुराना शहर चौक, नगर परिषद ,गुलाम सेठ चौक पर स्थानीय कमेटियों द्वारा मंच बनाकर नकल अभिनय को उत्साहित किया जा रहा है। वही गली चौराहे में भी अपने दरवाजे पर बैठे लोग इनके स्वांग को उत्साहित करने में जुटे हैं ।जिस गली मोहल्ले में नकल गुजरता है वहां घर से निकल कर महिलाएं या घर के मालिक उन्हें पुरस्कार स्वरूप कुछ राशि प्रदान करते हैं ।जिसे उनका उत्साह बढ़ता है। कला से जुड़े लोगों का कहना है महंगाई से कुछ प्रभाव पड़ा है लेकिन जिउतिया यहां के लोगों के कण -कण एवं रग -रग में बसी है। जिसके कारण सभी बच्चे बूढ़े इसके रंग में डूब जाते हैं। 9 दिनों तक सभी इसके रंग में रचे बसे होते हैं। जिउतिया पर्व के अवसर पर दाउदनगर में एक से बढ़कर एक परंपरिक प्रस्तुति के साथ साथ सामयिक विषयों पर प्रस्तुति की जा रही है । सभी कलाकारों को पुरस्कृत करने के लिए कई जगह नकल अभिनय प्रतियोगिता कराई जा रही है । नगर परिषद, विद्यार्थी क्लब

पटवा टोली, कसेरा टोली, ज्ञानदीप समिति पुराना शहर चौक,गुलाम सेठ चौक मे प्रतियोगिता आयोजित है। पुराना शहर में प्रतियोगिता होने से यहां के महिलाएं ज्यादा खुश हैं क्योंकि उन्हें सभी प्रस्तुति यही देखने को मिल रही है । उन्हें कहीं जाना भी नहीं पड़ रहा है । जिउतिया स्थल ईमली तल पटवा टोली वार्ड संख्या 20 में गुरुवार को ओखली रख कर पूजा किया गया ।ओखली किशोरी प्रसाद द्वारा रखा गया।इस मौके पे विद्यार्थी चेतना परिषद के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, सचिव राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, संयोजक ममतेश कुमार, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार संस्था सदस्य राहुल कुमार ,सुमित कुमार ,गांधी कुमार जनार्धन कुमार ,शम्भू प्रसाद एवं पान समाज के खजांची मुन्नीलाल प्रसाद एवं पान/तांती समाज के प्रबुद्ध लोग उपस्थित थे।

विद्यालय निरीक्षण के दौरान डीईओ ने दिए आवश्यक दिशा- निर्देश

दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर- जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह ने दाउदनगर प्रखंड के एकौनी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया ।मौके के लिटिल स्कूल के प्रधानाध्यापक ने अपने चार जर्जर कमरों का की बात रखें उन्होंने कहा जे के साथ बैठक कर उसे गिरवा दिया जाए एवं स्कूल में रंग रोगन का कार्य किया जाए। एकौनी इंटर स्कूल निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की स्थिति एवं वर्ग कक्ष का निरीक्षण करते हुए जायजा लिया और आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए।रीडिंग रूम में सेंट्रल टेबल लगाने का निर्देश दिया गया,जिम में लाइट और पंखा लगाने का आदेश दिया गया।स्मार्ट क्लास में टीवी लगाने समेत अन्य आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए जो बच्चे परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं, उनका नाम हटाने का सख्त निर्देश दिया गया पूरे विद्यालय परिसर का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने आवश्यक दिशा- निर्देश दिए।मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंद्रशेखर कुमार सिंह, प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

लंबित बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का दिया दिशा निर्देश।

दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार) जिला आरक्षी अधीक्षक स्वप्नाजी मेश्राम ने अनुमंडल पुलिस कार्यालय में पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए अत्यंत गंभीर लंबित कांडों की समीक्षा की।समीक्षा बैठक में दाउदनगर और हसपुरा थाना के अनुसंधानकर्ता उपस्थित रहे ।एसपी ने कांडों में सत्य पाए गए वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। सभी लंबित बिंदुओं पर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए शीघ्र कांड का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

रहरा गांव में बिजली करेंट से एक व्यक्ति की मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के बडेम ओपी थाना क्षेत्र के रहरा गांव मे बिजली की करेंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक रहरा गांव निवासी गिरजा पासवान का 38 वर्षीय पुत्र जगत पासवान बताया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक रहरा गांव में ही खेत मे गया था। जहां बिजली के तार गिरा हुआ था। जिसकी चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मामले मे सूचना मिलते ही मौके पर बड़ेम ओपी थानाध्यक्ष सिमरन राज,ए एस आई अरविंद प्रसाद अपने दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजन को सौप दिया।

रहरा गांव में बिजली करेंट से एक व्यक्ति की मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के बडेम ओपी थाना क्षेत्र के रहरा गांव मे बिजली की करेंट की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक रहरा गांव निवासी गिरजा पासवान का 38 वर्षीय पुत्र जगत पासवान बताया है। मिली जानकारी के अनुसार युवक रहरा गांव में ही खेत मे गया था। जहां बिजली के तार गिरा हुआ था। जिसकी चपेट मे आने से उसकी मौत हो गई।सूचना मिलने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

मामले मे सूचना मिलते ही मौके पर बड़ेम ओपी थानाध्यक्ष सिमरन राज,ए एस आई अरविंद प्रसाद अपने दल बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजन को सौप दिया।

खाद्य -सुरक्षा योजना के तहत प्राप्त होने वालेअच्छे चावल और गेहूं को डीलर द्वारा सरेआम बाजार में बेचा जा रहा है।

चुन्नी खुदी युक्त सड़े गले चावल तथा कचरा युक्त सड़े गेहूं उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है।

यह कोई काल्पनिक घटना नहीं, धरातलीय सच्चाई है।

आखिर राशनकार्डधारी, उपभोक्ता किसके पास अपने हक के लिए जाए यह भी सोचनीय विषय है ।

समाज जागरण ,अनिल कुमार मिश्र
,ब्यूरोचीफ बिहार- झारखंड, प्रदेश।

बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले का कुटुम्बा प्रखंड में भ्रष्टाचार एवं दमन की कार्रवाई अंतिम प्रकाष्ठा पर है तथा दमन की कार्रवाई के आड़ में गरीबों के हक सरेआम लूटे जा रहे हैं ! जिसकी एक कड़ी कुटुम्बा प्रखंड के आपूर्ति विभाग में व्याप्त अराजकता एवं भ्रष्टाचार हैं । आपुर्ति विभाग के संबंधित विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में सरेआम उपभोक्ता लूटाते आ रहे हैं, जिसकी सुनवाई कहीं भी नहीं हो पा रहा है।श और मामला जॉच के नाम पर दम तोड़ दे रहा है।

आखिर उपभोक्ता किसके पास अपने हक के लिए जाए ! यह भी सोचनीय विषय है ।

आपूर्ति पदाधिकारी कुटुम्बा द्वारा जॉच में यह भी पाया गया है कि डीलर के द्वारा मात्र 4 किलो चुन्नी- खुदी युक्त सड़े चावल ही उपभोक्ताओं को दिए जाते हैं तो फिर 5 किलो की जगह 4 किलो राशन देने वाले डीलरों के विरुद्ध आज तक कार्रवाई क्यों नहीं हुआ,

यह भी अहम सवाल है,जॉच का विषय हैं। आपूर्ति विभाग कुटुम्बा के अंतर्गत कई डीलर बाजार भाव के अनुसार कभी चुन्नी -खुदी युक्त चावल अधिक मात्रा में उपभोक्ताओं को देते है तो कभी कचरे युक्त सड़े गेहूं अधिक मात्रा में कोई भी उपभोक्ता को दे दिया जाता है। जो किसी काम का नहीं होते है।

डीलर के दुकान से मिलने वाले चावल गेहूँ खाने लायक नहीं रहने के कारण जब उपभोक्ता अपने राशन को नहीं ले रहें हैं तो उन्हें राशन से वंचित कर दिया जा रहा है ,राशन की हालत दैनिय देखकर उपभोक्ता जब राशन नहीं लेते हैं तो उनको राशन उस माह में नहीं दिया जाता है।

डीलर के पास उपभोक्ताओं को अनेकों बार अंगूठा लगाने के लिए भी दौड़ लगाना पड़ता है । उपभोक्ताओं से अंगुठा भी लगवा लिया जाता है और कहा जाता है, मशीन काम नहीं कर रहा है। दौड़ लगाते लगाते उपभोक्ता जब थक जाते है और माह का अंत हो जाता है तो यह भी कह दिया जाता है कि आपका राशन लैपस कर गया।

उपभोक्ताओं का सविनय आग्रह ,अंचल अधिकारी कुटुम्बा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुटुम्बा ,अनुमंडल पदाधिकारी ,सदर अनुमंडल औरंगाबाद और जिला पदाधिकारी औरंगाबाद (बिहार) द्वारा उपरोक्त मामले में स्वयं संज्ञान लिया जायें ताकि राशन की कालाबाजारी पर रोक लगा सके और उपभोक्ताओं को सही समय पर सही राशन मिल सके।

केके मंडल कॉलेज के पास से एक बाइक की चोरी।

दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउददनगर थाना क्षेत्र के केके मंडल कालेज के पास से एक बाइक चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में गंगा बिगहा निवासी संजय कुमार द्वारा एक प्राथमिकी दाउददनगर थाना में दर्ज कराई गई है ।जिसमें कहा गया है कि वे अपनी बाइक कॉलेज के पास लगाकर कॉलेज के अंदर चले गए थे। करीब 1 घंटे के बाद बाहर आए तो उनकी बाइक गायब थी। अज्ञात चोरों द्वारा उनकी बाइक को चुरा लिया गया है। पुलिस प्राथमिक की दर्ज कर घटना की छानबीन कर रही है।

पुनपुन नदी मे स्नान करने गया छात्र डूबा तलाश जारी

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) 6 अक्तूबर 2023 औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के बैरिया गांव में पुनपुन नदी मे एक 14 वर्षीय किशोर डूब गया जिसकी तलाश जारी है। किशोर की पहचान माली थाना क्षेत्र के बैरिया गांव निवासी मिथलेश चौरसिया के 14 वर्षीय पुत्र मिन्टु कुमार बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मिन्टू मध्य विद्यालय बैरिया का कक्षा 6 का छात्र था वह अपने साथियों के साथ पुनपुन नदी मे नहाने गया था।नहाने के क्रम मे गहरी पानी मे डूब गया और पानी के तेज बहाव से लापता हो गया। घटना की सूचना पर परिजन और पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर किशोर की तलास मे जुट गए।लेकिन किशोर का पता नही चल सका।बाहर से गोताखोर की टीम भी मौके पर पहुंच कर तलाशी अभियान मे जुटे रहे समाचार लिखे जाने तक किशोर की तलास जारी है इस घटना से परिजनो मे मायूसी छा गई है। मामले मे माली थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया की नहाने के क्रम मे नदी मे डूब किशोर लापता हो गया। उसकी तलाश जारी है।

सिन्दुआर पंचायत के जनताओं की समस्या को लेकर जनसंवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक समाज जागरण अमरेश कुमार
सिंह प्रखंड संवाददाता दाउदनगर

औरंगाबाद (बिहार)दाउदनगर प्रखंड के सिन्दुआर पंचायत अंतर्गत एकौनी गांव के समीप स्थित इंटर विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को जिला के नये डीएम श्रीकांत शास्त्री व एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने जिला के सभी आला अधिकारियों के साथ जनसंवाद किया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर श्रीकांत शास्त्री एवं एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम , एडीएम, डीसी , एसडीओ , सीडीपीओ ,एवं अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जीविका दीदियों ने बिहार की लोकप्रिय गीतों से स्वागत किया है।

दाउदनगर एसडीओ मनोज कुमार ने सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में सिंदुआर पंचायत के नागरिकों जानकारी दी है।संबोधित करते हुए डीएम श्रीकांत शास्त्री ने कहा जनसंवाद का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच संवाद कायम कर उनकी समस्याओं को जानना जरूरी है। सरकार द्वारा विगत 15 वर्षों में अनेकों योजनाएं चलाई गई है

संवाद के माध्यम से यह जानना है कि यह योजनाएं धरातल पर कितनी उतरी है और क्या बाकी है। कौन-कौन सी योजना जनता के लिए चलाई जानी चाहिए ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सके। हम जनता के सुझावों को भी नोट करेंगे तथा इसका निष्पादन का प्रयास किया जाएगा ।उन्होंने सरकार की योजनाओं की उपलब्धियां को बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना , पोशाक योजना से छात्राएं स्वालंबी बनी है, उनमें आत्मविश्वास भी जगा है ।

सरकार के द्वारा डीबीटी योजना चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से पुस्तकों के लिए राशि दी गई है, बच्चों के पास पुस्तक रहेगी तो पढ़ाई में रुचि उत्पन्न होगी ।स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत चार लाख का लोन दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील करते कहा कि बच्चों को जरूर पढ़ाये, बच्चे पढ़ेंगे तो आगे बढ़ेंगे और आगे बढ़ेंगे तो पीढ़ियो में सुधार आएगी।

सरकार द्वारा दलित एवं महादलित लोगों के लिए भी योजनाएं चलाई जा रही है ।उसे धरातल पर उतरने के लिए विकास मित्रों तथा टोला सेवक तालिमी मरकज की बहाली की गई है। सरकार ने उनके मानदेय को दुगना कर उन्हें मजबूत बनाया है, सरकार ने पंचायती राज में महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें शासक बनाया है यहां उपस्थित जन समुदायों में महिलाओं की उपस्थिति ज्यादा है। यह साबित करता है कि वह आत्मनिर्भर बने हैं ।प्रत्येक जिला में 4 से 5 लाख जीविका दीदीयों को पंचायत में सशक्तिकरण किया जा रहा है ,ताकि छोटी-मोटी समस्याओं के लिए जिला की ओर नहीं देखना पड़े।

सरकार द्वारा सोलर लाइट योजना लागू की गई है तथा प्रत्येक टोलों में विद्युत से अच्छादित किया गया है। हर खेल प्रत्येक खेत में सिंचाई के लिए कृषि फीडर की स्थापना की गई है। टैक्स का चुनाव कर किसानों को उत्पादन के खरीद की व्यवस्था की गई। उर्वरक की कोई समस्या नहीं है, उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य सभी के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। उद्योग विभाग की अनेक योजनाएं चल रही है जिससे बेरोजगारी को दूर किया गया है। पशुपालन के क्षेत्र में भी विकास हुआ है। आपदा प्रबंधन के द्वारा भी लोगों को मदद किया जा रहा है वहीं एसपी ने संबोधित करते हुए कहा कि जन संवाद का मूल उद्देश्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम जनों तक पहुंचाना है। जानकारी के अभाव में कभी-कभी लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है, सरकार की योजनाएं सभी वर्गों को छुती है , योजना से सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है । उन्हें साइबर क्राइम रोकने के लिए हेल्पलाइन 1930 जारी किया गया है ।किसी भी व्यक्ति के साथ यह समस्या हो तो 1930 पर डालकर अपनी समस्या को व्यक्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिलों में साइबर थाना खोला गया है साथ है 112 नंबर की गाड़ियां भी चल रही है । किसी भी समस्या होने पर कॉल कर सकते हैं 3 महीने के बाद प्रत्येक जिलों में गाड़ियों की संख्या बढ़ाई जाएगी थानों में महिला हेल्थ टेस्ट खुला है जहां महिलाएं अपनी शिकायत खिलाफ खुलकर कर सकती है अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा फेसबुक के माध्यम से भी समस्याओं को शनिवार से सनी की जाएगी एटीएम ने राजस्व विभाग की समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि ऑनलाइन जमाबंदी के व्यवस्था है । और उसे आधार कार्ड से जोड़ा जा रहा है ताकि आपकी भूमि को दूसरे व्यक्ति बिक्री न कर पाए , अंचलों में सुचारू ढंग से दखल खारिज किया जा रहा है, सप्ताह में प्रत्येक दिन थानों में जनता दरबार लगाकर भूमि संबंधी समस्याओं का निष्पादन किया जा रहा है। जीविका दीदी सुशीला देवी ने तालाब एवं मछली पालन से लाभ के बारे में लोगों विस्तार पूर्वक जानकारी दी है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीओ मनोज कुमार व संचालन बीडीओ योगेंद्र पासवान ने किया है। इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक पंचायत के मुखिया पिंटू शर्मा ने की है। इस मौके पर स्वास्थ्य केंद्र, जीविका दीदियों के साथ पर्यवेक्षिका श्वेता पटेल तथा अनुमंडल के अन्य कर्मी मौजूद थे।

अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को कुचला मौके पर हुई मौत

दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवादाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) औरंगाबाद जिले के नवीनगर प्रखंड के बडेम ओपी थाना क्षेत्र के बारुण नवीनगर मुख्य पथ के ससना गांव के समीप एक अज्ञात वाहन से कुचलकर एक अधेड़ व्यक्ति की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन घटना स्थल पर पहुंचे।मृत व्यक्ति की पहचान बडेम ओपी थाना क्षेत्र के ससना गांव निवासी 57 वर्षीय राम प्रवेश सिंह के रुप मे की गयी है।घटना की सूचना मिलते ही बड़ेम ओ पी थानाध्यक्ष सिमरन राज अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया एवं शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौप दिया. मामले मे बडेम ओपी थानाध्यक्ष सिमरन राज ने बताया कि मृतक के परिजन के बयान पर अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

प्राकृतिक चिकित्सा से दबे रोग भी उभर कर ठीक हो जाते हैं - डॉ नीलम सरजू

उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोधा में आयोजित हुआ प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श शिविर।

दैनिक समाज जागरण
संवाददाता, ठाकुरगंज (किशनगंज)

प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली चिकित्सा की एक ऐसी विधि है जिसका लक्ष्य प्रकृति में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध प्राकृतिक तत्वों के उचित उपयोग द्वारा रोग के मूल कारण को समाप्त किया जा सकता है। यह चिकित्सा प्रणाली निर्धन व्यक्तियों के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसमें विभिन्न औषधियों के क्रय आदि पर किसी प्रकार की फिजूल खर्ची नहीं होती है।

उक्त तथ्यों से स्कूली बच्चों को अवगत कराते हुए डॉ नीलम सरजू, प्राकृतिक चिकिस्तक ने इस शिविर में उपस्थित बच्चों और शिक्षकों को प्राकृतिक चिकित्सा के बड़े-बड़े सफलताओं से अवगत कराया।

उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय लोधा, ठाकुरगंज में समाधान कायाकल्प केंद्र, पिपरीथान (ठाकुरगंज) द्वारा प्राकृतिक चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, पुणे (महाराष्ट्र) आयुष मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि व इस प्रणाली से सम्बंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयक व्याख्यान स्कूली बच्चों के सम्मुख दिया गया ताकि उन्हें इस प्रणाली से परिचित करवाया जा सके व उन्हें प्रकृति की ओर मोड़ते हुए प्रकृति से जुड़ने हेतु प्रेरित किया जा सके।

क्या है प्राकृतिक चिकित्सा :-

प्राकृतिक चिकित्सा और समग्र चिकित्सा के क्षेत्र में व्यापक अनुभव के साथ, हमारे डॉक्टर और कर्मचारी हमारे रोगियों को कल्याण का सर्वोत्तम अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। अधिक से अधिक लोगों का कल्याण के समग्र तरीकों और प्राकृतिक चिकित्सा उपचारों की ओर झुकाव

होने के कारण, ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो रोगियों के कल्याण के सर्वोत्तम स्तर को प्राप्त करने के लिए सर्वोत्तम प्राकृतिक चिकित्सा उपचार प्रदान कर सकें।

प्राकृतिक चिकित्सा उपचार या प्राकृतिक चिकित्सा एक प्रकार की वैकल्पिक दवा है जो प्रकृति की शक्ति का उपयोग करके शरीर को खुद को ठीक करने में सहायता करती है। इसका मूल विश्वास प्रकृति के पांच तत्वों - पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष का उपयोग करना है।

प्राकृतिक चिकित्सा उपचार में, योग का नियमित अभ्यास और प्राकृतिक चिकित्सा उपचार अपनाने से गंभीर चिंता वाले लोगों को विभिन्न बीमारियों, ज्यादातर तनाव से संबंधित दवाओं पर निर्भरता कम करने में मदद मिल सकती है।

प्राकृतिक चिकित्सा आज के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह किसी भी अन्य चिकित्सा पद्धति की तुलना में पुरानी बीमारियों से पीड़ित रोगियों को अपेक्षाकृत कम समय में ठीक करती है। प्राकृतिक चिकित्सा एक ही समय में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक सभी पहलुओं का इलाज करती है।

ज्ञात हो कि समाधान कायाकल्प केंद्र एक गैर-वित्तीय लाभ संघठन के रूप में क्रियाशील है। इसकी स्थापना वर्ष 2009 में ठाकुरगंज प्रखंड के पिपरीथान में हुई। इस केंद्र में सुयोग्य प्राकृतिक चिकिस्तकों के देखरेख में रोजाना पुराने व्याधियों का इलाज किया जाता है व उचित परामर्श दिया जाता है।

उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय लोधा में आयोजित उक्त कार्यक्रम में इस विद्यालय के शिक्षक गिरीश चन्द्र, हेमंती लाहिड़ी, पिंकी कुमारी, अरुणा कुमारी, मोनू सिंह आदि उपस्थित थे। उपस्थित शिक्षकों ने इस आयोजन को ज्ञानवर्धक व लाभकारी बताते हुए कहा कि बच्चों के द्वारा अपने गांव-समाज में प्राकृतिक चिकित्सा की चर्चा छेड़ कर इसकी सार्थकता को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

डीएम ने जिले के खेल अवसंरचना का किया निरीक्षण और खेल गतिविधियों की ली जानकारी

खेल भवन स्थित व्यायामशाला शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश

निमार्णाधीन साई सेंटर के निर्माण कार्य का निरीक्षण समेत स्टेडियम का किया भ्रमण

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिलाधिकारी तुषार सिंगला (भा. प्र. से.) के द्वारा जिला में खेल अवसंरचना और खेल गतिविधियों की समीक्षा जिला खेल पदाधिकारी के साथ की गई। पूर्वाह्न 10 बजे डीएम ने जिला मुख्यालय स्थित खेल भवन - सह - व्यायामशाला,आउटडोर स्टेडियम, निमार्णाधीन भारतीय खेल प्राधिकरण (प्रशिक्षण केंद्र), इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम डीएम नवनिर्मित खेल भवन पहुंचे। निरीक्षण के क्रम में जिला खेल पदाधिकारी ने बताया कि खेल भवन - सह - व्यायामशाला का निर्माण कार्य तीन माह पूर्व पूर्ण हुआ है। इसमें पिछले माह उच्च कोटि का जिम इंस्टॉल किया गया है। डीएम ने निरीक्षण कर व्यायामशाला को शीघ्र प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया ताकि जिलेवासी इसका लाभ उठाकर स्वास्थ्यवर्धन कर सके। निरीक्षण के दौरान डीएम ने खेल भवन में योगा,एरोबिक,टेबल टेनिस, ताईक्वांडो की सुविधा का अवलोकन कर इसे खेल संघों के माध्यम से खेल गतिविधियों को संचालित करवाने का निर्देश दिया। बता दें कि खेल भवन में खेल पदाधिकारी का कार्यालय भी है।

तत्पश्चात डीएम किशनगंज के खगड़ा में निमार्णाधीन भारतीय खेल प्राधिकरण,प्रशिक्षण केंद्र, किशनगंज का निरीक्षण किया। इसमें 100 बेड(बॉय) हॉस्टल और आवासीय भवन निमार्णाधीन पाया गया। भवन प्रमंडल के अभियंता को निर्माण कार्य शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उल्लेखनीय है कि साई सेंटर का अपना भवन निर्माण होने के पश्चात एथलेटिक्स,

बॉलीबॉल, फुटबॉल व अन्य खेल का प्रशिक्षण प्रारंभ होगा।

डीएम ने शहीद अशफाक उल्लाह खां स्टेडियम, खगड़ा का निरीक्षण कर स्टेडियम में उपलब्ध खेल सुविधाओ का अवलोकन किया गया। साई सेंटर को कर्णांकित मैदान पर प्रशिक्षण संचालन,स्टेडियम रख रखाव,पानी जमाव की निकासी का निर्देश दिया गया है। इसके बाद डीएम इंडोर स्टेडियम, डुमरिया का निरीक्षण हेतु पहुंचे। इंडोर स्टेडियम के साफ सफाई, रख रखाव की आवश्यकता जताते हुए, इसका अनुपालन का निर्देश दिया गया है।

खेल अवसंरचना पर जिलाधिकारी को बताया गया कि जिलांतर्गत 6 प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम तैयार हो गया है। पोठिया प्रखंड में आउटडोर स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति होने के उपरांत पोठिया के झारुआडांगी में निर्माण की निविदा की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।साथ ही, खेल की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु ठाकुरगंज प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय में खेल इंडिया योजना के तहत लघु केंद्र (एथलेटिक्स) बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत एकलव्य राज्य आवासीय कबड्डी (बालक) खेल प्रशिक्षण केन्द्र, इंटर उच्च विद्यालय किशनगंज में नये केन्द्र का स्थापना की स्वीकृति उपरांत खेल प्रशिक्षक का चयन प्रक्रियाधीन है।

डीएम को बताया गया कि किशनगंज के महेशबथना में 10 एकड़ में उत्कृष्ट कोटि का जिला स्टेडियम कॉम्प्लेक्स 50 करोड़ की प्रकाल्पित राशि से निर्माण का प्रस्ताव कला संस्कृति एवम युवा विभाग,बिहार को भेजा गया है। खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत भारत सरकार के स्तर पर स्वीकृति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। पिछले दिनों संबंधित साइट का भारतीय खेल प्राधिकरण, कोलकाता के अभियंता ने भौतिक निरीक्षण किया था।

डीएम किशनगंज के द्वारा खेल की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया। जिला में खेल की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु जिला प्रशासन के स्तर से लगातार कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में श्रम, नियोजन, डीआरसीसी और उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओ और विभागीय कार्यो की समीक्षा किया

राहुल साह, दैनिक समाज
जगराम किशनगंज

जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में श्रम, नियोजन, डीआरसीसी और उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओ और विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई है।

समीक्षा के क्रम में डीएम के द्वारा सभी संबधित पदाधिकारियो से उनके विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई। इन सभी विभाग की योजनाओं में कॉलेज और यूनिवर्सिटी के साथ शिक्षकों के साथ मिलकर कार्य करने का निर्देश दिया गया।

बड़ी फैक्ट्री या इंडस्ट्री के लिए सरकारी जमीन को चिन्हित कर लैंड बैंक के रूप में बनाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में डीआरसीसी किशनगंज द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम योजना(KYP),जिला नियोजनालय, किशनगंज द्वारा कौशल विकास समिति द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र की समीक्षा कर कुशल युवा कार्यक्रम योजना सहित जिला कौशल विकास समिति बैठक मे सरकार के योजनाओं का और अधिक प्रचार - प्रसार करने पर ध्यान केंद्रित करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि जिले के अधिक से अधिक युवाओ को सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।।

डीआरसीसी द्वारा संचालित योजना कुशल युवा कार्यक्रम(KYP) सहित दूसरी योजनाओं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना(BSCC) और मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना(SHA) के प्रगति पर व्यापक चर्चा किया है।

इसी क्रम में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उधम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम ,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार औद्योगिक योजना, इथेनॉल पॉलिसी तथा बिहार स्टार्टअप पॉलिसी व अन्य योजनाओं की जानकारी ली गई।

साथ ही ,जिलाधिकारी द्वारा श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओ की जानकारी ली गई। निबंधित निर्माण श्रमिकों को

साइकिल और औजार खरीदने के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता ,निर्माण कामगार में लगे मजदूरों को देय लाभ,बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में असंगठित क्षेत्र के 18 से 60 वर्ष के कामगार का निबंधन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। श्रम अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि अबतक 73 चाइल्ड लेबर को रेस्क्यू किया गया है।आत्मा(कृषि) योजना, टूल किट योजना,स्टडी टूल किट योजना, तथा केंद्र में बच्चों के लिए लाइब्रेरी की व्यवस्था की गई। मॉडल कैरियर योजना में डिजिटल लाइब्रेरी, सक्सेस स्टोरी बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।वैसे लोग जो विदेश में काम करने के लिए जाते हैं उसे प्रशिक्षण दिया जा रहा है, अभी 10 बच्चे रजिस्टर्ड हैं।

उक्त बैठक में डीडीसी,एडीएम, ओएसडी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, महाप्रबंधक/जिला उद्योग केंद्र, श्रमाधीक्षक, प्रबंधक डीआरसीसी मौजूद रहे।

बता दें कि जिला निबंधन - सह-परामर्श केंद्र किशनगंज से संचालित योजना यथा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना एवं कुशल युवा कार्यक्रम योजना का लाभ योग्य युवकों को ससमय सुलभ हो इसको लेकर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला (भा०प्र०से०) के दिशा - निर्देशन में जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र (DRCC) के प्रबंधक द्वारा गहन प्रचार-प्रसार एवं काउंसिलिंग कराया जा रहा है। दिनांक 11 अक्टूबर को डीआरसीसी में जॉब कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

क्या हैं योजनाएं, आइए जाने

बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजनाः- जैसा कि आप जानते हैं कि कई विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करते रहते हैं,लेकिन वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति के कारण आगे की पढ़ाई ठीक से नहीं कर पाते हैं।

ऐसे सभी छात्र अपनी पढ़ाई सही ढंग से कर सकें इसी समस्या को देखते हुए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को ऋण सुलभ कराने के उद्देश्य से बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को शुरू किया गया है।

राज्य के ऐसे विद्यार्थी जो आर्थिक तंगी के कारण अपने आगे की पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं।वे इस योजना के तहत लोन प्राप्त कर अपनी पढ़ाई पूरी कर सकते हैं।

यह योजना काफी मददगार है। इस योजना के तहत विद्यार्थियों को 12 वीं कक्षा के बाद आगे की पढ़ाई करने के लिए बिहार सरकार द्वारा चार लाख की राशि प्रदान करने का प्रावधान है।

इसकी सबसे खास बात यह है कि इसमें आपको बहुत कम ब्याज देना पड़ेगा इस योजना का लाभ उठाकर छात्र एवं छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजनाः---इस योजना का मुख्य उद्देश्य रोजगार तलाश कर रहे युवाओं को आर्थिक सहायता मुहैया करवाना है।

इस योजना के अंतर्गत 20 से 25 वर्ष तक के 12वीं कक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक हजार की आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है।

प्रदान की जाने वाली राशि का भुगतान पात्र लाभार्थियों के खाते में प्रति माह दिए जाने का प्रावधान है। इस योजना का लाभ केवल 2 वर्षों तक ही लाभार्थियों को प्राप्त हो सकता है।

कुशल युवा कार्यक्रम योजनाः---इस योजना के अंतर्गत न्यूनतम दसवीं पास युवाओं को हिंदी अंग्रेजी भाषा ज्ञान व्यवहारिक ज्ञान और कंप्यूटर की बेसिक ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के 10वीं एवं 12वीं पास युवाओं को रोजगार प्राप्त करने हेतु साक्षात्कार से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना में निबंधित लाभार्थियों को भी कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया जाता है ,इसलिए मैट्रिक इंटर स्नातक पास छात्र-छात्राओं से अपील है कि इस योजना का लाभ उठाएं। जिला निबंधन - सह-परामर्श केंद्र के कर्मियों से संपर्क कर तीनों योजना में से किसी भी योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

आरोग्य दिवस पर गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच से सुरक्षित मातृत्व को मिल रही गति

- गर्भवती महिलाओं को चिकित्सीय सलाह के अनुसार लेनी चाहिए आयरन व कैल्सियम की दवा

- गर्भवती महिलाओं को प्रोटिनयुक्त आहार का सेवन जरूर करना चाहिए

राहुल कुमार, किशनगंज

जिले में सुरक्षित प्रसव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अपनी ओर से पूरी तरह से सुदृढ़ है। अब जरूरत है गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों के जागरूक होने की। लोगों को समझना होगा कि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा देने के लिए प्रसव पूर्व प्रबंधन बहुत जरूरी है। इसमें जांच से लेकर सरकारी अस्पतालों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। सदर अस्पताल के साथ-साथ अनुमंडल और पीएचसी स्तर के सरकारी अस्पतालों में भी वैसी तमाम सुविधाएं हैं। आरोग्य दिवस के दिन आंगनबाड़ी केंद्र में भी गर्भवती माता की जांच की जा रही है जिससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिले। यहां पर प्रसव पूर्व जांच से लेकर प्रसव कराने तक की बेहतर व्यवस्था है। सुरक्षित मातृत्व के लिए एएनसी जांच कराना अत्यंत आवश्यक है। एएनसी जांच का मकसद मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाना होता है। हालांकि, एएनसी जांच के लिए प्रत्येक सप्ताह की 9वीं तिथि को शिविर लगाया जाता है। लेकिन, सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाएं एएनसी जांच के लिए कभी भी चिकित्सकों से संपर्क कर सकती हैं।

गर्भधारण से लेकर 12वें सप्ताह तक पहली जांच जरूरी-

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि सुरक्षित मातृत्व को लेकर सदर अस्पताल में बेहतर व्यवस्था है। गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व चार

जांच होती है। पहली जांच गर्भधारण से लेकर 12वें सप्ताह तक, दूसरी जांच गर्भधारण के 14वें से लेकर 26वें सप्ताह तक, तीसरी जांच गर्भधारण के 28वें से 34वें सप्ताह तक और आखिरी जांच 36वें सप्ताह से लेकर प्रसव होने के पहले तक कराई जाती है। इसे एएनसी जांच कहते हैं। इस जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं को जो भी सलाह दी जाती उस पर अमल करने की जरूरत है। इससे सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिलता है। साथ ही, महिलाओं को अपने खानपान पर भी ध्यान रखना होगा। ताकि, वे एनीमिया की चपेट में आने से बचें । इसके लिए गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्सियम की दवा भी चिकित्सीय सलाह के अनुसार लेनी चाहिए। एएनसी जांच के दौरान आयरन और कैल्सियम की गोली कब लेनी है, इसकी सलाह डॉक्टर से अवश्य ले लें। डॉक्टर जैसी सलाह दें, उसका पालन करें।

प्रसव को लेकर आवश्यक तैयारी जरूरी

सदर अस्पातल में कार्यरत महिला चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शबनम यास्मिन ने बताया कि प्रसव का समय नजदीक आए तो कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। जैसे कि सबसे पहले एम्बुलेंस या फिर किसी गाड़ी वाले का नंबर को पास में रखें। अगर दर्द शुरू हो तो तुरंत गाड़ी वाले को फोनकर बुलाएं। इसके अलावा दो-तीन ऐसे लोगों को तैयार रखें, जो कि जरूरत पड़ने पर रक्तदान कर सकें। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को प्रोटीनयुक्त आहार का जरूर सेवन करना चाहिए। दूध, अंडा, मछली, मांस के साथ हरी सब्जियों का भरपूर सेवन करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को एक साथ दो जान की परवाह करनी पड़ती है। पौष्टिक और प्रोटीनयुक्त आहार लेने से दोनों का ध्यान रखा जाता है। जो गर्भवती महिलाएं मांसाहार का सेवन नहीं करती हैं, उन्हें दूध, हरी सब्जियों और फल के सेवन पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए।

परिवार नियोजन सुविधाओं के लाभार्थियों को दी जाती है प्रोत्साहन राशि-

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुनाजिम ने बताया कि सभी एएनएम एवं आशा को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन की सभी सुविधाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों को सरकार द्वारा प्रोत्साहन राशि की भी जानकारी प्रदान की गयी है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालों में पुरुष नसबंदी का लाभ उठाने पर लाभार्थी को ₹3000/- व उत्प्रेरक को ₹400/- की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थी को ₹2000/- व उत्प्रेरक को ₹300/- , प्रसव उपरांत बंध्याकरण पर लाभार्थी को ₹3000/- व उत्प्रेरक को ₹400/-, प्रसव उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को ₹300/- व उत्प्रेरक को ₹150/-, गर्भपात उपरांत कॉपर-टी लगाने पर लाभार्थी को ₹300/- व उत्प्रेरक को ₹150/-, गर्भनिरोधक सूई (अंतरा) का लाभ उठाने पर लाभार्थी को ₹100/- व उत्प्रेरक को ₹100/- की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

घर के साथ-साथ 3 बच्चों को निगल गया तीस्ता, पेड़ से चिपक कर पिता ने बचाई जान

उत्तम सिंह:संवाददाता:दैनिक समाज जागरण: ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग):

तीस्ता नदी द्वारा तबाही मचाने के बाद विभिन्न इलाकों से दिल को झकझोर देने वाली तस्वीर अब सामने आने लगी है। कई लोगों का घर उजड़ गया है। वहीं, कई लोग अपने को खो चुके है। इस बीच ऐसे भी कई लोग है जो किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। आज हम आपको कुछ ऐसा ही नजारा दिखाने वाले है। जहां एक व्यक्ति पानी के बिचो बीच एक पेड़ से लिपटा हुआ है। उसके चारों तरफ तीस्ता का पानी बह रहा है। इस पानी में घर के साथ साथ उनके 3 बच्चे भी बह गये है। व्यक्ति का नाम मोहम्मद मुक्तार है। वह सिलीगुड़ी नगर निगम के 4 नंबर वार्ड अंतर्गत महाराजा कॉलोनी के निवासी है। लेकिन काम के सिलसिले में अपने 3 बच्चों के साथ सिक्किम के रंगपो में रहते थे। उनकी पत्नी बिहार में है। मोहम्मद मुक्तार ने बताया कि उन्होंने अपने बच्चों को बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन वह उन्हें नहीं बचा सके। एक बेटा मृत पाया गया है, लेकिन उनकी दो बेटियां अभी भी लापता हैं। अपनी आंखों के सामने अपने बच्चों की मौत देखकर मोहम्मद मुक्तार फूट-फूटकर रो रहे हैं।

बताया गया है कि घटना की रात मुक्तार अपने बच्चों के साथ सो रहे थे। स्थानीय लोगों की आवाज सुनकर जैसे ही उनकी नींद खुली। उन्होंने देखा कि पानी तेज गति से घर में घुस रहा है। जब उन्होंने दरवाजा खोला तो पूरा घर पानी में भर गया। उन्हें अपने तीन बच्चों के साथ बाहर निकलने का मौका भी नहीं मिला। देखते ही देखते

उनके घर को तीस्ता ने निगल लिया। उसकी आंखों के सामने दो बेटी और एक बेटा बह गये।

किसी तरह मोहम्मद मुक्तार एक पेड़ के ऊपर चढ़कर उससे चिपक कर बच गये। रात भर बारिश में वह पेड़ से चिपके हुए थे। बुधवार दोपहर को बेटे का शव बरामद किया गया। गुरुवार को सिलीगुड़ी पहुंचे के बाद उन्होंने अपने बेटे का अंतिम संस्कार किया। वहीं, उस भयानक रात की आपबीती सुनाते ही वे तो पड़ते है।अपना हंसता खेलता घर उजड़ जाने के बाद वे अब टूट गए है। अब उनके चेहरे में मायूसी और आंखों में सिर्फ दहशत नजर आ रही है।

दूसरी ओर सिक्किम में आई प्राकृतिक आपदा में राजगंज का व्यक्ति लापता, परिवार चिंतित

सिक्किम में आई भीषण प्राकृतिक आपदा में राजगंज का एक व्यक्ति लापता है।बताया गया है कि राजगंज के सुखानी ग्राम पंचायत के साउदाभिटा गांव के निवासी ममताजउद्दीन कई वर्षों से काम के सिलसिले में सिक्किम के सिंगथम में रहते है। उनकी बेटी भी वहीं पढ़ती है। सिक्किम में मंगलवार रात को आई आपदा में सब कुछ तबाह हो गया है। साथ ही सैकड़ों लोग लापता हैं। वहीं, राजगंज के ममताजउद्दीन का भी पता नहीं चल रहा है। संपर्क टूट जाने के कारण परिवार के लोग भी वहां नहीं पहुंच पा रहे हैं। ऐसे में उक्त व्यक्ति की बेटी भी घर नहीं लौट पा रही है। जिससे लेकर परिजन भी चिंतित हैं।

लापता व्यक्ति के एक रिश्तेदार ने कहा कि ममताजउद्दीन की बेटी से फोन पर संपर्क किया गया है। बेटी ने अपने पिता के लापता होने की जानकारी परिवार को दी। बेटी वहां अकेली हो गई है। साथ ही परिजन भी चिंतित हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तकनीकी पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

जिलाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में तकनीकी पदाधिकारियों की बैठक समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में डीएम द्वारा विभागवार समीक्षा की गई।

तकनीकी पदाधिकारियों के कार्यो की समीक्षा के क्रम में सभी कार्यपालक अभियंता के दायित्व व कार्यो और उपलब्धि की समीक्षा किया गया।

समीक्षा के क्रम में किशनगंज जिलांतर्गत आधारभूत संरचना निर्माण कार्यों की पर बारी बारी से तकनीकी पदाधिकारी/अभियंता ने अपने विभागीय योजनाओं /कार्यों पर जानकारी दी।

पथ निर्माण विभाग के द्वारा पोठिया से इस्लामपुर की तरफ जाने वाली रोड का निर्माण,

बहादुरगंज से टेढागाछ एकल सड़क का निर्माण पर अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया।डीएम ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने सहित पीडब्ल्यूडी कोड को फॉलो करने का निदेश दिया

है ।बताया गया कि पथ निर्माण विभाग का कुल 7 प्रोजेक्ट में 3 पूर्ण हो चुका है।

इसी प्रकार भवन निर्माण विभाग कार्यों में 9 प्रक्रियाधीन प्रोजेक्ट की सूचना दी गई।

आरडब्ल्यूडी का कुल 76 योजना की जानकारी दी गई।

सभी योजना का फोटो के साथ प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण कार्य अंतर्गत 6.6 किमी ,मोतीहारा से लौचा की सड़क समेत अन्य स्वीकृत 42 योजना में जानकारी दी गई।प्रखंडवार सूचना उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

पीएमजेएसवाई में दिघलबैंक में पेंडिंग योजना समेत सभी कार्यों की अद्यतन स्थिति पर समीक्षा हुई। डीएम ने निर्देश दिया कि जिले में पीएमजेएसवाई की सभी योजना का विश्लेषण कर पुनः प्रस्तुत करें।

नाबार्ड योजना के तहत कृषि कॉलेज के पास पहुंच पथ जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया।

बताया गया कि नाबार्ड में 38 में से 20 योजना का टेंडर हो चुका है।

इस बैठक में जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी,कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, एलएइओ,ग्रामीण कार्य एवं इससे संबंधित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

डीएम ने खगड़ा हवाई अड्डा का किया निरीक्षण

राहुल साह, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

डीएम तुषार सिंगला के द्वारा किशनगंज के खगड़ा स्थित हवाई अड्डा का निरीक्षण किया गया ।

डीएम ने हवाई अड्डा पर हेलीपैड,रनवे, सेफ हाउस एवम बाउंड्री वॉल की मरम्मती की आवश्यकता के निमित भवन निर्माण प्रमंडल और पथ निर्माण के अभियंता से अद्यतन जानकारी ली गई। हवाई अड्डा के रनवे पर कार्पेट कर मरम्मती के संबंध में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि तत्संबधि निविदा प्रकाशित

की गई है,जो 09 अक्टूबर को खुलेगा। संवेदक को विभागीय स्तर से कार्य आवंटन पश्चात एक माह में रनवे मरम्मती पूर्ण किया जाएगा। हवाई अड्डा के सेफ हाउस आदि की मरम्मती भवन प्रमंडल के स्तर से किया जाता है।

निरीक्षण के क्रम में मुख्य रूप से डीएम ने रनवे की मरम्मती शीघ्र पूर्ण कर हवाई अड्डा को चालू हालत में करने का निर्देश पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारी को दिया।निरीक्षण के समय जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में 150 बोतल नेपाली देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण
विशेष संवाददाता पूर्णियां प्रमंडल

(किशनगंज) जिले के ठाकुरगंज प्रखंड अंतर्गत सुखानी थानाक्षेत्र स्थित भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में एसएसबी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में शुक्रवार की अहले सुबह नेपाल सीमा की ओर से लाये जा रहे 150 बोतल(कुल 45 लीटर)नेपाल निर्मित देसी शराब के साथ एक भारतीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया है जबकि, तस्करी में शामिल एक महिला इस दरमियान नेपाल की ओर भागने में सफल रही।एसएसबी 19वीं वाहिनी के जी समावाय,सुखानी के सहायक उप निरीक्षक(सामान्य) प्रेमचंद द्वारा मामला दर्ज कराने हेतु सुखानी थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार शुक्रवार की सुबह 5 बजे सुखानी थाना पुलिस और सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमा स्तंभ संख्या 118/01 के पास संयुक्त नाका लगाया गया था।सुबह करीब साढ़े पांच बजे नेपाल की ओर से एक व्यक्ति एवं सिर पर एक बोरा उठाए एक महिला भारतीय सीमा क्षेत्र में आती हुई नजर आई।इसी क्रम में जब सशस्त्र सीमा बल व पुलिस के जवान अचानक से उनके सामने आए तो,बोरा फेंक कर दोनों नेपाल की ओर भागने लगे।महिला तो नेपाल सीमा में प्रवेश कर भागने में सफल रही लेकिन,उसके साथ भाग रहे व्यक्ति को खदेड़ कर पकड़ लिया गया।पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम विशाल कुमार,उम्र 22 वर्ष,पिता राजेश कुमार साह तथा पता कादोगांव,थाना सुखानी, ठाकुरगंज,जिला किशनगंज बताया। बोरा फेंककर भागने वाली महिला की पहचान पकड़ में आए विशाल कुमार की मां गीता देवी के रूप में सामने आई है। जब उपलब्ध साक्ष्य के सामने बोरे को खोला गया तो, उसमें 150 बोतल,प्रत्येक 300 एमएल नेपाल निर्मित"यौवन"नामक देसी शराब बरामद हुआ,जिसे विधिवत जप्त करते हुए पकड़ में आए व्यक्ति के साथ थाने ले आया गया। मामले की बाबत जानकारी देते हुए सुखानी थानाध्यक्ष रामलाल भारती ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक प्रेमचंद द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर थाना कांड संख्या 31/23 दर्ज करते हुए गिरफ्तार तस्कर को संबंधित धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में किशनगंज भेज दिया गया है।

वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्र पर तीसरे दिन भी पांच परीक्षार्थी हुए निष्कासित

दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास

स्नातक पार्ट-2 परीक्षा के तीसरे दिन शुक्रवार को नकल के आरोप में 5 परीक्षार्थियों को केंद्राधीक्षक ने निष्कासित कर दिया। ज्ञात हो कि परीक्षा के तीसरे दिन वीर कुंवर सिंह विश्विद्यालय,आरा द्वारा संचालित स्नातक पार्ट-2 परीक्षा अंतर्गत बिक्रमगंज स्थित वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय,धारूपुर परीक्षा केंद्र पर दूसरी पाली में ग्रुप-बी के साइंस और कला संकाय विषय की परीक्षा में नकल करते हुए पांच परीक्षार्थियों को केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने निष्कासित कर दिया। जो संचालित परीक्षा की दूसरी पाली में साइंस व कला संकाय के विभिन्न विषयों के सभी परीक्षार्थियों की संख्या 691थी। जिसमें पांच परीक्षार्थी निष्कासित किए गये। इस संबंध में वीर कुंवर सिंह परीक्षा केंद्राधीक्षक डॉ० सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुनः वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा के दिशा-निर्देश पर नकल के खिलाफ सघन जांच अभियान तहत परीक्षा के मुख्य गेट से लेकर परीक्षा केंद्र के अंदर चिट पुर्जे, मोबाईल,

कुलपति शैलेंद्र कुमार चतुवेर्दी के सख्त दिशा-निर्देश पर स्नातक पार्ट-2 परीक्षा के तीसरे दिन भी नकल के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाते हुए 5 परीक्षार्थियों को निष्कासित किया गया है। जो वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय कुलपति मुन्ना भाई सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणों के खिलाफ निरंतर जारी रहेगी। वही परीक्षा केंद्र पर तैनात दंडाधिकारी रमाशंकर राम भी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था और नकल सख्ती के खिलाफ सख्त दिख रहें हैं।

मंदिर परिसर में बिजली पानी व अन्य सुविधाओं का किया गया व्यवस्था

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र रोहतास से संबद्धता प्राप्त आदर्श युवा संघ सिरिसिया के सदस्यो ने स्वच्छ भारत 3.0 अभियान के अंतर्गत माँ काली मंदिर परिसर का साफ-सफाई किया गया। इस अभियान का नेतृत्व अनुपम कुमार पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सह प्रशिक्षक नेहरू युवा केन्द्र रोहतास ने की । उन्होने बताया कि खेल मंत्रालय भारत सरकार के निदेर्शानुसार स्वच्छ भारत अभियान एक अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक युवा क्लब के सहयोग से पुरे

प्रखंड में चलाया जाएगा। सफाई मे लगे शिवशक्ति चौहान, शिवशंकर गुप्ता, टप्पु गुप्ता, मंटु चौहान, संजीत कुमार, कृष्णा चौहान, मंजीत पास्वान, मुन्ना चौहान, जयकुमार, रविरंजन कुमार, वंधु कुमार, संटु पासवान व जयचंद चौहान सहित कई अन्य युवाओ ने इस अभियान मे बढ़ चढ़कर भाग लिया।

मध्याह्न भोजन का चावल चोरी का मामले फिर आया सामने, सरपंच ने लगाया आरोप

पहले भी प्रधानाध्यापक का चावल बेचने का वीडियो हुआ था वायरल

दैनिक समाज जागरण प्रतिनिधि काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड काफी दिनों से अपने नए-नए कारनामों से काफी सुर्खियां बटोर चुका हैं। ताजा मामला काराकाट प्रखंड के संकुल संसाधन केंद्र मध्य विद्यालय चिकसिल का है। जहां ग्राम पंचायत चिकसिल के सरपंच राजेन्द्र राम और कुछ गांव के ग्रामीणों ने गुप्त सुचना के आधार पर मध्य विद्यालय चिलसील पहुंचे, जहां उनलोगो ने पाया कि सात बोरा एमडीएम का चावल गोदाम रूम से निकाल कर एक कावाड़ी वाला रूम में रखा हुआ था। जिसमे वर्ष का पानी भारा था। पंचायत सरपंच राजेंद्र राम ने बताया कि जब चावल रखें रूम का ताला प्रधानाध्यापक हिरा गुप्ता से खोलने को कहा तो प्रधानाध्यापक ने कहा कि इस कमरा का चाभी भूल गया है। लेकिन वहा उपस्थित विद्यालय के बच्चों ने दिखाया कि उस रूम में सात बोरा चावल चुरा कर रखा गया है। सरपंच ने बताया कि मामला सामने आने के बाद हिरा कुमार गुप्ता उन्हें और वहा उपस्थित बच्चों एवम ग्रामीणों को "गाली गलौज" किया गया। जिसके बाद सरपंच राजेन्द्र राम द्वारा काराकाट थाना पर फोन लगाने का प्रयत्न किया गया, मगर

फोन नहीं लगा। तब उन्होंने डीएसपी के फोन पर शिकायत किया। फिलहाल इस मामले में ग्राम पंचायत सरपंच ने रोहतास जिला अधिकारी को लिखित आवेदन दिया है। जिसपर क्या कुछ करवाई होती है देखने वाली विषय होगी। इससे पहले भी इस विद्यालय पर कई गंभीर आरोप लग चुका है। ज्ञात हो की विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुनीर आलम के द्वारा दिन में सरेआम मध्याह्न भोजन का चावल बेचने का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हुआ था। जिसपर आज तक कोई करवाई नही हुई। वही और भी कई आरोप विद्यालय के शिक्षकों पर लग चुका है जिसमे, विद्यालय में उपस्थिति दर्ज कर बगैर सूचना के विद्यालय से गायब हो जाना जैसा मामला शामिल है। लेकिन प्रखंड अधिकारियों की मिली भगत से आज तक कोई करवाई नही हुआ। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जिले में ईमानदार व स्वच्छ छवि वाले नव पदस्थापित जिलाधिकारी नवीन कुमार के द्वारा इस मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए क्या कुछ उचित कार्रवाई किया जाता है।

राजस्व वसूली में तेजी लाएं : समाहर्त्ता

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। किशनगंज,06 अक्टूबर।

समाहर्त्ता,किशनगंज तुषार सिंगला के द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में सभी अंचलाधिकारी के कार्यों एवम राजस्व संग्रहण से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई। अपर समाहर्त्ता,डीसीएलआर और सभी अंचलाधिकारी,राजस्व अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक में ऑनलाइन दाखिल खारिज,भू लगान वसूली,सेस,दखल देहानी, अभियान बसेरा, बासगीत पर्चा वितरण,एलपीसी निर्गत करने की अद्यतन स्थिति,गैर मजरूआ आम भूमि तथा गैर मजरूआ मालिक भूमि बंदोबस्ती ,लोक भूमि अतिक्रमण ,जल संचयन का अतिक्रमण,न्यायालय वाद, भू हदबंदी,भू-दान, सरजमीं सेवा एवम अन्य बिन्दु पर गहन समीक्षा करते हुए समाहर्त्ता ने राजस्व कार्यों पर आवश्यक निर्देश दिए। राजस्व

संग्रहण कार्य की समीक्षा उपरांत सभी अंचलाधिकारियो को ऑनलाइन दाखिल - खारिज वाद निर्धारित समयावधि में निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

लगान वसूली ममें वृद्धि लाने का भी निर्देश दिया गया। डीएम ने सभी अंचलाधिकारियो को निदेशित करते हुए कहा कि कार्यालय में आए लोगो से अवश्य मिलें और उनसे ठीक ढंग से बर्ताव करें। कही कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए,सभी अधिकारी जनता के कार्यों का निष्पादन तत्परता से करेंगे।

जैव प्रौद्योगिकी विभाग में विशेष अभियान 3.0

एससीडीपीएम 3.0 के तहत जैव प्रौद्योगिकी विभाग में लंबित मामलों के निपटारे का काम सुचारू रूप से शुरू

जैव प्रौद्योगिकी विभाग वीआईपी संदर्भों, सार्वजनिक शिकायतों, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्क्रैप के निपटान, कार्यालय और कार्यालय के बाहरी स्थानों को खाली करने और सौंदर्यीकरण जैसे मामलों की देरी को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग और उसके स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों (कुल स्थान 17) ने सुचारू रूप से काम शुरू कर दिया है।

अभियान के तहत विभाग और उसके स्वायत्त निकायों और सार्वजनिक उपक्रमों ने समीक्षा के लिए 23,000 से अधिक फिजिकल फाइलों और 700 ई-फाइलों की पहचान की है। चिन्हित की गई फिजिकल फाइलों में से 14,000 से अधिक फाइलों की समीक्षा कर ली गई है और अभियान के पहले सप्ताह के दौरान 13,000 से अधिक फाइलों को छंटनी के लिए अलग कर लिया गया है। 700 ई-फाइलों में से 134 फाइलें बंद हो चुकी हैं। लगभग 25,000 वर्ग फुट जगह खाली की गई है और इसका उपयोग बच्चों के पार्क और मनोरंजन क्षेत्र के रूप में किया जा रहा है। अब तक 70 प्रतिशत वीआईपी सन्दर्भों का निस्तारण किया जा चुका है और 50 प्रतिशत से अधिक लंबित जन शिकायतों का उत्तर दिया जा चुका है। विभाग अपने सभी संस्थानों में अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों को पोस्ट करने के लिए सोशल मीडिया का सक्रिय रूप से उपयोग कर रहा है। विभाग और इसके एबी की ओर से अब तक 60 से ज्यादा ट्वीट जारी किए गए हैं। विभाग के नोडल अधिकारी और सचिव, जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सभी लंबित मामलों का शीघ्रता से निपटान सुनिश्चित करने के लिए अभियान गतिविधियों और प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा की जा रही है।

बरसात अंत होते होते काव नदी में आया भयावह बाढ़

पांच करोड़ खर्च कर मनरेगा से हुई है नदी की सफाई

बाढ़ के पानी में डूब गया है हजारों एकड़ धान की फसल

बाढ़ उतरने पर किसानों को नफा-नुकसान की हो पायेगी जानकारी

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

बरसात का अंतिम दिनों में लगातार कई दिनों से हो रही बारिश से काव नदी में भयंकर बाढ़ आ गई है। जिससे नदी क्षेत्र में हजारों एकड़ धान की फसल पानी में डूब गया है। तेज रफ्तार से बढ रहे जल स्तर के कारण पानी नदी के किनारे से ऊपर निकल खेतों में बह रहा है। पानी में डूब चुके धान की फसल का किसानों को कितना नफा नुकसान हुआ है,इसकी जानकारी बाढ़ उतरने पर हीं मिल पाएगी।

बाढ़ को ले कहते हैं समाजसेवी

क्षेत्र के समाजसेवी अतुल चौबे,पूर्व प्रमुख राजेंद्र सिंह,भाई जयराम सिंह अकेला,मुन्ना सिद्धकी,सिपाही यादव समेत अन्य ने बताया कि विगत कई वर्षों से बाढ़ के कारण क्षेत्र के किसानों को धान की फसल का नुकसान हो रहा है। प्रखंड अंतर्गत

सुअरा,रोतवा,कुशधर,बिशनपुर कर्मकिला,राजपुर,मिश्रवलिया,पठखौलिया,पकड़ी,सियांवक,जिनोरिया,नोनियाडिहा,रामोडिह,छपरा गांव के किसानों को अपने सैकड़ों एकड़ धान की फसल का नुकसान सहना पड़ता है.बाढ़ का पानी कुछ किसानों की तो कमर हीं तोड़ देती है। ऐसा हर साल होता है,वावजूद भी किसानों को सरकार से फसल क्षति का कोई आर्थिक मदद नहीं मिलता। इस वर्ष लगभग पांच करोड़ रूपया खर्च कर सरकार ने मनरेगा से काव नदी की सफाई करवाई है। इस वर्ष बारिश काफी कम मात्रा में हुआ हैं,फिर भी एक बार धान की फसल के शुरूआती दिनों में बाढ़ आया था.दूसरी बार अब आया है।

कहते हैं पदाधिकारी

मामले में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनुज कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार के खाते में प्रखंड क्षेत्र बाढ़ क्षेत्र के रूप में दर्ज नहीं है। वावजूद भी काव नदी के बाढ़ पर नजर बनाए हुए हैं। किसानों के नुकसान की निगरानी हेतु कर्मियों को निर्देशित कर दिया गया है।

दस लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार की देर शाम पुलिस ने थाना अंतर्गत रामपुर गांव से गुप्त सूचना के आधार पर दस लीटर महुआ शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है । इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष सुन्देश्वर कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिला की रामपुर में देशी महुआ शराब की बिक्री की जा रही है। जिसके आधार पर तत्वरित का-

रवाई करते हुए छापेमारी की गई, जहां दस लीटर महुआ शराब के साथ मनिंदर चौधरी पिता सुदर्शन चौधरी को मौके से शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज के उपर मद्ध निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया।

वन्य प्राणी सप्ताह का किया गया आयोजन

दैनिक समाज जागरण अमन कुमार रोहतास

रोहतास जिले के रोहतास प्रखंड अंतर्गत शुक्रवार को रोहतास वन्य प्रक्षेत्र नगर पंचायत रोहतास द्वारा आयोजित कार्यक्रम - वन्य प्राणी सप्ताह अक्टूबर 2023 राधिका पब्लिक स्कूल के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का स्लोगन -जीव संरक्षण की कसम खाओ, हर एक जीव को आज से बचाओ । इस कार्यक्रम की शुरूआत रोहतास रेंज, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी हेमचंद मिश्रा एवं वन परिसर पदाधिकारी सोनू कुमार राम सहित अन्य वनकर्मी गण भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में उपस्थित राधिका

पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रामू प्रसाद , प्रिंसिपल चंदन कुमार,आलिया खान, दीपक कुमार, गुड्डू कुमार, राजेंद्र चौधरी एवं अन्य शिक्षक गण भी उपस्थिति रहे।

युवक ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

के०के०दूबे, वरीय संवाददाता दैनिक समाज जागरण, दिनारा रोहतास

रोहतास जिले में नटवार थाना अन्तर्गत सेमरा ओपी क्षेत्र के स्थानीय गांव में गुरुवार को एक युवक ने अपने घर में ही फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान अनीष कुमार (उम्र 17 वर्ष) के रुप में हुई है।जानकारी के अनुसार मूल रूप से सेमरा गांव निवासी दशरथ सिंह का 17 वर्षीय पुत्र अनीष कुमार अपने घर में अकेला था।उसी दौरान उसने इस घटना को अंजाम दिया। जब घटना की सूचना उसके परिजनों को मिली तो उनके होश उड़ गए। इस संबंध में ओपी प्रभारी मनोज राम ने बताया कि दो दिन पूर्व पारिवारिक विवाद हुआ था, जिससे गुस्सा में आकर अनीश ने आत्महत्या कर लिया। उन्होंने बताया कि जिस समय अनीश ने आत्महत्या

किया था उस समय घर में कोई सदस्य नहीं था। उसकी मां जिउतिया पर्व के समान खरीदने बाजार करने नोखा जबकि पिता देहात में सतु बेचने गये थे। जैसे ही इस घटना की जानकारी परिवार वालों को मिली। परिवार वालों ने दौड़े दौड़े आए तथा शव के पास दहाड़ मारकर रोने बिलखने लगे। ग्रामीणों द्वारा इस घटना के बारे में पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम कराने के लिए सासाराम भेज दिया। जहां पोस्टमार्टम करा कर शव को स्वजन को सौंप दिया गया है।ओपी प्रभारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने पर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। मृतक दो भाइयों में छोटा भाई था।

करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ, रोहतास

रोहतास जिला के दावथ थाना क्षेत्र अंतर्गत बभनवल गांव निवासी 40 वर्षीय रासबिहारी यादव की मौत बिजली का करंट लगने से हो गई है। घटना के संबंध में मृतक के बेटा लवकुश कुमार ने बताया कि उनके पिता मवेशी की चारा काटने दोपहर में खेत गये थे।इसी दौरान धारा प्रवाहित विधुत तार की चपेट में आने के दौरान करंट लग गया और मृत्यु हो गयी। मौत होने से आक्रोशित लोगों ने बिक्रमगंज मलियाबाग पथ को जाम कर आवागमन वाधित कर बिजली विभाग के जेई व आला को बुलाने लगे हालांकि अफसरों ने उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराया। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद स्वजनों को शव सौंप दिया गया है।

सरकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतू की गई बैठक

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार व्यूरो रोहतास

उप विकास आयुक्त रोहतास के कार्यालय कक्ष में जिला शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आइसीडीएस) जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, डी0आर0सी0सी0 प्रबंधक के साथ एक समन्वयक बैठक की गई। बैठक का मुख्य उदेश्य सरकारी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाना। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर निदेश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु घर-घर से कचड़े का उठाव कर उचित प्रबंधन किया जा रहा है। इस कार्य को सटेन्बल बनाने के लिए यह जरूरी है कि उपभोक्ता शुल्क का संग्रहण भी किया जाय। इस हेतु आम जनता में जागरूकता अभियान चलाया जाना जरूरी है। उप विकास आयुक्त के द्वारा जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 एवं जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका को निदेश दिया गया कि वे सभी आँगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी

से घर-घर जाकर विशेष जागरूकता अभियान चलाये।

आगामी लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के पूर्व तैयारी के क्रम में मतदाता सूची में योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने विशेषकर महिलाओं का सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु सभी संबंधित विभाग को जागरूकता अभियान चलाने का निदेश गया। साथ ही मनेरगा जॉबकार्ड में भी महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए निदेश दिये गये। स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड बनावाने एवं अन्य योजनाओं पर भी संबंधित विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक निदेश दिये गये। बैठक में जिला शल्य चिकित्सा पदाधिकारी, के0एन0 तिवारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, पुष्कर कुमार, जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, सौरव तिवारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा, राजेन्द्र पाठक, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, प्रासन कुमार, डी0आर0सी0सी0 प्रबंधक, जिला समन्वयक अखिलेश्वर कुमार पाण्डेय, जिला सलाहकार एसएलएमब्लू मो0 शाहबाज रहीम, जिला सलाहकार रवि कुमार उपस्थित रहे।

सिरिसियाँ में चंद्रयान 3 के तर्ज पर बनेगा दुर्गा पुजा पंडाल

दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत सिरिसियाँ में इस वर्ष दुर्गा मंडप चंद्रयान 3 के रूप में निर्माण हो रहा है। वही आदर्श शिवशक्ति समिति के अध्यक्ष ओमकार पाण्डेय ने बताया कि चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग का जश्न पूरे देश में मनाया गया। इसी को देखते हुए सिरिसियाँ आदर्श शिवशक्ति समिति द्वारा पंडाल की डिजाइन चंद्रयान पर आधारित होगा जो देखने में अलग ही प्रकार का अनुभव और मनमोहक लगेगा। वही पूजा समिति अपने पंडाल बारे में बताते हुए कहा चंद्रयान 3 सफल लैंडिंग हमसब के बीच देशबंधुता और देशभक्ति का संदेश देगी। इस पंडाल का निमार्ण समिति के सदस्यों द्वारा ही तैयार किया जा रहा है। सिरिसियाँ पंडाल इसकी जुबा बनेगी की हमारी विज्ञान और संस्कृति में कोई अंतर नही। वही इस पंडाल की ऊंचाई लगभग 50 फीट होगी। जिसमें श्रद्धालु मां दुर्गा की प्रतिमा, पंडाल और अन्य कलाकृतियों की सुंदर लुभावन से प्रखंडवासी झूमते दिखेंगे।

गिरफ्तारी: बैंक फ्रॉडर को पुलिस ने नालंदा से गिरफ्तार कर भेजा जेल

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

छः वर्षों से फरार काराकाट थाना में प्राथमिकी अभियुक्त को प्रशिक्षु डीएसपी सह काराकाट थानाध्यक्ष शहनवाज अख्तर ने एक अभियुक्त को नालंदा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त अयाज पिता अब्दुल गफ्फार जो नालंदा

के बेन गांव का बताया जाता है। बताया गया कि वर्ष 2017 में बैंक खाता से धोखाधड़ी के मामले में प्राथमिकी अभियुक्त था। प्रशिक्षु डीएसपी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए। छापेमारी कर नालंदा से गिरफ्तार किया। बताया गया कि वर्ष 2017 में बैंक से खाताधारी रिजवाना खातून के खाता से 2 लाख 10 हजार सात सौ रुपये की तीन बार में धोखाधड़ी कर निकासी किया गया था। जिसमें 2017 में दो लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। बताया गया कि एक अभियुक्त अभी भी फरार चल रहा है उसकी भी बहुत जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी। गिरफ्तार बैंक फ्रॉडर को जेल भेज दिया गया।

शिविर में दो सौ लोगों ने आवास,पेंशन व शौचालय राशि के लिए दिया आवेदन

दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी राजपुर रोहतास

रोहतास जिले के राजपुर प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत में आयोजित शिविर के दौरान आवास,पेंशन व स्वच्छता की समस्या से जुझ रहे दो सौ दो लोगों ने आवेदन दिया है।जानकारी देते हुए बीडीओ रविराज ने बताया कि छः

अक्टूबर को सभी पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। जहां प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के लाभ,समाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाले पेंशन व पुराने पेंशन धारकों की समस्याओं के निराकरण तथा स्वच्छता के लिए बनाये गए शौचालय की राशि भुगतान के लिए योग्य लाभुको से आवेदन लिए गए। इस दौरान आवास निर्माण के लिए 152 पेंशन के लिए 18 व शौचालय राशि की भुगतान के लिए 32 लोगों ने आवेदन दिया। सभी के समस्याओं का निराकरण के लिए संबंधित विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को निर्देशित कर दिए गए हैं.शनिवार को भी शिविर अनवरत जारी रहेगा।

पुलिस गिरफ्त से फरार शराब कारोबारी को उत्पाद ने चेनारी से किया गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास

रोहतास जिले के काराकाट थाना क्षेत्र के पशु मेला काराकाट से गिरफ्तार शराब कारोबारी कोविड-19 के जांच के दौरान सदर अस्पताल सासाराम से फरार हो गया। जिसे काफी मशक्कत के बाद पुलिस चेनारी से गिरफ्तार कर भेजा जेल। उत्पाद निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पशु मेला काराकाट से शराब कारोबारी मजनू डोम को देसी महुआ शराब के साथ गुरुवार को गिरफ्तार किया गया था। शुक्रवार को उसे कोविड -19 की जांच के लिए सदर अस्पताल सासाराम ले जाया गया, जहां से पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। काफी तलाश के बाद उसे चेनारी से पुनः गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने ने बताया कि अस्पताल से फरार होने के बाद वह चेनारी में अपने रिस्तेदार के यहां छीपा हुआ था।

शिकायतों के समाधान हेतु अनुश्रवण कोषांग गठित

दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यूरो

विभिन्न स्तरों पर आम जनों से प्राप्त होने वाली शिकायतों, विभिन्न डैस बोर्ड तथा जनता दरबार में प्राप्त होने वाले शिकायतों के त्वरित समाधान और

अनुश्रवण हेतु जिला पदाधिकारी नवीन कुमार द्वारा अनुश्रवण कोषांग का गठन करने और सम्यक निवारण को सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। अपर समाहर्ता -सह- जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को अनुश्रवण कोषांग का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। इस कोषांग के द्वारा आम जनों से प्राप्त शिकायतों के निवारण और सतत अनुश्रवण के लिए संबंधित विभागों से आवश्यक समन्वय और निदेश देने का कार्य किया जायेगा।

मनरेगा विभाग में बिना काम कारण पैसे की की गई निकासी

दैनिक समाज जागरण अश्वनी कुमार सिंह पिंटू कोईलवर

भोजपुर जिले में मनरेगा के द्वारा नारायणपुर गांव में बिना काम कराए पैसे की हुई निकासी, जनता दल यू के पूर्व जिला प्रवक्ता ने दी जानकारी । कोईलवर प्रखंड के दौलतपुर पंचायत अंतर्गत नारायणपुर गांव में मनरेगा के द्वारा सुनील राय के खेत से रंजीत राय के खेत तक आहर उड़ाही कार्य के बारे में जानकारी देते हुए जनता दल यु के पूर्व जिला प्रवक्ता राकेश कुमार कौशल उर्फ पप्पू यादव ने बताया कि मनरेगा विभाग के जेई अरुण कुमार तथा रोजगार सेवक श्वेता कुमारी एवं अन्य पदाधिकारी के मिली भगत से हमारे हमारे गांव में बिना काम कारण पैसे का निकासी कर लिया गया है साथ ही उनके द्वारा यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि यहां इस तरह के योजना पर किसी भी तरह से मनरेगा के द्वारा काम नहीं किया गया है ।और मनरेगा विभाग के बारे में अपसरों के द्वारा लूट खसोट करने की बात भी कही गई साथ ही उन्होंने बताया कि मनरेगा विभाग के द्वारा पूर्व में पशुओं को खाने के लिए चरण का निर्माण कराने के बाद भी मुझे पैसा नहीं मिला मनरेगा पियारेस के द्वारा राशि गमन कर ली गई। पूर्व जिला प्रवक्ता के शिकायत पर इस योजना के बारे में ऑनलाइन जानकारी लिया गया तो उसमें बताया जा रहा है कि योजना का नाम नारायणपुर में सुनील राय के खेत से रंजीत राय के खेत तक आहर उड़ाही कार्य साथ ही योजना कोड आइसी /20461711 बताया जा रहा है और इस योजना में पहले मास्टर रोल 6/ 6/ 2023 से 20/ 6/ 2023 तक 156408 26/6/023 को निकासी हुई है। वही दूसरे मास्टर रोल 21/ 6/ 2023 से 30 /6/ 2023 तक 91200, 3/7/23 को तथा अंतिम तीसरा बार मास्टर रोल 16/ 9/ 2023 से 25 /9/ 2023 तक 86640 रुपए 3/10/ 2023 को निकासी हुई है जबकि पूर्व जिला प्रवक्ता के द्वारा मनरेगा से इस तरह की किसी भी तरह के कार्य मेरे गांव में नहीं होने की बात बताई गई । वही उनके द्वारा बताया गया कि बिना काम करें पैसे की निकासी हुई है वही इस संबंध में रोजगार सेवक श्वेता कुमारी से जब बात करने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

दिव्यांगजन का सहायक सामग्री का वितरण आज

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड में आज शनिवार को सुबह 11 बजे से केंद्रीय मंत्री सह सांसद आर के सिंह के द्वारा संचालित योजना आलिमको के द्वारा चयनित दिव्यांगजनो का सहायक उपकरण सामग्री का वितरण प्रखंड परिसर में किया जायेगा । सहार प्रखंड के सभी पंचायतों से कुल 95 दिव्यांगों को इस योजना के लाभ हेतु चयनित किया गया है । प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने बताया कि दिव्यांगो को मुख्य धारा में शामिल करने और उनको सहायक उपकरण उपलब्ध कराने से ले कर उन्हे स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार के द्वारा कई योजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है । इस योजनाओं का लाभ सभी दिव्यांगो तक पहुंचाने का प्रयास सरकार और प्रशासनिक स्तर पे लगातार किया जा रहा है । सहार प्रखंड से चयनित सभी दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल, व्हिल चेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र के साथ कई सहायक उपकरण का वितरण किया जाना सुनिश्चित किया गया है ।

एक दिवसीय सेंगेल अभियान को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन, सरना धर्म कोड लागू करे सरकार

राहुल, दैनिक समाज जागरण किशनगंज

शुक्रवार को खगड़ा स्थित सम्राट अशोक भवन सभागार में सरना धर्म कोड को लेकर एक दिवसीय सेंगेल अभियान के तहत कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया।पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा कि सेंगल अभियान देश के सात राज्यों झारखंड, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, बंगाल,बिहार व आसाम के 50 जिलों में जहां जहां आदिवासी ज्यादा हैं वहां हम कार्य कर रहे हैं।पूर्व सांसद ने कहा कि हमे सरना धर्म कोड की मान्यता मिलनी चाहिए।इसके लिए कई बार जनसभा की गई है।उन्होंने कहा कि 8 नवम्बर को झारखंड की राजधानी रांची में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।जिसमें सरना धर्म कोड की मान्यता दिए जाने की मांग जनसभा के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री से की जाएगी। केंद्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू ने कहा कि हमे सरना धर्म कोड की मान्यता मिलनी चाहिए।प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ टुडू व मुंसि मुर्मू ने भी सभा को संबोधित किया।पूर्व सांसद श्री मुर्मू प्राचीन भाषा संथाली है,जिसे आठवी अनुसूची में

शामिल किया गया है। इसके लिए विद्यालय में पढ़ाई नही होती है।वही बंगला,उर्दू आदि भाषा की पढ़ाई होती है।संथाली भाषा को झारखंड में प्रथम भाषा घोषित किया जाय।उन्होंने कहा आजादी के 75 वर्ष बाद भी आदिवासियों का विकास नही हो रहा है। आदिवासियों को आज भी एक षड्यंत्र के तहत इन्हे बरगलाया जाता है और उन्हें अंधविश्वास, डायन प्रथा आदि कुरीति से मुक्ति नही मिल रही है। देश में आज आदिवासी समाज की विद्वान महिला राष्ट्रपति है। सेंगल अभियान के इस मुहिम को मंजिल जरूर मिलेगा। हमलोग 2024 में अपनी एक जुटता का परिचय देते हुए सरना धर्म कोड लागू करने में सफल होंगे। सरना धर्म को लेकर लोगो में जागृति बढ़ी है। इस अवसर पर सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय संयोजक सुमित्रा मुर्मू, जिलाध्यक्ष राजा मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ टुडू, मुंशी मुर्मू आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

फर्जी तरीके से लिये गये सोलह लाख अठत्तर हजार रुपए कराया गया वापस

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

पीड़िता शीला रानी जायसवाल उम्र 66 वर्ष पति अरसी प्रसाद जायसवाल साकिन हलीम चौक वार्ड नं.-22 थाना व जिला किशनगंज के कोर्ट परिवाद के आधार पर किशनगंज थाना में कांड सं.-259 /22.06.23 फर्जरी के अन्तर्गत प्राथमिकी नामजद अभियुक्त नवनीत कुमार पिता मोहन लाल विश्वास, साकिन कोचाली थाना-डगरूआ, जिला-पूर्णियाँ एवं अन्य 11 अभियुक्तों के विरूद्ध वादिनी से इन्वेस्टमेंट प्लान के तहत फर्जी तरीके से (15,78,000)पन्द्रह लाख अठत्तर हजार रूपया विभिन्न खातों में स्थानांतरित करने के आरोप में अंकित किया गया था। पुलिस अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त द्वारा विभिन्न खातों में कुल (16,78,000) सोलह लाख अठत्तर हजार रुपए स्थानांतरित किया गया था। पुलिस अनुसंधान के क्रम में अभियुक्तों के घर पर निरंतर छापामारी की गयी। सभी अभियुक्त गिरफ्तारी के भय से अपने घर से अनुपस्थित पाये गये। निरंतर की जा रही छापेमारी के भय से अभियुक्तों द्वारा इस सप्ताह वादिनी के खाते में चार लाख रूपया स्थानांतरित किया गया है। इस प्रकार दिनांक 05.09.23 से 03.10.23 तक वादिनी के खाते से लिये गये सभी रुपए कुल (16,78,000) सोलह लाख अठत्तर हजार) रिकवरी कराया गया।

जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी लोक सभा आम निर्वाचन

2024 के निमित जिला में प्राप्त ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम स्तरीय चेकिंग के संदर्भ में मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ समीक्षात्मक बैठक संपन्न

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

किशनगंज , 06 अक्टूवर।किशनगंज जिलाधिकारी, तुषार सिंगला की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त जिला में प्राप्त ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रथम स्तरीय चेकिंग(एफ एल सी) के संदर्भ में मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक आयोजित की गई।जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त सभी राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/ सचिव / प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया एवम् ईवीएम/वीवीपैट के फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य के सम्बन्ध में तथ्यों से अवगत कराया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार किशनगंज जिले को प्राप्त बी.यु./सी.यु एवं वीवीपैट के अंतर्गत बीयू-1549, सीयू-1543 एवं वीवीपैट-1650 का प्रथम स्तरीय जाँच (एफएलसी) का कार्य दिनांक 09.10.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 17:10 2023 तक समाप्त होगा। इसके लिए ईसीआई-ईएल, हैदराबाद के द्वारा कुल 15 अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रथम स्तरीय जॉच का कार्य पुराना अनुमंडल कार्यालय के पीछे ईवीएम वेयरहाऊस के हॉल में सम्पन्न किया जायेगा। यह कार्य लगातार सामान्य दिनों की तरह अवकाश दिनों में भी प्रातः 09:00 बजे से 07:00 बजे अपराह्न तक किया जायेगा।

ई०वी०एम० एवं वीवीपैट के प्रथम स्तरीय जाँच (एफएससी) के पश्चात मॉक पोल भी किया जाना निर्धारित है। मॉक पोल राजनैतिक दलों के

प्रतिनिधियों को उपस्थिति में किया जाना है। साथ ही, एफएलसी डड ईवीएम के पिंक पेपर सिल पर उनके द्वारा भी हस्ताक्षर किया जाना है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया गया कि उक्त एफएलसी कार्य हेतु निर्धारित अवधि में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित रहेंगे। उपस्थित प्रतिनिधियों को यह भी जानकारी दी गयी कि एफएलसी हॉल में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र आवश्यक है। अतएव अनुरोध किया गया है कि जिला निर्वाचन कार्यालय से ससमय अपना-अपना प्रवेश पत्र प्राप्त कर लेंगे। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनर्ीक्षण 2024 के लिए निर्धारित कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ बीएलए की नियुक्ति हेतु सभी उपस्थित प्रतिनिधियों से पुनः अनुरोध किया गया।

एफएलसी के दौरान किसी भी पार्टी के प्रतिनिधियों को एफएलसी हॉल में मोबाइल/ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रवेश वर्जित रहेगा।एफएलसी का सीसीटीवी कैमरा से निगरानी की जाएगी, जिसमें आईपी एड्रेस रहेगा, जिसका जिला निर्वाचन पदाधिकारी ,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुश्रवण किया जाएगा ।

इस अवसर पर एडीएम,सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ,उप निर्वाचन पदाधिकारी, राजनीतिक दल के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे ।

मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली गयी प्रखंडस्तरीय अमृत कलश यात्रा

दैनिक समाज जागरण:सतीश कुमार पीरों भोजपुर

भोजपुर जिले के पीरों प्रखंड में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) और उप डाकघर ने मिलकर इस अमृत काल में प्रखंडस्तरीय मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा में अमृत वाटिका निर्माण कार्य के लिए मिट्टी और चावल एकत्रित करने का कार्यक्रम किये जो अमृत कलश मे एकत्रित मिट्टी और चावल को राजधानी दिल्ली मे अमृत वाटिका के निर्माण के लिए भेजा जावेगा इस कार्यक्रम में पीरो अनुमंडल के डाक निरीक्षक अजीत कुमार,उप डाकपाल अरुण कुमार,डाक सहायक प्रमोद कुमार, राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक आशुतोष कुमार और प्रकाश कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सभी देश वासियों को

इस अभियान से जोड़कर शहीदों को श्रद्धांजलि देना है।जहां वीरों की याद में इंडिया गेट पर बने युद्ध संग्रहालय के समीप अमृत वाटिका का निर्माण किया जायेगा जो अमृत वाटिका देश के एकता और अखंडता में योगदान देगी इस कार्यक्रम आर्दश युवा क्लब के सचिव रोहित सिंह,पवन कुमार,रौशन सिंह ,ग्राम बचरी के डाकपाल अखिलेश कुमार ,नगराव के डाकपाल अशोक कुमार ,ठकुरी के सहायक डाकपाल संतोष कुमार,डुमरिया सहायक डाकपाल कमलेश कुमार,सेदहॉ डाकपाल रविशंकर राय,धनौती डाकपाल संतोष कुमार आदि सहित अन्य मौजूद रहे ।

पीरो शहर में आज ठप रहेगी विद्युत आपूर्ति

दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पिरो भोजपुर

भोजपुर जिले के पीरो नगर क्षेत्र में शनिवार को पूरे दिन विद्युत आपूर्ति ठप रहेगी। इस संबंध में दक्षिण बिहार पावर होल्डिंग कापोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों ने विधिवत सूचना जारी की है। अधिकारियों के अनुसार शनिवार को पीरो नगर में चार 04 ट्रास्फर्मर का एलटी केबल बिछाने का काम है जिसमे डीएसपी आवास के पास 100 kva केदार सेठ के पास 200 kva , भट्ठी पुल के पास 100kva व नाला पर 200kva का ट्रासफार्मर का एलटी केबल विछाया जाना है। इस कारण पीरो टाउन फीडर सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । वैसे मौसम को देखते हुए कार्य स्थगित किए जाने या समय परिवर्तन होने पर फीडर से विद्युत आपूर्ति के समय में बदलाव संभव है। विभागीय अधिकारि साकेत कुमार ने उपभोक्ताओं को असुविधा से बचने के लिए आपूर्ति बंद होने की पूर्व सूचना जारी की है। जानकारी के लिए बता दे की पूर्व में भी केवल बदलने हेतु सूचना जारी किया गया था। लेकिन खराब मौसम के कारण दोबारा से यह सूचना जारी किया गया। विधुत विभाग द्वारा एक और सूचना भी जारी की गई है। जिनका दो माह से अधिक का बिजली बिल बकाया है काऊन्टर अथवा ऑनलाईन जामा कर दे अन्यथा विधुत बिक्षेदन कर दिया जायेगा।

सड़क हादसे में जख्मी अज्ञात अधेड़ मौत

दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर

भोजपुर जिले में हुए सड़क हादसे में जख्मी अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में गुरुवार की शाम ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी आलम रहा। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। लेकिन सूचना मिलने के करीब सात घंटे बाद स्थानीय थाना आरा सदर अस्पताल पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार की दोपहर वह जख्मी हालत में उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड पर गिरे पड़े थे। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई थी। जिस-ाके बाद स्थानीय थाना द्वारा उदवंतनगर अंतर्गत डायल 112 नंबर पुलिस वाहन को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर डायल 112 नंबर पुलिस वाहन घटनास्थल पर पहुंच उन्हें जख्मी हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आई थी। जहां इलाज के दौरान गुरुवार की शाम ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई थी। आपको बता दे कि जिले के लगभग थानों के द्वारा जख्मी हालत में अज्ञात व्यक्ति को इलाज के द्वारा सदर अस्पताल लाया जाता है। जब इलाज के दौरान उनकी मौत हो जाने के बाद जब अस्पताल प्रशासन द्वारा उन्हें इस घटना से अवगत कराया जाता है तो उनके द्वारा कहा जाता है कि मैं अस्पताल मे भेज दिया था। अब यह काम मेरा नही अस्पताल की है और यह कह कर लोग टाल देते हैं।

लापता युवक का शव हुआ बरामद

दैनिक समाज जागरण वेद प्रकाश यादव ब्यूरो भोजपुर

भोजपुर जिले के आरा में दो दिन से लापता एक युवक का पीट कर हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। उसका शव शहर के टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल के नीचे मुक्तिधाम के गेट के समीप से शुक्रवार की दोपहर बरामद हुआ है। पुलिस ने मृतक के मुंह एवं नाक से खून निकलता एवं शरीर के कई जगह पर जख्म का निशान पाया गया है। जिसके कारण मारपीट कर उसकी हत्या कर शव को फेक जाने की आशंका जा रहा है। शव के मिलने से आसपास की इलाके में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दे गई। सूचना मिलते ही टाउन थाना अध्यक्ष संजीव कुमार अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव अपने कब्जे में लेकर उसका सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के धरहरा पुल पुरानी पानी टंकी वार्ड नंबर 29 निवासी काशीनाथ त्रिपाठी का 22 वर्षीय पुत्र टनटन कुमार है। इधर मृतक के बड़े भाई ओम नारायण ने बताया कि बुधवार की सुबह वह मुझसे बाइक की चाभी मांग कर बाइक लेकर घर से निकला था। बुधवार की शाम ही मुझे पता चला कि उसने बाइक को आरण्य देवी निवासी विजय कुमार गुप्ता के पास गिरवी रख दिया है और उसकी दुकान बड़ी मस्जिद के पास है। उसने बताया कि उसका मृत भाई नशा करता था। जिसके कारण उसने घर का गहना एवं अन्य चीजों को पहले से उसके पास गिरवी रख दिया था। जब इस संबंध उसने विजय कुमार गुप्ता से कहा कि तुमने बाइक गिरवी क्यों रखा तो उसने कहा कि मेरा यही धंधा है। इसके बाद गुरुवार

की दोपहर वह टाउन थाना में लिखित आवेदन लेकर गया था। वहां थाना में मौजूद पुलिस पदाधिकारी द्वारा बोला गया कि जिस व्यक्ति के पास तुम्हारे भाई ने बाइक गिरवी रखा है। उसे बुलाकर ले आओ। जब वह विजय कुमार गुप्ता को बुलाने गए तो उसने कहा कि मैं थाना में नही जाऊंगा,थाना को बोलो मेरे पास आए। इसके जब वह दुबारा थाना पर गया। जिसके बाद उनके द्वारा बोला गया कि वह नहीं आ रहा है तो तुम उसका मोबाइल नंबर ले आओ। लेकिन उसने अपना मोबाइल नंबर भी नहीं दिया। वही ओम नारायण ने बताया कि उसका मृत भाई अपने बाबू नामक दोस्त के साथ रहता था और उसी के साथ नशा भी करता था। जब उसने बाबू से गुरुवार को पूछताछ की उनका भाई कहा है तो उस समय उसने कहा कि वह तो मेरे साथ बुधवार को सुबह 9 तक था। इसके बाद वह कहां गया मैं नहीं जानता। उसके बाद उसने कहा कि चलिए गांगी पुल के नीचे उसे खोजते हैं। जैसे ही वे लोग गांगी पुल के नीचे पहुंचे। तभी बाबू वहां से लापता हो गया। वहीं दूसरी ओर मृतक के भाई ओम नारायण ने उसके दोस्त बाबू पर ही मारपीट कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व पांच बहन में चौथे स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां सुनैना देवी,पांच बहन सुनीता, काजल,मीनू , निमी,अनीता व दो भाई ओम नारायण प्रसाद एवं धनु कुमार है घटना के बाद मृतक के घर में हाहाकार मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां सुनैना देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

सिक्किम घूमने गए एक ही परिवार के पांच लोगों का पता नहीं, परिवार जन चिंतित

बिभूति भूषण भद्र झाड़ग्राम जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण

सिक्किम घूमने गए शहर के एक ही परिवार के बच्चे समेत पांच लोग लापता बताए जाते हैं। इनके घर झाड़ग्राम नगर पालिका क्षेत्र के गायघाटा इलाके में है। पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अरुण कुमार रथ के दो पुत्र सुभोदीप रथ, अपूर्ब रथ, पुत्रवधू सुप्रिया रथ नीला रथ व चार वर्षीय पोता अर्नेश रथ 01 अक्टूबर को सिक्किम के लिए रवाना हुए।हालांकि बुधवार सुबह से उनका कोई पता नहीं चल पा रहा है।पिता अरुण कुमार रथ ने बताया उन्होंने हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सेना से बात की है। परंतु अभी तक कोई परिणाम नहीं मिल पाया है। जिस कारण वे काफी चिंतित हैं।

वहीं दूसरी ओर नयाग्राम थाना अंतर्गत पतिना गांव निवासी काली

शंकर राणा का भी कोई खोज खबर नहीं मिल रहा है। उक्त युवक सिक्किम में कंस्ट्रक्शन काम करने के लिए गया था।

गौरतलब हो कि उत्तरी सिक्किम में ल्हनोक झील पर बादल फटने से बड़ी तबाही मची है। तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई है। इस घटना में अब तक दर्जनों से अधिक लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। वहीं सेना के 22 जवान समेत 102 लोग लापता बताए गए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से सिक्किम भ्रमण पर गए लोगों के परिवारजन काफी चिंतित एवं भयभीत है।

हार्डवेयर दुकान का बैंक शाखा प्रबंधक ने किया उद्घाटन

दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के प्रखंड मुख्यालय स्थित चरपोखरी बाजार में हार्डवेयर दुकान का उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक पसौर के शाखा प्रबंधक चंदन किशोर द्वारा फीता काट कर किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजिक कार्यकर्ता प्रशांत कुमार मिंटु ने कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए युवा वर्ग

के कामगारों को प्रोत्साहित करने के लिए समाजिक कार्यकताओं को बढ़चढ़कर हिस्सा लेने की आवयकता है। इस दौरान शाखा प्रबंधक चंदन किशोर ने कहा कि युवा वर्ग के कामगारों को मदद करने के लिए पंजाब नेशनल बैंक हमेशा तैयार रहता हैं क्षेत्र में पड़ने वाले लाभाथीर्यों को बैंक आर्थिक मदद करता रहा है।इस अवसर पर अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक पसौर के शाखा प्रबंधक चंदन किशोर,प्रशांत कुमार मिंटु,धीरज कुमार,नीरज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

आठपा में लगा मुफ्त स्वास्थ जांच शिविर

दैनिक समाज जागरण: ओमजी तिवारी सहार भोजपुर

भोजपुर जिले के शहर प्रखंड अंतर्गत केंद्रीय मंत्री सह सांसद आर के सिंह के द्वारा अनुसंशित योजना व भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के सहयोगी आर ई सी के द्वारा संचालित योजना डॉक्टर आपके द्वार के तहत सहार प्रखंड

के अंधारी पंचायत के अठपा गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम के द्वारा मुफ्त शिविर का आयोजन किया गया । डॉक्टर चंदन जी फार्मासिष्ट विनय पटेल नर्स योगेश कुमार के द्वारा लगभग साठ लोगों को मुफ्त जांच कर दावा दिया गया । प्रखंड के हरेक गांव में रह रहे गरीब किसान मजदूर एवम अन्य लोगों का इलाज कर मुफ्त दवा देकर इस योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाया जा रहा है ।मौके पर सहार मंडल अध्यक्ष रविरंजन सिंह महामंत्री राजेश राय ,नारायण जी उपाध्यक्ष अशोक कुमार,सहित अन्य दर्जनों ग्रामीण एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

मोटरसाइकिल की टक्कर से बुजुर्ग घायल, स्थिति नाजुक

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार थाना क्षेत्र के बंसी डिहरी गांव के समीप स्टेट हाईवे पर पैदल बुजुर्ग पेउर गांव निवासी स्वर्गीय बासरोपण राम का पुत्र लालाराम संदेश की ओर से सहार की ओर आ रहे थे, मोटरसाइकिल सवार संदेश थाना क्षेत्र के मोहम्मद वकील का पुत्र मोहम्मद रोजा से टक्करा गए। पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही दोनों घायलों को इलाज के लिए सहार सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग व्यक्ति की स्थिति नाजुक को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया।

भीषण सड़क हादसे में 5 लोग गंभीर रूप से जख्मी

दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर

भोजपुर जिला अंतर्गत खैरा सहार स्टेट हाईवे पर खैरा के समीप आमने-सामने मोटरसाइकिल की टक्कर से पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार एक अपाची मोटरसाइकिल पर सवार चार लोग सहार थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी बिंदा रजक का पुत्र अजीत कुमार, सुरेश सिंह का पुत्र गुड्डू कुमार, कुंवर सिंह का पुत्र आकाश कुमार एवं भीम

सिंह का पुत्र विशाल कुमार तथा दूसरा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर एक सवार चरपोखरी थाना क्षेत्र के अकोढा गांव निवासी स्वर्गीय नवल किशोर पासवान का पुत्र मुकेश पासवान बताया गया है। हालांकि पांचो लोग बुरी तरह से घायल हैं। घायलों की स्थिति नाजुक होने से रेफर कर दिया गया। घटना की खबर मिलते ही सहार थाना पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सक संजय कुमार शर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थिति को देखते हुए घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया। वही सहार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दो एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी लेकिन एक एंबुलेंस पटना रिपेरिंग हेतु गया था और एक ही एंबुलेंस दो बार अरवल सदर अस्पताल पहुंचाने गया था । इसी बीच परिजनों को सूचना मिलते ही आनन फानन मे सहार अस्पताल पहुंचे। और घायलों के साथ बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अरवल भेज दिया गया ।

फुआ के गांव से घर लौट रहा युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से हुआ जख्मी

दैनिक समाज जागरण विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर

भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमराव होटल के समीप दो बाइक के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आनन फानन में जख्मी युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी लाया गया।जहां चिकित्सकों की देखरेख में युवक का प्राथमिक उपचार किया गया।लेकिन युवक की स्थिति चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जख्मी युवक की पहचान रमासाड़ गाँव निवासी ललन यादव का पुत्र विशाल कुमार बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के मदई गांव अपने फुआ के घर आया हुआ था। और शुक्रवार की शाम अपने गांव लौट रहा था। उसी दरमियान सेमराव होटल के के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक से युवक की बाइक की भिड़ंत हो गई जिसमें युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतेन्दु मिश्रा पहली बार पहुंचेंगे शहर, भव्य स्वागत की तैयारी !:- चंदन ठाकुर

समाज जागरण
भागलपुर (बिहार)शुक्रवार को आस्था गार्डन मेँ अंतिम समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष संतोष कुमार के द्वारा की गयी।
जिला अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा की भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के उपरांत प्रथम जिला आगमन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भारतेंदु मिश्रा का युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भव्य आतिशी स्वागत करेंगे।
भाजयुमो जिला अध्यक्ष चंदन ठाकुर ने कहा की भाजयुमो के बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतेन्दु मिश्रा शनिवार को पहली बार भागलपुर पहुंचेंगे इसको लेकर कार्यकताओं ने भव्य अभिनंदन की तैयारी की है।
भारतेन्दु मिश्रा के आगमन को देखते हुए पूरे शहर में बैनर व पार्टी का झंडा लगाया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष का भव्य और परंपरागत रूप से ढोल-नगाड़ों के साथ उनकी अगवानी होगी। नवगछिया से भागलपुर यहां आने के क्रम में वीर

कुंवरसिंह चौक पर उनका स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा जिसका समापन आस्था गार्डन मुंदीचक पर सम्बोधन से होगा जिसमे कार्यकर्ता शामिल होंगे।आज की समीक्षा बैठक मेँ जिला प्रभारी आनंद प्रकाश, निवर्तमान भाजयुमो अध्यक्ष अजित विनोद सिन्हा, कुश पांडेय,अनुज झा, सूरज जायसवाल,सिद्धार्थ सोलंकी, अमित ट्विंकल, सुधाकर सोनू, नीतीश यादव,सांडालिया नंदिकेश, दिपक कुमार, मोहित सिंह, आकाश, मंगल मूर्ति, आशीष आनंद उपस्थित रहे।

मुजफ्फरपुर नरकटियागंज रेल खंड के जीवधारा स्टेशन पर जल्द ही वाशिंग पिट का निर्माण कार्य शुरू होगा

समाज जागरण जिला ब्यूरो चीफ
राम बालक राम

मोतिहारी (बिहार)मुजफ्फरपुर नरकटियागंज रेल खंड के जीवधारा स्टेशन पर जल्द ही वाशिंग पिट का निर्माण कार्य शुरू होगा। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। नवम्बर में निर्माण का शिलान्यास किया जायेगा। उक्त बातें रेलवे स्टेंडिंग कमेटी के चेयरमैन सांसद राधामोहन सिंह ने बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित उच्च श्रेणी यात्री प्रतीक्षालय के उद्घाटन के मौके पर कही। कहा की बापूधाम मोतिहारी रेलवे स्टेशन पुनर्विकास परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। बापूधाम स्टेशन पर यात्रियों को हवाई अड्डे की तरह सुविधा उपलब्ध होगी। इसी कड़ी में उच्च श्रेणी यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण हुआ है। जल्द ही एमएस कॉलेज गुमटी पर भी लाइट आरओबी का निर्माण कार्य

शुरू हो जाएगा। मौके पर डीआरएम समस्तीपुर व कंस्ट्रक्शन कंपनी के जीएम तथा प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ बैठक कर स्टेशन पुनर्विकास परियोजना के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि एमएस कॉलेज गुमटी पर लाइट आरओबी एवं जीवधरा में वाशिंग पीट का निर्माण नवम्बर में शुरू हो जाएगा। मौके पर विधायक प्रमोद कुमार, कल्याणपुर पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, उपमेयर डॉ.लालबाबू प्रसाद, भाजपा के प्रकाश अस्थाना, मोहिबुल हक, अब्दुल कलाम, रेलवे समस्तीपुर मंडल के सीनियर डीसीएम चंद्रशेखर प्रसाद, सीनियर डीईएन कोर्डिनेशन संजय कुमार, सीनियर डीईई प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।

बांका भट्टाचक गांव के स्कूल में मुखिया ने स्कूली छात्रों व स्वच्छता कर्मियों को साफ- सफाई को लेकर दिलाई शपथ

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) जिले के भट्टाचक गांव स्थित स्कूल में पंचायत के मुखिया ने स्कूली छात्रों और स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाया, उन्होंने बताया कि पंचायत का हर घर, हर मोहल्ले, हर गली, और हर सड़क स्वच्छ रहे इसको लेकर लोगों

को जागरूकता किया जा रहा है, इस क्रम में भट्टाचक गांव के स्कूलों में स्कूली छात्रों और गांव के स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाते हुए जागरूक किया गया, क्योंकि अभी बारिश का समय है वहीं अभी पूरे बिहार में डेंगू का प्रकोप फैल रहा है, डेंगू एवं मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने के लिए एवं रोकथाम के लिए हमें जागरूक होना होगा, इसके लिए हम लोगों को खास करके साफ सफाई को लेकर ज्यादा ध्यान देना चाहिए नहीं तो महामारी फैल सकती है, इसके लिए स्वच्छता कर्मियों एवं छात्रों को जागरूकता को लेकर शपथ दिलाई गई!

वृद्धजन हमारे लिए हैं प्रेरणाश्रोत उनकी हरसंभव करें सेवा: एसडीओ।

पप्पू पंडित की रिपोर्ट
समाज जागरण

मोतिहारी पकड़ीदयाल(बिहार) प्रखंड परिसर स्थित बुनियाद केंद्र के सभागार में माता पिता भरण पोषण अधिनियम 2012 एवं अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2023 मनाया गया जिसका उद्घाटन एसडीओ नलिन प्रताप राणा ने द्वीप प्रज्वलित कर की उन्होंने बताया कि बताया कि वृद्धजन हमारे लिय प्रेरणा के श्रोत हैं, उनकी हरसंभव सेवा की जानी चाहिय केंद्र प्रभारी डॉ राजीव कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बुनियाद केंद्र से मिलने वाली सेवाओं के विषय में विस्तृत चर्चा की कहा कि रोजगार के लिय आरएसईटीआई के माध्यम से दिव्यांग एवं विधवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाई जाती हैं।अगर इन तीनो में से किन्ही को पेंसन सम्बन्धी दिक्कत आ रही हैं तो बुनियाद के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए उसका निष्पादन किया जाता हैं। फिजियो प्रभारी डॉ चन्दन कुमार गिरी ने फिजियो संबंधित विस्तृत जानकारी दी फिजियो डॉ० शबनम परवीन शरीरमें हो रही विकृतियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी सहायक उपकरण प्रभारी अभिनन्दन केशव ने सहायक उपकरण जैसे मोटोराइजद साईकिल, तिनपहिया साइकल, वयिल चेयर वैसाखी एवं कृत्रिम अंग के विषय में विस्तृत जानकारी दी मौके पर कासिम सफी, कृष्णा कुमार एवं चंद्रशेखर राम उपस्थित रहे।

गंडक नदी में स्नान करने गयी महिला की डूबने से हुई मौत

समाज जागरण दीप नारायण यादव

मोतिहारी(बिहार) चकिया अनुमंडल(बिहार)पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन थाना क्षेत्र के सबली गॉव की 35 वर्षीया मीरा देवी की मृत्यु गुरुवार को नदी में डूबने के कारण हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरा देवी भेलवा पंचायत वार्ड न04 के निवासी सुरेश राय की पत्नी थी। जीवित्पुत्रिका व्रत के लिए स्नान करने बगल के

गंडक नदी गई थी, पैर फिसलने के कारण वह नदी गहरे जल में आ गई जिससे डूबने कारण उसकी मृत्यु हुई। पूर्व मुखिया भारत पटेल ने बताया कि लाश की तलाशी के लिए एन डीआर एफ की टीम पहुंच गई है ।मधुबन थाना द्वारा घटना स्तर पर चौकीदार नियुक्त कर दिया गया है।

धोरैया: देसी कट्टा के साथ सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के मामले में धनकुंड पुलिस ने अनीसाबाद गांव से एक युवक को किया गिरफ्तार

समाज जागरण सुमित कुमार

बांका (बिहार) देसी कट्टा के साथ-सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने के मामले में धनकुंड पुलिस ने अनीसाबाद गांव से आरोपी को किया गिरफ्तार, सोशल मीडिया पर देसी कट्टा के साथ फोटो वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया, वायरल फोटो के सत्यापन के लिए धनकुंड पुलिस थाना अध्यक्ष मंटू कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर एक देसी कट्टा के साथ थाना क्षेत्र अनीसाबाद गांव से मोहम्मद फरीद मंसूरी के 26 वर्षीय पुत्र मोहम्मद साइन को गिरफ्तार कर लिया, जानकारी देते हुए धनकुंड थाना अध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि युवक का सोशल मीडिया पर कट्टा हथियार के साथ फोटो वायरल होने के बाद, एक देसी कट्टा के साथ उनके घर में छापामारी कर युवक को गिरफ्तार किया गया, थाना अध्यक्ष ने बताया कि आगे की कार्रवाई की जा रही है!

VC के उपरांत शिक्षक के मौत का कारण बना विभागीय आदेश, VC के समय में परिवर्तन की मांग

समाज जागरण जिला संवाददाता
लक्ष्मण पासवान

बिहार गत दिन विभागीय आदेश के आलोक में फुल्लीडुमर। प्रखंड के मध्य विद्यालय रामचंद्र में कार्यरत शिक्षक निरंजन कुमार विद्यालय संचालन। के उपरांत निर्धारित समय पर वीडियो कांफ्रेंस में भाग लेने के। बाद घर जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई '

बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव हीरालाल प्र यादव ने कहा कि अपर मुख्य शिक्षा सचिव के के पाठक के आदेशानुसार विद्यालय संचालन के उपरांत प्रदेश के सभी प्रधानाध्यापक को शाम 4बजे से शाम 5बजे तक श्उ में उपस्थित

होकर विद्यालय की सारी जानकारी देने का निर्देश जारी है
परंतु VC के कारण शिक्षकों के बीच कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है कार्य अवधि के अतिरिक्त समय के लिए ना कोई भत्ता है और ना ही मुख्य मार्ग तक। पहुंचने के लिए वाहन की सुविधा, जिसके चलते घर पहुंचने में काफी विलंब होता है ' जल्दीबाजी में वाहन चलाना, जल्द घर पहुंचना मौत का कारण बनता जा रहा है।अतः संघ मूल विभाग से मांग करती हैं कि श्उ विद्यालय संचालन अवधि में या तो विद्यालयवार कराया जाए या निर्धारित स्थान पर कराया जाए 'वही पीड़ित शिक्षक के आश्रित को दस लाख रुपया व नौकरी दी जाए 'अन्यथा की स्थिति में संघ मूल आंदोलन करेगी 'हीरालाल प्र यादव प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार जिला मीडिया प्रभारी बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल

सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए पीड़ित शिक्षक के आश्रितों को10 लाख रुपए मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग !!

समाज जागरण जिला संवाददाता
लक्ष्मण पासवान

बांका ! बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल के प्रदेश सचिव हीरालाल प्रकाश यादव ने सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए मध्य विद्यालय रामचंद्रपुर में कार्यरत शिक्षक
निरंजन कुमार के दुर्घटना में हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना दुख प्रकट किया है ! बता दें कि गुरुवार को असरगंज शाहकुंड मुख्य मार्ग पर के समीप 5:00 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक जिसका ट्रक नंबर बी 10 पीवी 8617 ने
एक बाइक सवार शिक्षक को राउंड दिया था ! मौके पर ही उसे शिक्षक की मौत हो गई थी !
मौके पर ट्रक चालक फरार हो गए थे , बाद थाना पुलिस की सूचनाओं पर ट्रक को शाहकुंड पुलिस ने जगरिया मोड़ के पास से ट्रक को बरामद कर लिया था
दिवंगत हुए शिक्षक निरंजन कुमार रामचंद्रपुर से पढ़कर प्रत्येक दिन की भांति हलकाराचक पहुंचे जहां उसकी दुर्घटना हो गई ! दुर्घटना की सूचना पाकर सुल्तानगंज अंचलाधिकारी अमित राज ने घटना का संज्ञान लेते हुए उनके साजन सहित आक्रोशित ग्रामीणों को पारिवारिक लाभ के तहत ₹20000 और पोस्टमार्टम के बाद परिवहन विभाग से ₹500000 दिलाने का श्वसन दिया गया उसके बाद
बाद थाना पुलिस ने स्वजनों के सहयोग से समक्ष 30 बजे सड़क से सबको उठाया इस दौरान सड़क पर परिचालन पूरी तरह से बाधित रहा , फिर आवागमन शुरू किया गया !
बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल के प्रदेश सचिव हीरालाल प्रकाश यादव ने कहा कि शिक्षकों के मौत का कारण सरकार का विभागीय आदेश है अगर सरकार को बी ही करना हो तो निर्धारित समय में ही कराया जाए 9 से 4 शिक्षक ड्यूटी करते हैं और 4:00 बजे से 5:00 बजे तक बी में रहते हैं जिस कारण तमाम दूर दराज से विद्यालय आने वाले शिक्षकों को देर रात तक घर पहुंचना पड़ता है इस कारण बी हताशा सड़क पर चलने वाले वाहनों के ट्रक से दुर्घटनाग्रस्त होकर आज शिक्षक कॉल के गाल में समा रहे हैं ! हीरालाल प्रकाश यादव ने सरकार से मांग किया है कि पीड़ित शिक्षक के परिवार वालों को सरकार 10 लाख का मुआवजा दे और इसके साथ ही परिवार के सदस्यों को सरकारी नौकरी दे अन्यथा की स्थिति में बिहार सरकार से बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल्य के द्वारा आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाब दे ही बिहार सरकार की होगी

वृद्धजन हमारे लिए हैं प्रेरणाश्रोत उनकी हरसंभव करें सेवा: एसडीओ।

समाज जागरण पप्पू पंडित

मोतिहारी बिहार पकड़ीदयाल(बिहार) प्रखंड परिसर स्थित बुनियाद केंद्र के सभागार में माता पिता भरण पोषण अधिनियम 2012 एवं अन्तराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 2023 मनाया गया जिसका उद्घाटन एसडीओ नलिन प्रताप राणा ने द्वीप प्रज्वलित कर की उन्होंने बताया कि बताया कि वृद्धजन हमारे लिय प्रेरणा के श्रोत हैं, उनकी हरसंभव सेवा की जानी चाहिय

केंद्र प्रभारी डॉ राजीव कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बुनियाद केंद्र से मिलने वाली सेवाओं के विषय में विस्तृत चर्चा की कहा कि रोजगार के लिय आरएसईटीआई के माध्यम से दिव्यांग एवं विधवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण दिलाई जाती हैं।अगर इन तीनो में से किन्ही को पेंसन सम्बन्धी दिक्कत आ रही हैं तो बुनियाद के द्वारा त्वरित करवाई करते हुए उसका निष्पादन किया जाता हैं। फिजियो प्रभारी डॉ चन्दन कुमार गिरी ने फिजियो संबंधित विस्तृत जानकारी दी फिजियो डॉ० शबनम परवीन शरीरमें हो रही विकृतियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी सहायक उपकरण प्रभारी अभिनन्दन केशव ने सहायक उपकरण जैसे मोटोराइजद साईकिल, तिनपहिया साइकल, वयिल चेयर वैसाखी एवं कृत्रिम अंग के विषय में विस्तृत जानकारी दी मौके पर कासिम सफी, कृष्णा कुमार एवं चंद्रशेखर राम उपस्थित रहे।

नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की सरकार बनी है तबसे चंपारण अपराधियों के आगोश में

समाज जागरण जिला ब्यूरो
रामबालक राम

मोतिहारी (बिहार)जन सुराज जिले के मुख्य प्रवक्ता संजय कुमार ठाकुर ने कहा कि जबसे बिहार में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की मिली जुली सरकार चल रही है तबसे चंपारण अपराधियों के आगोश में समाता जा रहा है। बीते दिन पूर्वी चंपारण जिले में अपराधियों ने बैंक लूट लिया और प्रशासन मुख्य दर्शन बना रहा। बगल में थाना है, लेकिन

अभी तक अपराधी नहीं पकड़े गए हैं। यह स्थिति पिछले 6 महीने से पूर्वी चंपारण जिले में बनी हुई है। अनेकों निजी बैंकों को लूटने का अपराधियों ने काम किया है, कितने लोगों की हत्याएं हुई हैं, रोज कहीं ना कहीं गोली चल रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हैं और जन सुराज इन घटनाओं की कड़ी निंदा करता है। लोगों में अमन चैन बहाल करने की दिशा में काम किया जाए, जिले में शांति भंग होती जा रही है, लोगों में डर और दहशत का माहौल बना हुआ है।

नवरात्रि में मां देवी दुर्गा की आराधना करें श्रद्धा सुमन के साथ , पूजा समिति अध्यक्ष पप्पू यादव

समाज जागरण श्याम कुमार ठाकुर

भागलपुर-(बिहार) भागलपुर जिले में हर जरूरतमंद जनता बे बीच तन मन धन से सेवा कर रहे है।जी हाँ लोकसभा क्षेत्र के विकास पुरुष व मानव कल्याण के लिए दिन-रात समर्पित रहने वाले भागलपुर के लाल श्री पप्पू यादव ने कहा कि हमारे लोकसभा में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो जनता हमें बताएं हम उनकी समस्याओं का निदान करने के लिए आपके समक्ष दिन रात सेवा के तट पर है ।वहीं उपस्थित जन समूह ने कहा कि इस बार लोकसभा में सांसद के उम्मीदवार श्री पप्पू यादव को ही हम लोग विजय श्री का माला पहनाएंगे। ताकि हमारे लोकसभा क्षेत्र की चौमुखी विकास हो सकेगा। श्री यादव हम लोगों के बीच किसी भी समस्या में दर्द हमेशा बांटने का काम किया है। हमारे पप्पू भैया हम लोगों के लिए किसी मसीहा से काम नहीं है ।इस बार हम तमाम युवा वर्ग मन बना लिए हैं कि श्री पप्पू यादव ही हमारे सही प्रतिनिधित्व कर सकते हैं ।लोकप्रिय प्रत्याशी श्री पप्पू यादव ने कहा कि यह महीना अति पावन है 15 तारीख से नवरात्र शुरू हो रहा है आप

लोग नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना पूजन श्रद्धा सुमन के साथ करें इस बार माता रानी का आगमन हाथी पर और गण मुर्गा पर है वही 15 अक्टूबर को आशिर्वाण शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को कलश स्थापना मां का प्रथम शैलपुत्री स्वरूप की पूजा 16 अक्टूबर को मां के द्वितीय ब्रह्मचारिणी स्वरूप, 17 अक्टूबर को मां के तृतीय कुष्मांडा स्वरूप , 18 अक्टूबर मां के चतुर्थ चंद्रघंटा स्वरूप, 19 अक्टूबर मां के पंचम स्कंद माता स्वरूप, 20 अक्टूबर मां के षष्ठी कात्यानी स्वरूप, विल्वाभिमत्रण व अधिवास पूजन 21 अक्टूबर को महानिशा पूजन पर प्रा प्रतिष्ठा रात्रि जागरण व निशावली 22 अक्टूबर को महा अष्टमी महागौरी स्वरूप वी संधि पूजन 23 अक्टूबर को महानवमी व्रत हुआ माता के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा त्रिशूली हवन व कुमारी पूजन एवं 24 अक्टूबर को विजयादशमी अपराजिता पूजन जयंती ग्रहण व नीलकंठ का दर्शन होगा। लोकसभा प्रत्याशी श्री पप्पू यादव ने कहां कि कोई भी त्योहार हो जिला प्रशासन का भरपुर सहयोग मिलता है ।जिससे ये धन्यवाद के पात्र है । हम आपको बता दे कि नवरात्रि में शहर में जगह-जगह महादेवी दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया जाएगा ऐसे में पूरे भागलपुर शहर में शांति व सद्भाव भाईचारे से विजयदशमी की पर्व को मनाई पूजा समिति प्रशासन आप लोगों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है एवं सभी क्षेत्रवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दी। नाथनगर सिटीयस ग्राउंड में भव्य रूप पुतला दहन को लेकर काफी दूर-दूर सुल्तानगंज,कहलगांव,बिहपुर,पीरपैती,नवगछिया,रंगरा,तारापुर,जगदीशपुर,बाँका आते है । मौके शंभू शाह,प्रवीण यादव,अभिनन्दन यादव,अशोक यादव,प्रमोद यादव,संजय मंडल,अनिल मंडल,मंटू मंडल,मुन्ना खान,मोहम्मद कलमी,संजय पासवान,दीपक मंडल,राजू मंडल,अकाश यादव,राहुल ठाकुर,सोनू कुमार,व अन्य

बिजली की पोल में करेंट आने से गाय की मौत

समाज जागरण

भागलपुर जिले के पीरपैंती ईशीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र के ग्राम सितलपुर में बिजली की पोल में करेंट आने से एक गाय की मौत हो गई और कई लोग बाल बाल बचे । वही किसान श्रीराम मुर्मू ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे

मवेशी को घर से बाहर निकालने के दौरान दरवाजा पर लगे बिजली के खंभे में करंट आने की वजह से गाय करेंट की चपेट में आ गयी । तभी पीछे से आ रहे बछड़ा भी पोल में सट गया वही ग्रामीणों की सूचना मिलते ही ट्रांसफार्मर से बिजली काटने के बाद बछड़ा बच गया इस करेंट की चपेट से मैं बाल बाल बच गया क्यूंकि हम जूता पहने हुए थे । वही ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले भी कई बार कई बकरियों कई को करेंट की झटका लगी थी । वही बिजली विभाग के अभियंता नीरज कुमार को घटना की सूचना मिलते ही तुरन्त बिजली मिस्त्री को भेज कर सही करवाया गया । वही किसान की नुकसान को लेकर बताया गया कि जो भी सरकारी मुआवजा होगी किसान को मुहैया कराई जाएगी।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने किया मुरैना हार्टिकल्चर कॉलेज का शिलान्यास

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी के अंतर्गत मुरैना जिले की पोरसा तहसील के ग्राम रतन बसई में स्थापित होने वाले हार्टिकल्चर कॉलेज का शिलान्यास हुआ। 160 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस कॉलेज में स्नातक की शिक्षा देने के साथ ही कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को खेती संबंधी प्रशिक्षण देते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। 300 एकड़ में जब कॉलेज बनकर तैयार होगा, तब इस क्षेत्र का विस्तार-विकास अलग ही दिखेगा। इस कॉलेज से चंबल-ग्वालियर क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश के साथ ही राजस्थान व उत्तर प्रदेश के कई जिले भी लाभान्वित होंगे। शोध कार्यों के लिए भी कॉलेज के माध्यम से किसानों व क्षेत्र को लाभ होगा।
समारोह में केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि यह कॉलेज क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था में परिवर्तन लाने के साथ ही किसानों के लिए कल्याणकारी होगा। इससे युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, वहीं ये किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी सहायक होगा। खेती-किसानी में नई फसलें और टेक्नालाजी आने के साथ मुनाफा बढ़ेगा, जिससे युवा पीढ़ी खेती की ओर अधिक आकर्षित होगी। श्री तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र में पिछले 9-10 सालों में बहुत सुखद परिवर्तन आया है। इसमें किसानों की मेहनत तो है ही, हमारे कृषि वैज्ञानिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किए गए नए-नए बीजों के कारण खेती फल-फूल रही है। श्री तोमर ने कहा कि इस क्षेत्र में बाजरा की खेती बहुतायत में होती है। सामान्यतः बाजरे का आटा 15-20 दिन में खराब हो जाता है, लेकिन प्रसन्नता की बात है कि हमारे कृषि वैज्ञानिकों ने बाजरे

का नया बीज तैयार किया है, जिससे बाजरे का आटा 6 माह भी अच्छी स्थिति में रहेगा। ये बीज किसानों के लिए काफी लाभकारी होंगे।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2023 अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। गत दिनों जी20 सम्मेलन में विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने भी श्री अन्न के व्यंजनों का स्वाद लिया, वहीं उनके जीवनसाथी पूसा कैंपस गए, जहां उन्होंने श्री अन्न के व्यंजनों का लुत्फ उठाया व इसकी खेती के बारे में जानकारी ली। श्री तोमर ने कहा कि देश में काफी संख्या में छोटे किसान हैं, जो कम पानी में भी श्री अन्न उगा सकते है। इनकी आमदनी बढ़ाने के लिए शुष्क क्षेत्रों में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही सब्जी, फल-फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा हैं, ताकि किसानों का मुनाफा बढ़ाया जा सकें। इस दिशा में हमारे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में लगातार काम हो रहा हैं। इसी तरह मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण कृषि क्षेत्र में पंजाब-हरियाणा को पीछे छोड़ मध्य प्रदेश का नाम एक नंबर पर लिया जाता है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। पोरसा क्षेत्र की विशेषताओं का जिक्र करते हुए श्री तोमर ने कहा कि पोरसा शुरू से कृषि के साथ शिक्षा की दृष्टि से काफी अच्छी अवस्था में रहा है। यह पंडित रामप्रसाद बिस्मिल जैसे महान क्रांतिकारी की भूमि है। आज पोरसा में किसान भवन का भी शिलान्यास किया जा रहा है। किसान भवन में 100 से 150 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ ही नगर पालिका के अंतर्गत अनेक विकास कार्य किए जा रहे हैं।

समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ी छलांग: मध्य प्रदेश में सीआरसी-छतरपुर के नए भवन की आधारशिला रखी गई

समावेशिता और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ी छलांग के प्रतीक के रूप में मध्य प्रदेश में समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी)-छतरपुर के नए भवन की आधारशिला रखी गई। यह ऐतिहासिक घटना आज पारंपरिक भूमि पूजन समारोह के बाद हुई। यह समारोह मध्य प्रदेश में छतरपुर के वार्ड नंबर 17, मॉडल बेसिक स्कूल के पास, दुर्गा कॉलोनी में आयोजित किया गया।
इस प्रतिष्ठित समारोह में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजे एंड ई) के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजेश कुमार यादव (आईएएस), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त सचिव श्री राजीव शर्मा (आईएफएस), दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के राष्ट्रीय संस्थान के निदेशक श्री विनीत सिंघल (आईआरईएस), और जिला कलेक्टर श्री संदीप जीआर (आईएएस) भी उपस्थित रहे। सीआरसी-छतरपुर के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजे एंड ई) के कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि यह भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की एक और अग्रणी पहल है। यह कौशल विकास, पुनर्वास सेवाओं और समावेशी सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) द्वारा निर्माण कार्य को 18 महीनों में पूरा किया जाएगा। राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम (एनबीसीसी) के समर्पित प्रयासों की वजह से सीआरसी-छतरपुर का नया भवन एक बिल्कुल नई, अत्याधुनिक संरचना प्राप्त करने के लिए तैयार है। यह आगामी संरचना 41,275 वर्गफुट के विशाल क्षेत्र में होगी और इसे सुगम्यतापूर्ण माहौल प्रदान करने के लिए तैयार किया जाएगा, जो दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इस दूरदर्शी परियोजना के लिए अनुमानित निर्माण लागत 25 करोड़ है, और शीघ्र निर्माण कार्य शुरू करने के लिए एनबीसीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पहले ही किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सीआरसी-छतरपुर के नये भवन की आधारशिला रखने के अलावा छतरपुर में 9 करोड़ की लागत से बनने वाले संवेदी पार्क की भी आधारशिला रखी। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एमएसजे एंड ई) के केंद्रीय कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने भी सामाजिक न्याय मंत्रालय के सचिव श्री राजेश अग्रवाल (आईएएस) और संयुक्त सचिव श्री राजेश कुमार यादव (आईएएस) के नेतृत्व में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और अली यावर जंग नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग डिसेबिलिटीज (दिव्यांगजन) एवाईजेएनआईएसएचडी (डी), मुंबई के निदेशक डॉ. राजू अरख के निरंतर प्रयासों की सराहना की। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तहत अली यावर जंग नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पीच एंड हियरिंग डिसेबिलिटीज

पनोरमा स्पोर्ट्स में सेंट पीटर्स स्कूल इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूल का रहा दबदबा

युवा पीढ़ी को विभिन्न खेलों से जोड़ना और नशा मुक्त समाज बनाना यही है हमारा प्रयासः संजीव मिश्रा

आउटडोर खेल शुरू होते ही खिलाड़ियों की उत्साह थी देखने लायक

दैनिक समाज जागरण पूर्णियां । पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आउटडोर खेल शुक्रवार से पुनः शुरू हो गई। काफी बारिश व हवा के कारण आउटडोर खेल बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल खेल को अस्थाई रूप स्थगित करनी पड़ी थी। शुक्रवार को सुबह से ही मौसम खुशनुमा है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने कहा कि हम सबों को मिलकर युवा पीढ़ी को विभिन्न खेलों से जोड़ना और नशा मुक्त समाज बनाना है। यही हमारा प्रयास है। और विभिन्न खेलों के माध्यम से युवा खिलाड़ी बिहार व देश का नाम रौशन करे। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि आज पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में बैडमिंटन, बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल के प्रतियोगिता खेली गई।

मैच परिणाम अंडर 16 बैडमिंटन बालिका वर्ग में

मुकर्शीद प्रियदर्शी ने एलिसा टोववो को 21-08,21-05 से हराया। मुकसुदा प्रियदर्शी सेंट पीटर्स इंग्लिश स्कूल ने इस जीत के साथ दुसरे चरण में जगह बनाई।

अंडर 16 बैडमिंटन बालक वर्ग में

1.उत्तम बक्सी को सत्यप्रकाश के अनुपस्थित होने के कारण वाक ओवर मिला।

2. कुंदन कृष्णन ने असजद ईजाज को 07-21,21-15,21-19 से हराया।

3. अनुरुद्ध शाह ने मो ताज को 04-21, 03-21 से हराया।

अंडर 16 वॉलीबॉल:- बालिका वर्ग

सेंट पीटर्स स्कूल हिंदी मीडियम ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 15-11 से हराया।

बालक वर्ग में

सेंट पीटर्स स्कूल इंग्लिश मीडियम ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 20-11 से हराया।

अंडर 16 बास्केटबॉल बालक वर्ग में

सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल ने पूणिया एथलेटिक्स एकादमी को 33-0 से हराया।

07 अक्तूबर को खेली जानी वाली प्रतियोगिता

अंडर 16 बैडमिंटन बालिका वर्ग में:-

1. रूथ बक्शी बनाम आलिया परवीन। 2. ममता कुमारी बनाम जेवा एजाज। 3. मिम्यूनिटी मरांडी बनाम सृष्टि दता।4. रूपा कुमारी बनाम सना फनी।5. शिवानी कुमारी बनाम आदित्य वर्मा। 6. अंशु प्रिया बनाम वसुंधरा। 7. स्वस्तिका बनाम शिवानी 8. साक्षी कुमारी को पहले चरण में वाय दिया जा रहा है के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

अंडर 16 वॉलीबॉल बालिका वर्ग में

1. विद्या विहार आवासीय विद्यालय बनाम डी ए भी स्कूल।

2. सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम बनाम यू टी हाई स्कूल काझा

3. सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम बनाम डी ए भी स्कूल।

बालक वर्ग में

1. जवाहर लाल नेहरू हाई स्कूल गुलाब बाग बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा।

अंडर 16 बास्केटबॉल बालिका वर्ग में

1. सेंट पीटर्स इंग्लिश मीडियम बनाम डी ए भी स्कूल। 2. सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम बनाम पूणिया एथलेटिक्स एकादमी।3. विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा बनाम पूणिया एथलेटिक्स एकादमी।

बालक वर्ग में

1.सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम बनाम विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा, जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, मैच रेफरी की भूमिका निभा रहे मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, खुशी कुमारी, अनुराधा सिंह, सैदय जब्बार हुसैन, मो एजाज अहमद, विक्की कुमार, पुनीत कुमार सिंह, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार रितेश कुमार झा, चंदन कुमार, पवन कुमार, ललित कुमार, आदि उपस्थित थे।

पेंसनर समाज की मासिक बैठक में सदस्यता अभियान चला कर नये सदस्य बनाने पर दिया गया बल

बर्षात में पेंसनर भवन के रिस रहे छत की मरम्मति पर किया गया विचार

दैनिक समाज जागरण फारबिसगंज । गुरूवार को स्थानीय पेंसनर भवन में बिहार राज्य पेंसनर समाज अनुमंडल शाखा फारबिसगंज की मासिक बैठक की गई, जिसकी अध्यक्षता सभापति उमेश प्रसाद वर्मा ने किया जबकि मंच संचालन संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी बिद्यानंद पासवान ने किया ।बैठक की शुरूवात संस्था के सचिव मधुसूदन मंडल ने आय व्यय का ब्योरा पेश कर किया ।इन्द्रधनुष साहित्य परिषद के संस्थापक सदस्य विनोद कुमार तिवारी ने स्वतंत्रता सेनानी बाजी राउत को नमन करते हुए कहा कि आज के हीं दिन 5 अक्तूबर 1926 को श्री राउत का जन्म उड़ीसा के ढेकनाल में हुआ था ।उन्होंने कम हीं उम्र में बच्चों के क्रान्तिकारी संगठन बानर सेना बनाकर अंग्रेजों

से लड़ते रहे ।अंग्रेजों ने अवज्ञा के फलस्वरूप 11अक्टूबर 1938 को गोली मार दी ।वे कम हीं उम्र में देश के लिए शहीद हो गए ।उप सभापति सच्चिदानंद मेहता ने स्वगीय कैलाश मिश्र के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला ।सभापति श्री वर्मा ने सदस्यता अभियान चला कर नये सदस्य बनाने पर बल दिया ।मौके पर जिला के काला बलुआ निवासी महेंद्र यादव ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की ।बर्षात में भवन के रिस रहे छत की मरम्मति पर विचार किया गया ।सदस्यों में जगन्नाथ मंडल,शान्ति कुमारी,हरिशंकर झा,दिलीप कुमार अग्रवाल आदि बक्ताओं ने भी अपना विचार रखे ।सदस्य लाला कलानंद प्रसाद के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया ।अन्त में सभापति के भाषणोंप्रान्त बैठक की कार्यवाही समाप्त कर दी गई ।मौके पर संगठन सचिव मोहन मिश्र,दिलीप कुमार अग्रवाल,जगन्नाथ मंडल,रायमंड सोरेन,बिश्वनाथ पासवान,रघुनंदन प्रसाद शर्मा,नारायण प्रसाद बिश्वास,पृथ्वी चन्द दास,जिवूत नारायण कुंवर,सूर्यकांत ठाकुर,रामप्रकाश यादव आदि मौजूद थे ।

अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर बुनियाद केंद्र में कार्यक्रम आयोजित

फणीश्वर नाथ रेणु वरिष्ठ नागरिक संघ का भी गठन और की गई निबंधन की दी गई जानकारी

दैनिक समाज जागरण फारबिसगंज । समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित बुनियाद केंद्र फारविसगंज में गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय वृध्दजन दिवस का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनार्दन दास पारखी ने किया जबकि मंच संचालन वरिष्ठ समाजसेवी सदानंद मेहता ने किया ।मौके पर बुनियाद केंद्र के जिला प्रबंधक इकवाल आसिफ ने कहा यह केंद्र समाज कल्याण विभाग बिहार सरकार द्वारा संचालित है,जो 60बर्ष या 60बर्ष से अधिक आयु के सभी महिला/पुरूषों, 18बर्ष से अधिक आयु की विधवाएं,मानसिक,शारीरिक रूप से या अन्य प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित किसी भी आयु वर्ग की महिला,पुरूषों एवं बच्चों को सरकारी प्रावधान के अनुसार सुविधा मुहैया कराती है ।केंद्र के स्थानीय प्रबंधक अचला कुमारी ने कहा वृध्दजनो का बैठक जन जागृति लाने के उद्देश्य से किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोग सरकारी लाभ उठा सके ।सीनियर फिजियोतेरेपी तरणूम निगार योग सिखा कर स्वस्थ रहने की टिप्स दी ।प्रशाशनिक सह लेखा सहायक राजा सहव,कैश

प्रबंधक अजित कुमार,राजेश कुमार आदि भी विचार रखे ।बुनियाद केंद्र ने अपने सहयोग के लिए फणीश्वर नाथ रेणु वरिष्ठ नागरिक संघ का भी गठन किया जिसका निबंधन भी हो गया है ।संस्था के अध्यक्ष जनार्दन दास पारखी,सचिव सदानंद मेहता,कोषाध्यक्ष वसंत कुमार दास है ।इस अवसर पर उपस्थित लगभग 100 से अधिक वृध्दजनो,दिव्यांगों,विधवाओं को फूलमाला तथा अंगवस्त्र से सम्मानित किया ।स्थानीय विद्यालय के बच्चों के बीच लेख,स्लोगन,पेंटिंग जैसे प्रतियोगिता आयोजित कर प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कृत किया गया ।मौके पर पेंसनर समाज के सचिव मधुसूदन मंडल,उप सचिव बिद्यानंद पासवान,कवि रणविजय यादव,अखिलेश्वर यादव,बसंत कुमार दास,भूपनेश्वरी सह,कैलाश चौधरी,मुरलीधर साह,नागेस्वर यादव,जगत लाल यादव शूशीला देवी कैली देवी आदि मौजूद थे ।

बीएनएमयू : मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्र में नामांकन हेतु पत्र प्रेषित

मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा। बीएनएमयू लालू नगर मधेपुरा में संचालित मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में अधिकाधिक नामांकन हेतु विश्वविद्यालय द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस कड़ी में कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं प्रधानाचार्यों को पत्र लिखा है। पत्र में यह अनुरोध किया गया है कि केंद्र में नामांकन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाए।

प्रतिभाओं को मिलेगा अवसर

डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) राजकुमार सिंह ने बताया कि इस केंद्र की शुरूआत पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम (बिहार स्टेट बैकवर्ड क्लासेज फाइनेंस एंड डेवलपमेंट कारपोरेशन), पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से हुई है। इसका उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाना है। इसके तहत संबंधित प्रतियोगिता परीक्षाएं यथा- एनईटी, जेआरएफ, जीएटीई, पीएटी, पीएचडी आदि की परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण (कोचिंग) दी जाती है। इससे इस क्षेत्र की प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने

का अवसर मिल रहा है।

31 अक्टूबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित

उपकुलकचिव डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि केंद्र में नामांकन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर, 2023 तक निर्धारित है। इसमें कुल 120 छात्र-छात्राओं का दो बैच (प्रशिक्षण अवधि 06 माह) संचालित कराया जाएगा। इसमें प्रत्येक बैच के लिए कुल उपलब्ध सीटों (60) में से 40 प्रतिशत (24) पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत (36) अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अनुमान्य होगा। अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में अति पिछड़ा वर्ग के छात्र- छात्राओं का नामांकन किया जाएगा। दोनों कोटियों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत छैतीज आरक्षण अनुमान्य है। उन्होंने बताया कि केंद्र में नामांकन के लिए विद्यार्थियों की आयु सीमा एवं न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता संबंधित कोर्स के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए निर्धारित न्यूनतम अर्हता के अनुरूप होनी चाहिए। छात्र- छात्रा एवं उनके अभिभावक की कुल वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इसका लाभ आम छात्रों तक पहुंचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसे फेसबुक, यू-ट्यूब एवं अन्य सोशल मीडिया पर भी जारी किया गया है। आगे जगह-जगह बैनर लगाया जाएगा और नामांकन प्रक्रिया को गति देने के लिए आवश्यक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

जिला प्रशासन का भी सहयोग

जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने बताया कि बीएनएमयू सहित बिहार सरकार ने राज्य के छः विश्वविद्यालयों में मुख्यमंत्री व्यावसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के अलावा पटना विश्वविद्यालय, पटना, पाटलीपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा एवं भीमराव अम्बेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के नाम शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा भी केंद्र को हरसंभव सहायता की जा रही है।

प्रदूषण फैलाने पर अल समीर के पार्टनरशिप में चल रहे अल रहमान रहमान फ्रोजन मीट फैक्ट्री सील

संयुक्त टीम ने मीट फैक्टरी का बिजली और पानी कनेक्शन भी काटा

दैनिक समाज जागरण सिमराहा/डा. रूद्र किंकर। अल समीर के मैनेजिंग डायरेक्टर मरहूम शमीम कुरैशी के अल्लाह को प्यारे हो जाने के बाद अल समीर फैक्ट्री पर किसी की बुरी नजर लग गई है। उनके निधन के बाद सिमराहा स्थित गोगी पोठिया के अल समीर एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड को असामाजिक तत्वों का कहर बरपा। कुशल मैनेजमेंट के अभाव में बड़ी क्षति हुई। स्थानीय भाजपा विधायक मंचन केशरी मीट फैक्ट्री के विरुद्ध विधानसभा में आग उगलते रहे। पीएम से मानवाधिकार तक कम्पनी को बंद करने के लिए पत्राचार जारी रहा। इधर अल समीर के पार्टनरशिप में चल रहे सप्ताह दिन के अंदर उत्तर प्रदेश के दो मीट फैक्ट्री को प्रशासन ने सील कर दिया है। मीट फैक्टरी मालिकों के बीच जहां इस कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है वहीं आम लोगों में चर्चा पसर गया है कि अल समीर की गोगी पोठिया वाली फैक्टरी भी कहीं सील तो नहीं हो जाऐगी ! बता दें कि यूपी के संभल में मानकों का पालन न करने पर संभल कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमियावली में स्थित अल रहमान फ्रोजन फूड्स को संयुक्त टीम ने बंद कराया है। इस फैक्टरी में निरीक्षण के दौरान मानक अधूरे थे। जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। इसके बाद बंद के आदेश जारी किए गए। पर फिर भी संचालन जारी रहा। बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता जेएन तिवारी, नायब तहसीलदार अनुज कुमार और इंड्रस्टियल विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता रोहित कुमार वरुण फैक्टरी में पहुंचे। मुख्य पर्यावरण अधिकारी, वृत्त 7 विवेक रॉय द्वारा 26 सितंबर को जारी आदेश का पालन कराते हुए फैक्टरी को बंद कराया गया। आदेश में कहा गया था चार सितंबर को निरीक्षण के दौरान तमाम मानक अधूरे मिले थे। कार्रवाई के क्रम में मीट फैक्टरी का विद्युत कनेक्शन और जलापूर्ति कनेक्शन को काटते हुए लैरिज गेट नंबर-2, बूचड़ औरकर्मचारी के प्रवेश वाला गेट 02 और नौकिंगबॉक्स संख्या 17 को सील कर दिया।

खून मिला पानी किसानों के खेतों में बहाने की

शिकायत पर की गई कार्रवाई

किसानों के खेतों में खून मिला प्रदूषित पानी बहाने के आरोपों से घिरी अल रहमान फ्रोजन मीट फैक्ट्री को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी प्रदूषण फैलाने का दोषी माना है। मुख्य पर्यावरण अधिकारी ने फ्रोजन मीट फैक्ट्री की संचालन प्रक्रिया तत्काल प्रभाव के बंद करने के साथ ही अधिकारियों को बिजली कनेक्शन और जलापूर्ति को विच्छेदित कर दिया है। बता दें कि खेतों में खून मिला पानी बहाने की शिकायतों के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद के अधिकारी ने चार सितंबर को गांव चिमियावली में स्थित अल रहमान फ्रोजन फूड्स का निरीक्षण किया तो यहां भूमि पर करनाल टेक्नोलॉजी से पौधारोपण के स्थल पर जलभराव की स्थिति मिली। जिससे क्षेत्र में उत्प्रवाह के ओवरफ्लो की संभावना बनी थी। ईटीपी की लाग बुक उचित प्रकार से मेंटेन नहीं मिली।उद्योग में स्थापित ओसीईएमएस द्वारा फ्रेश वाटर तथा ईटीपी शुद्धिकृत उत्प्रवाह में सेंसर डिप कराए जाने पर रीडिंग में भिन्नता पाई गई जो कैलीब्रेशन उचित प्रकार से नहीं किया जाना दर्शाता है। उद्योग द्वारा जल एवं वायु आदेश में निहित शर्तों का अक्षरश अनुपालन नहीं किया गया। प्रदूषण संबंधी गंभीर शिकायतें भी मिलीं। जिस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तो जवाब दिया लेकिन तकनीकी एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उचित नहीं पाया गया। जिससे प्रतीत हुआ कि उद्योग द्वारा अपनी औद्योगिक प्रक्रिया से प्रदूषित उत्प्रवाह से आसपास के पर्यावरण की प्राकृतिक जल गुणता एवं जन साधारण के स्वास्थ्य पर डाले जा रहे प्रतिकूल प्रभाव को तत्काल रोका जाए। मुख्य पर्यावरण अधिकारी विवेक राय ने मैसर्स अल रहमान फ्रोजन फूड्स की संचालन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया है। साथ ही, अधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वह उद्योग के बिजली कनेक्शन एवं जलापूर्ति को तत्काल प्रभाव से विच्छेदित कर दें।

दूसरी फैक्ट्री को बंद करने के आदेश से हड़कंप

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने दो माह पहले चिमयावली गांव में ही अल फलाह फ्रोजन मीट फैक्ट्री को भी प्रदूषण फैलाने का दोषी मानते हुए फैक्ट्री का संचालन बंद करा दिया था। अब अल रहमान फ्रोजन मीट फैक्ट्री को भी प्रदूषण फैलाने के आरोप के चलते बंद कराने के आदेश से मीट कारोबारियों में हड़कंप मचा है। अब जनपद में केवल एक फ्रोजन मीट फैक्ट्री संचालित है।

जिला प्रशासन अररिया द्वारा बरदाहा पंचायत स्थित उच्च विद्यालय बरदाहा में कराया गया जन संवाद कार्यक्रम

दैनिक समाज जागरण सिकटी/प्रदीप कुमार झा। अररिया जिला अंतर्गत सिकटी प्रखंड के बरदाहा पंचायत स्थित उच्च विद्यालय बरदाहा में आज जिला प्रशासन अररिया द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, पुलिस अधीक्षक श्री अशोक कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार, अपर समाहर्ता श्री राजमोहन झा सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जनझसमूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई साथ ही लोगों से फीडबैक भी प्राप्त किये गये। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। ज्ञातव्य हो कि सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम जनों को अवगत कराने तथा उनसे सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बरदाहा पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा जन संवाद कार्यक्रम का

मुख्य उद्देश्य है कि हम आपको कैसे सशक्त बनाएं। कई योजनाएं हैं जिसका लाभ पंचायत स्तर पर प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए आप लोगों को जागरूक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ योजनाओं की जानकारी आम लोगों को सुलभ हो सके, ताकि वे इसका लाभ उठा सके। कार्यक्रम में कुशल युवा कार्यक्रम से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी जन संवाद, सिविल सर्जन, भूमि सुधार उप समाहर्ता अररिया, प्रखंड विकास पदाधिकारी सिकटी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

अवैध हथियार के कारखाना का गया पुलिस ने किया पदार्फाश

पुलिस ने दो व्यक्तियों को किया गिरफ्तार .

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल. गया (बिहार)- गया पुलिस ने अवैध हथियार कारखाना का पदार्फाश किया है. यह अवैध कारखाना फर्नीचर दुकान की आड़ में चलाया जा रहा था. पुलिस को भनक मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए करवाई किया . इस क्रम में 2 लोगों के साथ कई अर्ध निर्मित हथियार के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है . इस संबंध में गया के एसएसपी आशीष भारती ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जिले के पंचानपुर ओपी थाना क्षेत्र में एक फर्नीचर दुकान की आड़ में अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री की जा रही है. जिसके बाद पंचानपुर ओपी एसएचओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. इस टीम में जिला पुलिस एवं एसटीएफ के जवानों के द्वारा पंचानपुर ओपी क्षेत्र के रानी बिगहा गांव में छापेमारी की गई. जहां एक फर्नीचर दुकान की आड़ में चल रहे अवैध

हथियारों के कारखाना का उदभेदन किया गया. पुलिस ने दुकान के पीछे से 2 लेथ मशीन, एक ड्रिल मशीन, 5 अर्ध निर्मित पिस्टल बॉडी, एक लोहे का स्लाइडर, कटर मशीन, 20 ब्लेड सहित हथियारों के निर्माण में किये जाने वाले उपकरणों को बरामद किया है. इस मामले में मौके से पुलिस ने बिट्टू कुमार उर्फ मो. अनवर खान एवं बीरू कुमार को गिरफ्तार किया है. बताया जाता है कि दोनों बिहार के मुंगेर जिला के रहने वाले हैं ,और पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुके हैं. उन्होंने कहा कि दुकान का मालिक मौके से भागने में सफल रहा. जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है. उन्होंने कहा कि अपराधियों के खिलाफ लगातार यह अभियान आगे भी जारी रहेगा.

पुलिस के हत्थे चढ़ा जिला के टॉप टेन श्रेणी कई कांडो के मोस्ट वांटेड संतोष मांझी भेजा गया जेल

दैनिक समाज जागरण अररिया। DIU टीम अररिया पुलिस द्वारा अररिया जिला के टॉप टेन श्रेणी के कई कांडो के मोस्ट वांटेड अभियुक्त- संतोष मांझी, उम्र करीब - 35 वर्ष, पिता- जितेंद्र मांझी, सा०- फुलवरिया, थाना फारबिसगंज, जिला अररिया को गुप्त सूचना के आधार पर पूर्णिया से गिरफ्तार किया गया है। यह कई लूट के कांडो में शामिल रहे हैं। इसका विस्तृत आपराधिक इतिहास रहा है। उपर्युक्त गिरफ्तार अभियुक्त के संबंध में फारबिसगंज थाना अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार मोस्ट वांटेड को जेल भेज दिया गया।

आपराधिक इतिहास

फारबिसगंज थाना कांड संख्या - 330 / 11, दिनांक- 02/07/11, धारा-394 भा० द० वि० ।फारबिसगंज थाना कांड संख्या - 127/12, दिनांक झ 04/04/12, धारा-394 भा० द० वि० एवम 25 (1 - b) / 26/27 आर्म्स एक्ट ।03. - फारबिसगंज थाना कांड संख्या - 218 / 18,दिनांक - 29/03/18, धारा-392 भा० द० वि०। 04. - फारबिसगंज थाना कांड संख्या - 118 / 19,दिनांक - 21/02/19, धारा-394 भा० द० वि०। 05. - फारबिसगंज थाना कांड संख्या - 1167/19,दिनांक - 16/12/19, धारा-392 भा० द० वि०। 06. - प्रतापगंज थाना (सुपौल) कांड संख्या - 114 / 20,धारा-392 भा० द० वि०।

सिविल कोर्ट के कर्मी शोऐब रब्बानी का तबादला पर विदाई सह सम्मान समारोह

दैनिक समाज जागरण अररिया । व्यवहार न्यायलय अररिया के हरदिल अजीज, मिलनसार व व्यवहार कुशल कोर्टकर्मी शोऐब रब्बानी का तबादला व्यवहार न्यायालय समस्तीपुर मे हो गया है ।उच्च न्यायालय पटना के आदेश के आलोक में यह तबादला हुआ है ।बताया जाता है कि कोर्टकर्मी शोऐब रब्बानी ने 12 जनवरी 2017 को व्यवहार न्यायालय अररिया मे अपना पहला योगदान दिया था। मृदुभाषी व अच्छे स्वभाव के रहने के कारण कोर्टकर्मियो सहित अधिवक्तागण कर बीच इन्होंने अच्छी ख्याति अर्जित कर लिये थे। इसके चलते इनके अनगिनत प्रशंसक भी हो गये। इनके तबादले की खबर सुनकर कई लोगों की आंखे नम हो गई। तो कोर्टकर्मियो सहित कई अधिवक्ता हतप्रभ भी हो गये ।इनके तबादले को लेकर न्यायमण्डल अररिया के वरीय कोर्ट कर्मियों के द्वारा सादे समारोह में विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।इस मौके पर उपस्थित जिला कोर्ट के प्रशासन प्रभारी श्यामबिहारी सिंह सहित बासुदेव यादव, जितेंद्र नाथ रॉय उर्फ जीतू बाबू, अमित कुमार, संजय कुमार चौबे, संजीव कुमार, विनोद कुमार निखिल कुमार, राज किशोर स्वर्णकार, राहुल सिंह विनोद सिंह आदि ने इन्हें सम्मान स्वरूप माला पहनाकर इनका अभिनंदन किया।

उत्पाद विशेष न्यायाधीश-02 संतोष कुमार गुप्ता ने कफ सिरप बरामदगी पर आरोपी को दी 05 साल की सजा

दैनिक समाज जागरण अररिया, (रूबी विनीत)। शुक्रवार को अररिया व्यवहार न्यायलय के एडीजे सह उत्पाद के अनन्य विशेष न्यायाधीश-02 संतोष कुमार गुप्ता ने अररिया जिला अन्तर्गत पलासी थाना क्षेत्र के मोहनिया गांव वार्ड नंबर 01 के रहनेवाले 35 वर्षीय मुमताज उर्फ मुन्ना पिता सहारुद्दीन को साढ़े 07 लीटर अवैध कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामदगी के मामले में दोषी पाकर उत्पाद स्पेशल 425/2023 मे 05 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए आर्थिक दंड के रूप में एक लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया है। यह जानकारी सरकार की ओर से उत्पाद के अनन्य विशेष लोक अभियोजक रामानंद मंडल ने दी है।

वेल्डिंग कर रहे मजदूर को करंट लगने से घायल, इलाज के दौरान हुई मौत

समाज जागरण ब्यूरो

वाराणसी रोहनिया थाना क्षेत्र के मोहनसराय चौकी अंतर्गत मोहनसराय कनेरी हाईवे पर वेल्डिंग की(वर्कशॉप)दुकान में काम करते वक्त विद्युत करेंट के चपेट में आने से हरसोस निवासी पारसनाथ यादव घायल हो गए सूचना पर पहुंचे वर्कशॉप मालिक रविंद्र मौर्य ने चपेट मे आए पारस को चितईपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सा के दौरान उसकी मौत हो गई वहीं घटना के कुछ घंटो बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी गई जिससे परिजनों में रामबली के खिलाफ आक्रोश व्याप्त हो गया

सूचना पर पहुंची रोहनिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेजा

मृतक दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था

मृतक को दो लड़का एक दस वर्ष एक बारह वर्ष व एक लड़की है

सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है

रविंद्र मौर्य ने बताया कि रामबली तथा उदयलाल मौर्य साथ में काम कर रहे थे काम करते वक्त करंट लगने से घायल हो गया था जिसे अस्पताल में उपचार हेतु भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित दिया

फीवर परामर्श के लिए जनपद के सरकारी चिकित्सालयों व स्वास्थ्य केंद्रों का भी हेल्प लाइन जारी

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसीः जिलाधिकारी एस राजलिंगम के निदेर्शानुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने शुक्रवार को काशी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (KICCC) की स्थापना करते हुए बैठक कर समस्त अधिकारियों व कर्मचारी की ड्यूटी तथा कार्य सुनिश्चित किया।

इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से स्वास्थ्य की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में प्रशिक्षित डॉक्टरों की टीम लगाई गई है। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में इस कार्य के साथ-साथ ही संचारी रोग नियंत्रण अभियान की मॉनिटरिंग का कार्य भी किया जाएगा। इसके लिए संचारी रोग कार्यक्रम से संबंधित सभी 10 विभागों से प्रतिदिन जानकारियां ली जाएगी । डेंगू मरीजों का प्रतिदिन फॉलो अप लिया जाएगा तथा उनके क्षेत्र में निरोधात्मक गतिविधि की समीक्षा भी की जाएगी। इसके लिए काशी इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर की हेल्पलाइन भी जारी की गई है 0542 - 2720005 एवं 1533 पर संपर्क करके स्वास्थ्य सुविधाओं, एंटी लार्वा छिड़काव व फागिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही जनपद के शहरी और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी के लिए विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों के हेल्प लाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। नीचे दिए गए निम्न नंबरों पर उसे क्षेत्र विशेष के व्यक्ति चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ले सकते हैं।'

एडी ने जिला अस्पताल में डाला डेरा, घंटों तक की जांच

डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स व फार्मासिस्ट के दर्ज किया गया बयान दिनभर रहा हड़कंप

समाज जागरण अयोध्या।

अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने बुधवार को जिला अस्पताल में डेरा डाले रखा और करीब छह घंटे तक रुककर उन्होंने वृद्धा की मौत के मामले की जांच-पड़ताल की। इस दौरान दिन भर जिला अस्पताल में हड़-कंप मचा रहा।

रविवार को जिला अस्पताल के महिला सर्जिकल वार्ड में भर्ती शहर के रामनगर कॉलोनी निवासी 84 वर्षीय संपूर्णा सिंह को करीब 20 घंटे तक किसी भी चिकित्सक ने नहीं देखा। सोमवार की दोपहर में उनकी मौत हो गई। मंगलवार को अपर निदेशक व सीएमओ ने जिला अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों को डांट-फटकार लगाई और स्पष्टीकरण मांगा था।

बुधवार की सुबह 11 बजे अपर निदेशक डॉ पवन कुमार अरुण पुनः जिला अस्पताल पहुंचे और प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक के कक्ष में बैठकर उन्होंने करीब छह घंटे तक जांच-पड़ताल की। महिला को इमरजेंसी ओपीडी में भर्ती करने वाले डॉक्टर अजीत कुशवाहा, फार्मासिस्ट सर्वेश श्रीवास्तव, वार्ड में देखरेख करने वाली स्टाफ नर्स व संबंधित फिजिशियन को बुलाकर उनके बयान दर्ज किए और साक्ष्यों को संकलित किया। अपर निदेशक डॉ पवन कुमार अरुण ने बताया कि मामले की जांच करके आख्या शासन को भेजी जाएगी। दोषी चिकित्सक व कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी।

संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मौत

समाज जागरण अयोध्या।

जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र अन्तंगत हैरिंग्टनगंज के एक गांव में

किशोरी का शव घर में संदिग्ध परिस्थितियों मिला है। घटना शुक्रवार की शाम की है। किशोरी के पिता परिवार का जीवन यापन करने के लिए रिक्शा चलाते हैं और मां गांव-गांव जाकर मक्का बेंचती है।

ग्राम पंचायत रेवना पूरे विधा पाण्डेय का पुरवा निवासी राम जियावन की 16 वर्षीय पुत्री का शव घर में होने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुट गई। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चल पायेगा।

गाली देने का विरोध करने पर दबंगों ने चार लोगों को मारपीट कर किया घायल

फिरोजाबाद। थाना नारखी क्षेत्र में गाली देने का विरोध करने पर दबंगो ने एक ही परिवार के पांच लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है।

रुधऊ मैं शुक्रवार को घर के सामने गाली देने से मना करने पर दबंगों ने लतीफ पुत्र मुंशी खान रणवीर पुत्र मुंशी खान सबीना पत्नी रणवीर अरमान पुत्र रसूली को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

मारपीट देख वहां काफी लोग एकत्रित हो गए। लोगों ने दोनों पक्षों को समझ कर मामले को शांत कराया।

घटना की थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने घायलों का जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है।

नगर आयुक्त महोदय एक नजर बनारस के पक्के माहौल पर भी दीजिए यहां रहना तो छोड़ जीना दुश्वार हो गया है पैदल चलने में भी लोग दूषित हो जारहे हैं

समाज जागरण वाराणसी

वाराणसी आस्था और धर्म के तर्ज पर आती विशेष रूप से पहचान रखने वाली काशी जहां प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री का अक्सर आना-जाना लगा रहता है दूसरी और काशी में पितृपक्ष के चलते पूरे हिंदुस्तान के साथ विदेश से भी लोग श्राद्ध करने इस भूमि पर आ रहे हैं और उसका सबसे ज्यादा मुख्य केंद्र मणिकर्णिका घाट पंचगंगा घाट अस्सी घाट गौरी केदारेश्वर घाट हनुमान घाट और डॉ राजेंद्र प्रसाद घाट है अधिकांश घाटों पर जाने का रास्ता गलियों के ही माध्यम से एक दूसरे से जुड़ा हुआ है पिछले एक हफ्ते से मणिकर्णिका घाट जाने वाली गली में सीवर और जलकल दोनों का पानी बह रहा है स्थानीय लोगों के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी समस्या का हाल नहीं निकला दूर-दराज से आने वाले लोग नाले के पानी में होकर श्राद्ध कर्म करने मणिकर्णिका घाट जा रहे हैं ऐसे में वह क्या छवि लेकर काशी की अपने हृदय में जाएंगे यह कर्म करने से पहले लोग स्वच्छ होकर तब श्राद्ध करने बैठते हैं बहते सीवर के पानी के कारण उनके मन में अशुद्ध का भाव उत्पन्न होता है। वही मणिकर्णिका घाट पर बैठने वाले पंडा दुगार्शंकर चौबे ने बताया जो जनता इस शिवर के पानी से होकर हमारे पास श्राद्धकर्म करने आरहे हैं वह बिना कहे दोबारा स्नान कर अपना कार्य करने बैठ रहे हैं और स्थानीय विभाग की शिकायत अपने मुखर बिंदुओं से कर रहे हैं

घर जा रहे युवक पर मनबढ़ दबंगों ने जानलेवा हमला किया

दबंगों की दबंगई के शिकार हुए युवक का मनबढ़ो ने लाठी डंडे से मारकर तोड़ा हाथ

समाज जागरण (जौनपुर)

जौनपुर। नगर थाना कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र आराजी - गुजीखांनी निवासी विश्वनाथ बिन्द पुत्र स्वर्गीय रामराज बिन्द थाना कोतवाली को 5 अक्टूबर की रात उस वक्त मनबढ़ दबंगों ने जान से मारने की नीयत से बुरी तरह मारापीटा जब वह नगर स्थित शकरमंडी चौराहे से अपने घर आराजी गुजीखांनी जा रहा था।घायल युवक विश्वनाथ बिन्द ने पड़ोसी युवकों के खिलाफ थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि उसके पड़ोस के मनबढ़ो ने उसे रास्ते में रोककर बुरी तरह लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया। उस पर हमला करने वाले युवकों में कामता प्रसाद यादव, रविशंकर यादव, मनमोहन यादव व अर्जुन आदि लोगों द्वारा लाठी डंडे से हमला किया गया।

घायल युवक ने बताया कि मनबढ़ो द्वारा जानलेवा हमला होने के बाद वह किसी तरह भागकर अपनी जान बचाया। विश्वनाथ ने यह भी बताया कि यदि मैं ना भागता तो उन मनबढ़ दबंगों द्वारा मेरी हत्या भी की जा सकती थी। जाते जाते दबंगों ने मुझे भद्दी भद्दी गाली भी दिया। उन मनबढ़ दबंगों के हमले से विश्वनाथ के हाथ की हड्डी टूट गई है। घायल युवक विश्वनाथ द्वारा बताया गया कि मनबढ़ो द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर मेरे उपर जानलेवा हमला कर घायल किया गया जिसकी शिकायत पर थाना पुलिस ने 323/504 की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया है।

हाईवे पर छुट्टा पशु बनते हैं मार्ग पर दुर्घटना का कारण

मार्ग पर जमें पशुओं की वजह से आयेदिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं लोग

अयोध्या

फैजाबाद रायबरेली हाईवे पर स्थित व्यस्ततम इलाका रानी बाजार, बारुन, कुचेरा, इनायतनगर, मिल्कीपुर तथा कुमारगंज के आसपास का इलाका आवारा पशुओं की शरण स्थली बनता जा रहा है। हाईवे पर अक्सर झुंड में आवारा पशु मौजूद रहते हैं। जो सड़क पर दुर्घटना कारण बनते हैं। अभी गत दिनों कई बेसहारा पशुओं की दुर्घटना में मौत हो गई थी। इनकी वजह से आवागमन भी बाधित होता है। आए दिन कई पशु भारी वाहनों की टक्कर से घायल होते रहते हैं। जागरूक लोगों कहना है कि अधिकारियों के दिशा निर्देश के बावजूद सड़कों से आवारा पशुओं को पकड़ने के अभियान में स्थानीय जिम्मेदारों द्वारा उदासीनता दिखाई जाती है। कभी-कभी उच्च अधिकारियों का ज्यादा दबाव बढ़ने पर सिर्फ खाना पूर्ति होती रहती है।

मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में मिल्कीपुर खजुरहट् मार्ग, हैरिंग्टनगंज - मोतीगंज मार्ग, हैरिंग्टनगंज - शाहगंज प्रभात नगर, हैरिंग्टनगंज - देहली (सुल्तानपुर) मार्ग पर इन बेसहारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी वजह से लोगों को आवागमन में कठिनाइयां उठानी पड़ती है और दुर्घटना का अंदेशा सदैव बना रहता है। क्षेत्र के जागरूक दिलीप कुमार पाण्डेय 'एडवोकेट' , अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद पाण्डेय, मुन्ना सिंह, डा. विनोद तिवारी आदि लोगों ने इन बेसहारा पशुओं पर अंकुश लगाने का मांग शासन प्रशासन से की है।

संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को बेवजह राजनीति में घसीटना ठीक नहीं – उपराष्ट्रपति

राजस्थान के अपने एक दिवसीय दौरे पर आए भारत के उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने लक्ष्मणगढ़ में मोदी विज्ञान एवं तकनीकी विश्वविद्यालय की छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि बेवजह संवैधानिक पद पर बैठे हुए व्यक्ति को राजनीति में घसीटा जाना ठीक नहीं है।राजस्थान में उनकी यात्राओं पर उठे सवालों पर पीड़ा व्यक्त करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया की उनकी यात्रा या तो विधानसभा के अध्यक्ष के निमंत्रण पर हुई या फिर केंद्र सरकार के कार्यक्रमों में हु-ई। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति की कोई भी यात्रा अचानक नहीं होती, बहुत सोच विचार, चिंतन और मंथन के बाद होती है। उन्होंने उच्च और जिम्मेदार पदों पर आसीन लोगों से संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान बनाए रखने का आग्रह किया और कहा राष्ट्रपति से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी इस देश के सेवक हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि अब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में एक तिहाई सदस्य महिलाएं होंगी जो देश को एक नई ऊंचाई पर ले जाएगी। उन्होंने अधिनियम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब सत्ता की बागडोर महिलाओं के हाथ में होती है तब देश की तरक्की बहुत तेजी से होती है। उपराष्ट्रपति ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रस्तुत किए जाने वाले दिन की याद दिलाते हुए छात्र-ाओं से कहा कि यह विधेयक गणेश चतुर्थी के दिन प्रस्तुत किया गया था इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह आपके लिए और देश के लिए कितना शुभ है, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है और यह भविष्य में हमारे समाज में बहुत परिवर्तनकारी सिद्ध होगी। उन्होंने आगे कहा कि इससे महिलाओं को उनके हक मिलेंगे और वे विकास की मुख्य धारा में सक्रिय रूप से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

संस्थान के निदेश की प्रशंसा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि , संस्थान में तपोवन है, योगशाला भी है, हमारी संस्कृति हमारी ताकत है और यह संस्थान भारतीय संस्कृति के मूल सिद्धांतों पर आधारित है। यहाँ भारतीय संस्कृति की झलक दिखती है, भारतीय संस्कार दिखते हैं और यह दुनिया की एक महानतम संस्था है। उन्होंने कहा आपने बहुत मेहनत से संस्थान को इस मुकाम तक पहुंचाया है इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि हमारी संस्कृति पाँच हजार सालों से भी पुरानी है। जी-20 के सफल आयोजन के दौरान दुनिया के सभी नेताओं ने हमारी संस्कृति के दर्शन किए और भारतीय संस्कृति से परिचित हुए हमारी संस्कृति का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि जी-20 के आयोजन पूरे देश में किए गए यह अभूतपूर्व है। देश के 58 से अधिक स्थानों पर जी-20 से जुड़ी बैठकें आयोजित की गयी। इससे दुनिया के नेताओं को भारतीय संस्कृति के दर्शन करने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि दुनिया के नेता हमारे देश से कभी न भूलने वाली यादें लेकर गए हैं। कभी किसी ने इतने सफल आयोजन की कल्पना नहीं की थी जैसा भारत ने करके दिखाया।

उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप ऐसे कालखंड में रह रहे हो जब भारत उन्नति की ओर अग्रसर है और यह उन्नति विश्व में प्रमाणित हो चुकी है। दुनिया स्तब्ध है। चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 23 अगस्त 2023 को एक ऐसा करिश्मा हुआ जिसकी कभी किसी ने कल्पना नहीं की थी, जब इसरो ने चंद्रयान-3 को चंद्रमा के उस हिस्से पर सफलतापूर्वक उतार दिया जहां दुनिया का कोई देश अभी तक नहीं पहुंच पाया था, यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, हमें भारत की इस उपलब्धि पर गर्व करना चाि-हए। उन्होंने आगे कहा कि इस उपलब्धि में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

महिलाओं की भूमिका की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आज हमारे देश में राष्ट्रपति के पद से लेकर वित्त मंत्री जैसे उच्च पदों पर महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिकाओं का निर्वहन कर रही हैं, यह देश के लिए गर्व की बात है। उपराष्ट्रपति ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह दुनिया की एक बेहतरीन अर्थशास्त्री हैं और पूरी दुनिया में उनका एक रुतबा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा देश तेरह साल पहले दुनिया की पाँच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था और आज हम विश्व की पांच सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गए हैं और हमने अपनी इस विकास यात्रा के दौरान यूके और फ्रांस जैसी शक्तियों को पछाड़ा है। उन्होंने आगे कहा कि बहुत ही जल्द भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति होगा और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उपराष्ट्रपति ने छात्र-ाओं से कहा जब 2047 में भारत अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा उस समय आप लोग निर्णायक भूमिका में होंगे।

उपराष्ट्रपति ने स्वामी विवेकानंद के वचनों को याद करते हुए कहा कि स्वामी जी ने कहा था कि कोई भी देश महिलाओं को सशक्त किए बिना खुशहाल नहीं हो सकता और न ही तरक्की के उच्च शिखर तक नहीं पहुंच सकता। उपराष्ट्रपति ने पद्म पु-रस्कारों का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत में यह परिवर्तन आया है कि सामान्य लोगों को जिन्होंने स-राहनीय कार्य किए हैं उन्हें यह पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण जैसे अलंकरण प्रदान किये जा रहे हैं,

रामनगर पंचवटी से लंका मार्ग बदहाल, कैसे होगी रामलीला

पंचवटी और लंका मैदान होता है विश्व प्रसिद्ध रामलीला का मंथन

सामाज जागरण वाराणसी

वाराणसी/ विश्वविख्यात रामनगर का मेला और मेले में प्रयोग होने वाला मार्ग से कलाकार आते जाते हैं हजा-रों के तादाद में मेला देखने वाले भक्त भी इसी मार्ग का इस्तेमाल करते हैं वह मार्ग पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुका है संबंधित विभाग अधिकारी कर्मचारी सब मस्त जितेंद्र कुमार यादव पूर्व पार्षद रामनगर ने जताया विरोध भारी वाहनों के चलने वाले इस मार्ग पर गड्ढों के बनने से छोटे वाहनों का चलना मोहाल हो गया है,इस दौरान हुई बरसात ने गड्ढों में पानी भरने से आवागमन ठहर सा गया है।

पानी के चलते सड़क से आने जाने वाले अंदाज नहीं लगा पाते और अक्सर इन गड्ढों गिरकर चोटिल हो जाते है,वहीं अब रामनगर शहरी क्षेत्र में सुबह नो एंट्री चालू हो जाने के बाद भारी वाहनों को पीएसी से मोड़कर दुर्गा मंदिर पंचवटी और लंका होते होते हुए विश्वसुंदरी पुल और औद्योगिक क्षेत्र की तरफ निकाल दिया जाता है बिहार से छोटे

बड़े वाहन इसी रास्ते आते है लगता है लंबा जाम। दरअसल मार्ग क्षतिग्रस्त होने से आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है और हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है व छोटी गाड़ी अक्सर पलट जाया करते है,जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। दो दिन बाद रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला पंचवटी एवं लंका मैदान तरफ शुरू होने वाली है। सुपर्णखा नक्कटैया से लेकर श्रीराम के अयोध्या वापसी तक की लीला का मंचन इसी क्षेत्र में होता है। लीला देखने प्रतिदिन भारी भीड़ जुटती है। यहीं हाल रहा तो क्षतिग्रस्त सड़क लोगों को भारी सिरदर्द दे सकती है। एक महीना पहले खबर चलने के बाद रोड पर गिट्टी डालकर कोरमा पूरा कर दिया गया था फिर वही हाल हो गया सड़क और धस गई है जितेन्द्र यादव पूर्व सभासद प्र, मुन्ना खान, नरेश यादव, पिंटू यादव सत्यजीत विश्वकर्मा, राजेंद्र यादव, बृजेश यादव मोनू सोनकर बनारसी यादव, महानंद मौर्या आदि लोग मौजूद रहे।

एकपक्षीय पुलिस कार्यवाही के विरोध में रामनगरी का बाजार बंद

- सभी दलों के व्यापारियों ने एकजुट होकर किया बंदी का समर्थन
- मारपीट के विवाद में पुलिस द्वारा एक तरफा कार्यवाही करने का लगा आरोप

समाज जागरण अयोध्या।

पुलिस कार्रवाई के विरोध में अयोध्या रामनगरी की बाजार बंद रही। सभी दलों के व्यापारियों ने बंदी का समर्थन किया। व्यापार बंद होने की वजह से श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मामला व्यापार मंडल के महामंत्री और पूर्व भाजपा सभासद अचल गुप्ता से जुड़ा हुआ है। जिनके खिलाफ मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली अयोध्या में मुकदमा पंजीकृत हुआ था।

अयोध्या व्यापार मंडल के अध्यक्ष नंदकुमार गुप्ता ने बताया कि व्यापार मंडल के महामंत्री और पूर्व भाजपा सभासद अचल गुप्ता का एक मामूली मारपीट का विवाद हो गया था। जिसमें पुलिस ने एक तरफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया।

जिसमें अंचल गुप्ता की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस दबिश डाल रही थी। गुरुवार की रात 10:00 बजे पुलिस उनकी दुकान बंद कर कर वहां बैठे रिश्तेदार को थाने ले आई। रात में जब व्यापारियों ने इसका विरोध किया तो उन्हें छोड़ा गया। इस घटना के विरोध में व्यापारियों ने एक दिन की बंदी किया है अगर न्याय ना मिला तो अनिश्चितकालीन बंदी की जाएगी।

वहीं व्यापारी नेता नंद लाल गुप्ता का कहना है व्यापार मंडल के महामंत्री अचल गुप्ता के ऊपर एक बड़ी हस्ती के दबाव में पुलिस ने एक तरफा का-र्रवाई की। मामले में दोनों तरफ से फिर दर्ज होनी थी। परंतु एक पक्ष की रिपोर्ट दर्ज की गई । मामूली मारपीट में 307 की धारा लगा दी गई। इसको लेकर के व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला था । जहां आश्वासन मिला था कि मे-डिकल के आधार पर ही धाराएं लगाई जाएगी और कार्रवाई की जाएगी। परंतु उसके बाद भी प्रशासन एक तरफा कार्रवाई कर रहा है।

कुशवाहा नगर में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र में मारपीट के मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट व छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। कुशवाहा नगर में 3 अक्टूबर को दो पक्षों के बीच गाली गलौज को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। बाद में उनके बीच पथराव हो गया था। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ महिलाओं से छेड़छाड़ का आरोप लगाया।

मारपीट के मामले में रूपा देवी पत्नी रामनाथ कुशवाहा ने अंगूरी देवी पत्नी श्रीपाल उसके बेटे दीपेंद्र व विमल तथा दूसरे पक्ष के देवेंद्र ने मुनेश पुत्र रामनाथ प्रीति पत्नी दिलीप दिलीप कुमार पुत्र रामनाथ रूपा देवी पत्नी रामनाथ तथा मुकेश पुत्र रामनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सभी कुशवाहा नगर के रहने वाले हैं।

घर में घुसकर सो रही महिला से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद। थाना पचोखरा क्षेत्र में घर पर सो रही महिला के साथ गांव के ही युवक ने घुसकर छेड़छाड़ की। विरोध करने व चिल्लाने पर युवक वहां से भाग गया। महिला के बेटे ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना पचोखरा के क्षेत्र निवासी राजाराम पानीपत में काम करता है। वह अपने परिवार के साथ पानीपत में ही रहता है। उसकी मां गांव में रहती है।

युवक की मां 3 अक्टूबर को घर पर सो रही थी। इस दौरान अजय पुत्र राम प्रकाश ने दरवाजा खटखटाया। महिला ने दरवाजा नहीं खोला। कुछ देर बाद महिला किसी कार्य से बाहर आई।

किवाड़ खुला देख युवक घर के अंदर घुस कर बैठ गया। राजाराम की माने तो उसकी मां के सोते ही युवक ने कमरे में पहुंचकर छेड़छाड़ शुरू कर दी। महिला ने जाग कर चिल्लाना शुरू कर दिया। तभी युवक वहां से भाग गया। महिला ने अपने बेटे को फोन से घटना के बारे में बताया। बेटे ने आकर गुरुवार को घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

नई दिल्ली में छावला स्थित बीएसएफ कैंप में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए 'श्रीअन्न किसान उत्पादक संगठन प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस कर्मियों में मोटे अनाजों या 'श्री अन्न' की खपत को बढ़ावा देने के लिए, कृषि और किसान कल्याण विभाग ने गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के लिए 'श्रीअन्न किसान उत्पादक संगठन' प्रदर्शनी की 6 अक्टूबर 2023, छावला, नई दिल्ली में बीएसएफ कैंप में मेजबानी की थी। देश के 30 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ने विभिन्न अर्द्ध सैनिक बलों के लगभग 1,000 उपस्थित लोगों को कच्चे श्री अन्न, रेडी-टू-कुक (आरटीसी) और रेडी-टू-ईट (आरटीई) उत्पादों आदि सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कृषि और किसान कल्याण विभाग के अपर सचिव श्री फैज अहमद किदवई ने रिबन काटकर किया। उनके साथ कृषि और किसान कल्याण विभाग की अपर सचिव श्रीमती मनिंदर कौर और संयुक्त सचिव (फसल) श्रीमती शुभा ठाकुर भी उपस्थित थी।

अपने उद्घाटन संबोधन में अपर सचिव श्री फैज अहमद किदवई ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे 75,000 से अधिक एफपीओ छोटे किसानों को संसाधनों और बाजार कनेक्शन के साथ सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और हरियाणा के 34 श्रीअन्न एफपीओ देश में श्रीअन्न उत्पादों की विविधता का प्रदर्शन करने और भविष्य की खरीद के लिए सीएपीएफ कैंटीन और डिपार्टमेंटल स्टोर के साथ सीधा संबंध स्थापित करने के दोहरे उद्देश्य से इस मेगा आयोजन के लिए एकत्र हुए थे।

श्रीमती शुभा ठाकुर, अपर सचिव (फसल), ने श्रीअन्न अपनाने की उत्सुकता के लिए अर्धसैनिक बलों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस प्रदर्शनी में श्रीअन्न उत्पादों की अपनी श्रृंखला के लिए 34 एफपीओ की स-राहना की और श्रीअन्न एफपीओ और अर्धसैनिक बलों के बीच एक उपयोगी सहयोग की आशा व्यक्त की।

इस प्रदर्शनी ने एफपीओ के लिए सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के साथ सीधी बातचीत करने का भी अवसर प्रदान किया, जिससे उन्हें घरेलू रूप से उत्पादित श्रीअन्न आधारित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला से परिचित कराया गया। इसके अतिरिक्त, प्रदर्शनी के दौरान खरीद अधिकारियों और शेफ/रसोइयों को उत्पादों की विविधता, श्रीअन्न खरीदारी में आसानी और अपनी-अपनी संबंधित इकाइयों के लिए भविष्य की खरीद के लिए एफपीओ के साथ जुड़ाव करने का मौका भी मिला।

इस वर्ष की शुरूआत में, गृह मंत्रालय ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के कर्मियों के भोजन में 30 प्रतिशत श्रीअन्न शामिल करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। अंतर्राष्ट्रीय श्रीअन्न वर्ष के समारोह के अनुरूप, इस निर्णय का उद्देश्य अर्धसैनिक बलों के कर्मियों के लिए ऊर्जा से भरपूर भोजन विकल्प के रूप में श्रीअन्न को बढ़ावा देना और उनकी शारीरिक मांग वाली दिनचर्या में सहायता प्रदान करना है। यह निर्णय इसलिए लिया गया है क्योंकि श्रीअन्न बाजरा फाइबर, खनिज और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हैं। अगस्त 2023 में, कृषि और किसान कल्याण विभाग ने असम राइफल्स, सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड, सशस्त्र सीमा बल और विभिन्न सरकारी कैंटीन सहित अर्धसैनिक बलों के साथ काम करने वाले 250 से अधिक शेफों और रसोइयों के लिए एक पाक प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया था। सफल प्रशिक्षण सत्र ने प्रतिभागियों को साधारण नाश्ते से लेकर पौष्टिक भोजन तक विभिन्न प्रकार के श्रीअन्न आधारित व्यंजनों से परिचित कराया, जिन्हें वे अपनी कैंटीन और मेस सुविधाओं के दैनिक मेनू में शामिल करने के लिए उत्सुक थे। प्रदर्शनी के दौरान 34 से अधिक किसान उत्पादक संगठनों ने कमांडेंट, सेकेंड-इन-कमांड, क्वार्टरमास्टर, शेफ/रसोइया और उनके परिवारों के सामने अपने उत्पादों की अनूठी श्रृंखला प्रदर्शित की और अपने उत्पाद बेचे। प्रदर्शनी के उल्लेखनीय आकर्षणों में फॉक्सटेल श्रीअन्न खाखरा, श्रीअन्न कुकीज, ज्वार के लड्डू, बाजरा रस्क, रागी नमकीन, केक आदि जैसे खाने के लिए तैयार उत्पाद शामिल थे।

लगातार बारिश मे ध्वस्त हुआ आशियाना ।

दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा

चतरा(झारखंड)06अक्टूबर2023: -जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत के कोइरिया गाँव मे लगातार हो रहे बारिश से स्थानीय निवासी सुधा देवी पति स्व० किशोरी प्रसाद का घर अचानक से पुरी तरह से ध्वस्त हो गया। ध्वस्त हुए घर मे सुधा देवी अपने बेटे और उनके बच्चों के साथ रहती थी। सुधा देवी ने बताया की मिट्टी के इस घर मे वो सालो से अपने परिवार समेत रह रही थी जो क्षेत्र मे हो रही तेज और लगातार बारिश के कारण अचानक से गिर गया जिससे मुझे और मेरे परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । उन्होंने ये भी बताया मेरे द्वारा प्रयास करने के बाद

भी अभी तक सरकारी योजना के अंतर्गत आवास के लाभ से अभी तक वंचित हूँ । उन्होंने बताया की इस परेशानी के समय मे सम्बन्धित पदाधिकारियों को मेरी परेशानी से अवगत होते हुए मुझे सरकारी योजना का लाभ दिया जाये। बताते चले की प्रखंड मे ऐसे बहुत से लोग है जो इस आपदा से बेघर हो गये है। जिसके लिए विभाग के पदाधिकारियों को आगे आना चाहिए और लोगो के परेशानी से अवगत होने की जरूरत है और जो सरकारी योजना से मिलने वाले लाभ से वंचित है उनको लाभ से रूबरू कराना चाहिए ।

वन विभाग ने मनाया हथिनी रजनी का जन्मदिन, स्कूली बच्चे और ग्रामीण हुये शामिल

शशि भूषण महतो, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिलःसरायकेला जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में लगातार 17 वर्षो से रजनी नामक हाथनी अपना जन्म दिन केक काट कर मानती है और वन बिभाग इसका करता है आयोजन , दलमा की तराई क्षेत्र के सभी गांव वाले ओर वन विभाग के लोग आज खुशी मानते है । इस लिये की आज ही के दिन रजनी को नया जन्म मिला था, ईचागढ़ के पिलिद जंगल के आसपास घायल अवस्था मे इसको पाया गया था बचने की कोई उमीद नही थी लेकिन वन विभाग और टाटा जू के डॉक्टर्स ने इसको नया जन्म दिया है। इसको देखते हुए प्रत्येक वर्ष रंजनी हाथी की जन्म दिन 7 अक्टूबर मनाया जाता ।17 वर्ष की होने पर 17 पाउंड का केक काटा रजनी हथिनी ने मनाया जन्म दिन। जमशेदपुर प्रमंडल और सरायकेला खरसवां क्षेत्र के दलमा वाइल्ड लाइफ सेचुरी माकूलाकोचा चेक नाका मे हाथीनी रजनी के जन्मदिन पर 17 पाउंड के केक को काट कर रजनी ने मनाया अपना जन्म दिन जन्मदिन पर दलमा पश्चिमी रेंज के रेंजर दिनेश चंद्रा बताया कि यह खुशी की बात है इससे लोगों में एक अच्छा संदेश जाता है कि जब हम अपने बच्चों का जन्म दिन मना सकते हैं तो जंगली जानवर का क्यों नहीं।और लोगों मे जंगली जानवरों के प्रति जागरूक करने का भी एक अवसर होता है। रजनी के जन्मदिन को लेकर वन विभाग यह संदेश देना

चाहता है कि जानवर भी पृथ्वी के लिए महत्वपूर्ण हैं और उनका भी अपना महत्व है। इसी संदेश को ध्यान में रख कर जन्मदिन मनाया जा जाता है। कोशिश है कि इससे दूसरे भी सीख लें और जानवरों की संरक्षा व सुरक्षा के संदेश देने के लिए इसे आत्मसात करें। कोरोना महामारी के कारण नही आपाये स्कूली बच्चे हर साल रजनी की जन्मदिन पर आस पास के स्कूली बच्चे और ग्रामीणों के बच्चे सामिल रहते है लेकिन इस साल कोरोना के कारण स्कुल बच्चे नही सामिल हो पाये हाथनी रजनी की अबतक की जीवनी झुंड से बिछड़कर गढ्डे में फंसी मिली थी रजनी झुंड में रहने वाली मादा हाथी रजनी आपने साथी हाथियों के झुंड से बिछड़ कर चांडिल वन क्षेत्र के ईचागढ़ पिलीद जंगल और स्वर्ण रेखा नदी के समीप पीलीद एक गड्ढे में फंसा हुआ मिला था। उसे घायलावस्था में निकालकर टाटा जू लाया गया था, जहां काफी दिनों तक रजनी का इलाज हुआ। जब रजनी ठीक हो गई तो उसे चांडिल दलमा वन्यप्राणी आश्रयणी माकूलाकोचा लाया गया। दलमा के मकुलाकोचा चेक नाका में बकायदा इस हाथीनी का नामकरण रजनी के रूप में किया गया था। उसी समय से रजनी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया जा रहा हे । रजनी का जन्मदिन मनाने के लिए दलमा वन आश्रयणी के कर्मचारियों के साथ ही मकुलाकोचा के ग्रामीण भी सामिल थे ।

चांडिल डैम जलाशय में देखने को मिलेगा कुदरत का नजारा, वाटर पार्क समेत हाउस वोट व अन्य आधुनिक वोट की सुविधा

शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)

चांडिलःसरायकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बहुउद्देशी परियोजना के तहत बना यह जलाशय 22 हजार हैक्टर में फैले हुए है । चांडिल डैम पहुंचने वाले सैलानियों को बहुत जल्द वाटर पार्क समेत हाउस वोट व अन्य आधुनिक वोट की सुविधा जल्द मिलेगी , इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।दरअसल, चांडिल डैम में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत पर्यटन का विकास किया जाएगा ।इसके तहत डैम में पर्यटन के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ वित्तीय सहायता दी जाएगी।चांडिल डैम में पर्यटन के विकास की रूपरेखा तय करने के लिए केंद्र सरकार ने मेसर्स वॉयंट्स सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड को परियोजना विकास एवं प्रबंधन सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है । मेसर्स वॉयंट्स सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड धरातल पर संभावनाओं की तलाश कर विभाग को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएगी और पर्यटन के विकास का खाका तैयार करेगी। चांडिल डैम का सुंदर नजारासुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना अंतर्गत चांडिल डैम में वाटर पार्क के निर्माण के लिए छह करोड 64 लाख, 78 हजार 900 रुपये और चारदीवारी के लिए दो करोड़ 80 लाख 35 हजार 700 रुपये का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। इसके राशि आवंटन के लिए विभाग से अधियाचना की गई है। वहीं जल संसाधन विभाग के अधीन जलाशय में जलक्रीड़ा संचालन के लिए

पर्यटन निदेशालय को 30 गुणा 30 का जेटी, 20 सीटर, नौ सीटर, छह सीटर, चार सीटर और दो सीटर मोटर वोट सभी दो-दो की संख्या में, एक जेट वोट, छह कयाक वोट, दो सौ लाइफ जैकेट और 30 लोगों की क्षमता वाले हाउस वोट के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है ।चांडिल डैम में पर्यटन के विकास और संवर्धन के लिए विभाग की ओर से आवश्यक राशि उपलब्ध कराई जाएगी ।इको टूरिज्म के रूप में होगा विकसित भारत सरकार के स्वदेश दर्शन योजना के तहत चांडिल डैम को इको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा. जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक में इसको लेकर चर्चा किया गया है।सरायकेला-खरसावां जिले में स्थित चांडिल डैम को कायाकल्प कर यहां पर्यटकों को आकर्षित किया जाएगा. वैसे साल दर साल चांडिल डैम पहुंचने वाले सैलानियों की संख्या बढ़ती जा रही है. चांडिल डैम में देश-विदेश के पर्यटकों के लिए पसंदीदा स्थान बनता जा रहा है। डैम क्षेत्र में बाहर से पर्यटक आकर दो-चार दिन गुजारे, इसकी व्यवस्था की जाएगी. इको टूरिज्म के लिए वन प्रमंडल से भूमि उपलब्ध कराने से संबंधित प्रतिवेदन देने और डीपीआर लेने पर व्यापक चर्चा की है, जल्द ही इसका नतीजा देखने को मिलेगा

पटमदा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न, सीओ ने दुर्गा पूजा कमेटियों को दिए कई निर्देश

नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा

पटमदा : दुर्गा पूजा के मद्देनजर शुक्रवार को पटमदा थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता पटमदा सीओ चंद्रशेखर तिवारी ने की। बैठक में पटमदा प्रखंड के 4 लाइसेंसी व 5 गैर लाइसेंसी पूजा कमेटी के पदाधिकारियों व शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। सीओ ने पूजा कमेटी के पदाधिकारियों से कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो गाइडलाइन प्राप्त हुआ है, उसी के अनुसार पूजा को संपन्न करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य है। साथ ही सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से पंडालों में पर्याप्त वॉलेंटियर, महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग रास्ता की व्यवस्था करने, पंडाल में फ्लैक्स लगवाकर जिले के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, डीएसपी व लोकल प्रशासन का मोबाइल नंबर अंकित करने, पंडाल में सिंथेटिक कपड़ा का उपयोग नहीं करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से इंस्पेक्टर हरालाल महतो, थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, विजय कुमार मंडल, ईशान चंद्र गोप, मंटू चरण दत्त, पंचानन दास, गौरी शंकर महांती, खगेन सिंह, शरत सिंह सरदार, अयोध्या सिंह, तरणी सिंह, रामकृष्ण महतो व मोहम्मद महमूद समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

मनियाडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया सुपर्णा देवी की अध्यक्षता में सभी विभागो के कर्मियों के साथ अत्यावश्यक बैठक की।

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण की मिश्र जिला संवाददाता धनबाद (झारखंड):-06अक्टूबर2023:

जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत मनियाडीह पंचायत सचिवालय में मुखिया श्रीमती सुपर्णा देवी की अध्यक्षता में पंचायत स्तर के सभी विभाग के कर्मियों के साथ एक अत्यावश्यक बैठक टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी के निदेर्शानुसार आयोजित किया । बैठक का उद्देश्य सभी विभागो के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों की प्रगति तथा अधूरे कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य है ।सभा में उपस्थित उप प्रमुख संजू गुप्ता ,मुखिया सुपर्णा देवी, रोजगार सेवक विकास पांडे पंचायत सेवक विद्यालय के प्रधानाध्यापक / सहयोगी शिक्षक स्वास्थ्य सहिया साथी चंद्रिका देवी आंगनवाड़ी सेविका के साथ साथ अन्य विभागो के कर्मियों ने अपने अपने अधीनस्थ विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी। ट्रेनर नित्यानंद गिरी ने विकास योजनाओं को गति प्रदान करने पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित

कर्मियों को दिशा निर्देश दिया। आपको बता दूं की टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी विभागो को आगाह कर दिया है कि प्रखंड अंतर्गत किसी भी कार्य में कोताही बरतने वाले कर्मी नपेंगे ।प्रखंड विकास पदाधिकारी के तेवर देख कर्मियों में हड़कंप है। मनियाडीह मुखिया ने अपने पंचायत के कर्मियों से कहा की क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो पंचायत सचिवालय से संपर्क करें। उसका तुरत निदान करने का भरोसा दिया। मौके पर सभी वार्ड सदस्य यथा लावेश्वर मरांडी, जागेश्वर सिंह आंगनवाड़ी सेविका जल सहिया स्वास्थ्य सहिया, पीडीएस डीलर, मनियाडीह उच्च विद्यालय+ मनियाडीह मध्य विद्यालय के प्रधान शिक्षक,तथा सभी विद्यालय के शिक्षक गण के अलावे काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

हजारीबाग प्रमुख संघ ने जिला परिषद की बैठक का किया बहिष्कार

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 6 अक्टूबर 2023 :- जिला परिषद की बैठक में प्रखंड प्रमुख की प्रस्ताव पर प्राथमिकता नहीं देते अधिकारी-प्रमुख संघ हजारीबाग

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंचायत समिति सदस्यों को नही मिल रही है अधिकार ,अब करेंगे सरकार का बहिष्कार - पंचायत समिति संघ हजारीबाग में जिला परिषद की बैठक सात अक्टूबर को जिला परिषद की सभागार कक्ष में होना तय हुई है। बैठक में प्रमुख को मात्र सोशल मीडिया के माध्यम से बुलाया गया है। इससे पूर्व भी जिला परिषद की बैठक में बुलाने का कोरम मात्र पूरी किया जाता रहा है ।आधिकारिक तौर पर आज तक हमें सम्मान के साथ बैठक में आने का न्योता नही मिलते रही है लेकिन फिर भी हम सभी प्रमुख अपने क्षेत्र की विकास को लेकर बैठक में लगातार जाते रहे है । हम प्रखंड प्रमुख अपने अपने प्रखंड के कार्य क्षेत्र को छोड़कर जिला की बैठक में भाग लेने के लिए दिन भर समय देते हुए अपने निजी खर्च से बैठक में जाते रहे है लेकिन बैठक पंजी में प्रमुख की हस्ताक्षर तो ले लिया जाता है लेकिन ना ही हमे अपना समस्या रखने के प्रायाप्त अवसर दिया जाता है और ना हमारी प्रस्ताव पर विचार तक की जाती रही है । बैठक में प्रखंड प्रमुख के द्वारा अपने अपने प्रखंड के बारे में कई बार मौखिक वा लिखित में शिकायत पर समाधान वा विकास के कार्यों से संबंधित आवेदन देने का कार्य किया गया है इसके बावजूद संबंधित अधिकारी द्वारा किसी तरह की पहल नही होती रही है इसलिए अब जिला परिषद की बैठक में जाने से सभी प्रमुख ने इंकार कर दिए है। सभी प्रमुखों का कहना है की प्रखंड ,अंचल के अधिकारी व प्रखंड की समस्या व विकास की बात बैठक के माध्यम से संज्ञान देने के बावजूद किसी भी सक्षम अधिकारी के द्वारा पहल नही किया जाता रहा है । प्रमुख संघ ने ये भी कहा है की अपने अधिकार ,अधिकारी द्वारा पालन करवाया जाए । प्रमुख, उप प्रमुख ,पंचायत समिति को अधिकार दिलवाने पर ठोस कदम उठाया जाय ।उपरोक्त विषयों पर अधिकारी द्वारा पालन होने से पंचायत राज व्यवस्था में सुधार होगी व जिस उद्देश्य हेतु झारखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराई गई है वह तभी सार्थक होगी। उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति प्रमुख संघ हजारीबाग के जिला अध्यक्ष श्री

निजी खर्च से बैठक में जाने एवं दिन भर के समय जिला के बैठक में देंगे उतना ही खर्च से अपने प्रखंड क्षेत्र के वंचित परिवार एवं जरूरत मंद तक पहुंच कर समय देंगे तो वह गरीब के लिए हम महीसा सिद्ध हो सकते है। प्रमुखों ने यह प्रकाशित खबर के माध्यम से अनुरोध करते हुए कहा है की जिला परिषद की बैठक में हमारी भागीदारी सुनिश्चित हो, हमे अपनी प्रखंड की समस्या वा विकास के कार्यों पर बोलने का प्रयाप्त अवसर मिले ।हमारी शिकायत , सुझाव व विकास के कार्यों पर प्राथमिकता देते हुए गंभीरता पूर्वक विचार किया जाय तथा अनुमोदन करते हुए क्रियान्वयन भी करवाया जाए । पंचायती राज अधिनियम 2001 पंचायत समिति के उल्लेखित संतोष मंडल वा महासचिव श्रीमती कुमारी बिनीता वा कोषाध्यक्ष निरंजन प्रसाद ,सदर प्रमुख बिना देवी, केरंडारी प्रमुख सुनीता देवी,बड़कागांव प्रमुख फुलवा देवी, बरही प्रमुख मनोज रजक, डाडी प्रमुख दीपा देवी, बिष्णुगढ़ प्रमुख जैबून निशा ,दारू प्रमुख कुमारी स्वेता, बरकठा प्रमुख रेणु देवी, पदमा प्रमुख बिना देवी, इचाक प्रमुख पार्वती देवी, कटकमसांडी प्रमुख संगीता देवी, चलकुसा प्रमुख नीतू कुमारी,चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने संयुक्त सहमति से प्रेस में प्रकाशित कर हजारीबाग जिला के सभी वार्ड से लेकर पंचायत ,प्रखंड वा जिला तक के सभी वर्ग के लोग पढ़े वा समझे की पंचायती राज चुनाव के व्यवस्था कितना कमजोर किया जा रहा है।

खेती ही जीवन का भविष्य है - उतम महतो मुखिया

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 6 अक्टूबर 23 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड के सारु कुदर पंचायत में चलंत कृषी विश्वविद्यालय सेवा के तहत सैकड़ों किसानों को को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण का मकसद है अधिक से अधिक किसान को उन्नंत खेती करने के लिए जागरूक किया। बाहर ले जाकर ट्रेनिंग देने में खर्च अधिक होता है मुखिया उत्तम महतो ने सभी किसानों को इस ट्रेनिंग से लाभ उठाने को कहा । किसानों ने फसल में लग रहे बीमारी को रखा। बैगन , टमाटर , मिर्ची , आदि फसल लगाने की विधि की जानकारी लिया। किसानों ने बीज उपचार की जनकारी लिया । लगातार एक हि जमीन में खेती वाले जमीन की मिट्टी की जाँच कराने के बाद फसल लगावें। कम पानी वाली फसल लगाने पर जोर दिया। मुखिया ने कहा की इस सुदूरवर्ति क्षेत्र के लिए ऐसा ट्रेनिंग काफी लाभदायक है मुखिया ने किसनों से अपिल करते हुए कहा धनपट महतो प्रशिक्षक अमान राजा वार्ड सदस्य पूर्णी देवी टेकलाल महतो कमार्ली अंसारी नागेश्वसर महतो घनश्याम महतो अनिता देवी

की खेती ही भविष्य है लगभग 300 सौ किसान mobial agriculture school&services का प्रशिक्षण लिया। कार्यकर्म में btm सुशील जी किसान मित्र फूलचंद महतो रित्ता कुमारी सुनीता देवी रनिदेवी पार्वती देवी रीना देवी उमा देवी यशोता देवी महेन्द्र सिंह पूरनी देवी नंदलाल महतो योगेंद्र महतो नेमचंद महतो बधु महतो समेट सैकड़ों किसान एवं महिला ने इस कार्यकर्म का लाभ उठाया।

भाजपा बिरनी मंडल में मंडल कमिटी सह बूथ सशक्तिकरण को लेकर बैठक

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 6 अक्टूबर 2023 :- भारतीय जनता पार्टी बिरनी मंडल कमेटी सह बूथ सशक्तिकरण को लेकर की वर्तमान मुखिया श्री प्रेमचंद कुशवाहा जी के आवास में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री राजदेव साव ने किया। साथ ही संचालन बिरनी मंडल महामंत्री सुभाष बर्मा के द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सह बिरनी मंडल प्रभारी छोटेलाल यादव शामिल हुए। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार भारतीय जनता पार्टी बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत आज बगोदर विधानसभा अंतर्गत बिरनी मंडल मे बूथ अध्यक्ष,पंचायत संयोजक एवं मंडल पदाधिकारियों के सत्यापन का कार्य संपन्न किया गया! बैठक में पुलिस प्रशासन विभाग सांसद प्रतिनिधि श्री देवनाथ राणा ,जिला परिषद सांसद प्रतिनिधि नारायण

पाण्डे ,थाना सांसद प्रतिनिधि श्री मनोहर राम ,आपूर्ति विभाग सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद कुशवाहा , पंचायत समिति सांसद प्रतिनिधि तुलसी यादव ,सांसद प्रतिनिधि सह मीडिया प्रभारी सूरज मोदी ,कपिलो पंचायत मुखिया मुकेश यादव , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष भरकट्ठा सह निवर्तमान मुखिया प्रखंड अध्यक्ष टूपलाल बर्मा , मंडल महामंत्री भरकट्ठा राजेंद्र राम ,मीडिया प्रभारी रंजित राय,पूर्व संसद प्रतिनिधि श्री प्रकाश सिन्हा जी,पूर्व मुखिया जगदीश मोदी जी,पूर्व जिला युवा मोर्चा महामंत्री विक्रम तिवारी, रामकृष्ण बर्मा ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य विजय यादव ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रत्न पाण्डे , छत्रधारी दास,विशेस्वर साव ,पंकज बर्मा ,सुभाष दास ,श्री लक्ष्मण सिंह , वीरेन्द्र यादव , संतोषी चौधरी ,प्रमोद सिंह , नवल किशोर बर्मा ,रामसहाय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे !

शौर्य जागरण यात्रा सह धर्म सभा का आयोजन

दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र

वरीय संवाददाता धनबाद (झारखंड):-06अक्टूबर 2023:जिले के पूर्वी टुंडी प्रखंड अंतर्गत लटानी स्थित शिव शक्ति मंदिर में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ ने सौर्य जागरण यात्रा सह धर्म सभा का आयोजन राम भक्त सनातनियो संग किया। सनातनियो एवम बजरंग दल के कार्यकर्ताओ का काफिला रथ के साथ जामताड़ा जिले के नारायणपुर प्रखंड से प्रारंभ होकर पूर्वी टुंडी के करमदाहा तक आए । वहां पूर्वी टुंडी के कार्यकताओं ने रथ

का पुष्प अर्पित कर एवं आरती के साथ भव्य रूप से स्वागत किया । तत्पश्चात सभी कार्यकर्ता मोटरसाइकिल से एकजुट होकर रथ का संचालन हाईवे पथ पर पालोबेडा, शहरपुरा, कुरकुटांड, मैरानवाटांड, बड़बाद, बलारडीह, शंकरडीह के रास्ते लटानी शिव शक्ति मंदिर परिसर तक पहुंचे। लटानी में आयोजित शौर्य जागरण यात्रा सह धर्म सभा का आयोजन किया गया। वहां उपस्थित पुरुष एवम महिलाओ ने रथ पर विराजमान भगवान की प्रतिमा के दर्शन किए तथा धूप - दीप प्रज्वलित कर पूजा किए पूजन कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात खिचड़ी (महाप्रसाद) का वितरण किया गया ।और पूर्वी टुण्डी प्रखंड सीमा फतेहपुर तक रथ को छोड़ा गया । रथ पर सवार धर्म प्रेमियों ने लोगो को अयोध्या में निमार्णाधीन राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने का आमंत्रण भी दिया ।इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल के हजारों की संख्या में कार्यकर्ता एवं राम भक्त सनातनी उपस्थित रहे।

राजस्व कर्मचारी विपिन चौबे को एसीबी की टीम हजारीबाग ने रिश्वत लेते हुए पकड़ा और किया गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ

चतरा (झारखंड) 06 अक्टूबर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के जोरी हल्का कर्मचारी विपिन चौबे को एसीबी टीम ने 15000 रुपया रिश्वत लेते हुए किया गिरफ्तार। जोरी हल्का संख्या 11 का उक्त कर्मचारी ने भूमि से संबंधित कार्य को करने के लिए रिश्वत की मांग की थी।यह कार्रवाई हजारीबाग एसीबी टीम के द्वारा हंटरगंज प्रखंड के जोरी हल्का कार्यालय से कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया।

इचाक से खैरा तक बन रहे सड़क बदहाल , जी एस बी के नाम पर सिर्फ डस्ट गिरा कर काम तमाम

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ

हजारीबाग (झारखंड) 6 अक्टूबर 2023 :- हजारीबाग के इचाक से खैरा तक बन रहे रोड़ पर संबेदक के द्वारा जे एस बी की जगह डस्ट गिरा दिया गया है । जिससे जेपी चौंक , दरिया से बरका मंदिर तक में पांच सौ मीटर और जाटान बागी से खुटरा आहार तक के सड़क में आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि पांच दिनों में करीब बीस से पच्चास लोगो ने बाइक से गिरे गए है , कितने लोगो का शरीर के साथ गाड़ी का भी नुकसान हुआ है , लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि संम्बधित ठिकेदार एवं बिभाग के अधिकारी आराम से अपने घर में सो रहे है कोई नही है रोड को देखने वाले , ग्रामीणों ने आक्रोश पूर्वक विरोध जताते हुए कहा कि अगर एक दो दिन में सड़क का काम अच्छा नही किया जायेगा तो सभी ग्रामीण दरिया, बरका खुर्द, जगड़ा जोगीडी,रतनपुर,मनाई, बरका कलां, डाढा,पोखरिया, खुटरा, आदि के लोगो ने एनएच 33 को जाम करने का निर्णय ले लिया है।

हाथियों ने जिन कोल्ह परिवार का घर को ध्वस्त किया था विधायक के पहल से हुआ पास

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 6 अक्टूबर 2023 :- बगोदर प्रखंड अडवारा पंचायत के ग्राम पहाड़पुर में कुछ दिनों पहले हाथियों के झुंड ने कई गरीब कोल्ह परिवार के घरों तोड़ दिया, जानकारी होने पर जन संघर्षों का नाम भाकपा-माले के बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह जायजा लेने गए तो तुरन्त उपायुक्त गिरिडीह से बात कर तीन लाभुकों को अम्बेडकर आवास स्वीकृति

करने के लिए बोला गया था , लोकप्रिय विधायक श्री विनोद कुमार सिंह के प्रयास से तीनों लाभुको मिल गया । जिसमें 1 , फुदलिया देवी पति विशुन कोल्ह 2 , मो लिलिया देवी राजु कोल्ह 3 ,धनेश्वरी देवी पति छेदी कोल्ह के नाम से आवस की स्वीकृति मिल गई ।

लगातार बारिश से पंचायत में कच्चे मकान जो गिर गया मुखिया ने किया का निरीक्षण

दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ

गिरिडीह (झारखंड) 6 अक्टूबर 2023 :- बगोदर प्रखंड अन्तर्गत दोंन्दलो पंचायत में लगातार हो रही बारिश के चलते छः घरों को को काफी नुकसान हुआ , घर का लगभग हिस्सा गिर कर ध्वस्त हो गया भुक्तभोगियों ने इसकी

जानकारी पंचायत के मुखिया तुलसी महतो को दिया , लोगों को रहने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । मुखिया ने उक्त स्थल का जांच कर लोगों को आश्वस्त कराते हुए कहा कि जल्द विशेष ग्राम सभा कर अंबेडकर आवास के तहत सभी लाभुकों को आवास निर्माण कार्य किया जाएगा ।

कानपुर में सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग से करोड़ों का नुकसान

— 50 से अधिक मकान को खाली कराया।

सुनील बाजपेई

कानपुर। यहां देर रात सेना की वर्दी बनाने वाली फैक्टरी में भीषण आग लगने से करोड़ों का नुकशान होने का अनुमान है। फैक्टरी रिहाइशी इलाके में बनी हुई है। मौके पर पहुंची किदवईनगर, फजलगंज फायर स्टेशन से चार गाड़ियों ने घंटों मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना नौबस्ता के मछरिया में हुई। यहां इस रिहायशी इलाके में अवैध रूप से फैक्टरी संचालित हो रही थी। जानकारी के मुताबिक नौबस्ता के केशव विहार कॉलोनी निवासी सुनील कुमार की संजयनगर में आर्मी सूट बनाने का कारखाना व गोदाम है। ऊपरी तल पर करीब 20 मजदूर भी रहते हैं। बीती देर रात करीब ढाई बजे भूतल में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। इसपर मजदूर जान बचाकर छत पर भागे। इधर रास्ते से गुजर रही जेब्रा ने लपटें उठती देखा, तो फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मजदूरों का रेस्क्यू करने के बाद आग बुझाना शुरू किया। दर असल अंदर कैमिकल रखा होने से आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। जिसके चलते दमकल कर्मियों ने स्थानीय पुलिस की मदद से 50 से अधिक मकान को खाली कराया।

दो आदतन अपराधी 06-06 माह के लिए जिलाबदर

रायसेन, 06 अक्टूबर 2023

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अरविन्द कुमार दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर विभिन्न अपराधों में आरोपी रामप्रसाद सपेरा पिता मुंशीनाथ सपेरा निवासी ग्राम करहोदा थाना उमरावगंज जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 13 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी रामप्रसाद सपेरा को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है। इसी प्रकार विभिन्न अपराधों में आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू पिता स्व. मोहनसिंह चौहान निवासी ग्राम गाजीखेड़ी थाना बाड़ी जिला रायसेन को 06 माह के लिए रायसेन जिले की सीमाओं से निष्कासित किया गया है। आरोपी वर्ष 2006 से लगातार आपराधिक कृत्य में लिप्त है। आरोपी के विरूद्ध विभिन्न अपराधों में 05 प्रकरण पंजीबद्ध हैं। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आरोपी जितेन्द्र उर्फ जित्तू को जिलाबदर करने संबंधी पारित आदेश के अनुसार जिला रायसेन एवं जिला रायसेन के सीमावर्ती जिला भोपाल, विदिशा, सागर, सीहोर, नर्मदापुरम् एवं नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमाओं से चार माह के लिए निष्कासित किया गया है।

रानी दुर्गावती जयंती के उपलक्ष में विद्यार्थी परिषद ने निकाली विशाल मसाला यात्रा

रायसेन। रानी गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती की जयन्ती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायसेन द्वारा विशाल मशाल यात्रा का आयोजन किया गया। जिला संयोजक अश्वनी पटेल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थी परिषद

ने मशाल यात्रा निकाली जिसमे हाथ में तलवार लिए हुए रानी दुर्गवती जी झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिला संयोजक अश्विनी पटेल, गोलू नाथ, दीपक तिवारी, राजा आदिवासी, पंकज तोमर, अंशुल उपाध्याय, गोलू चौरसिया, राहुल कुशवाहा, सलोनी भदोरिया, खुशी गहलोत, पायल लोधी, मोना प्रजापति एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीएम शिवराज ने दी रायसेन जिले को 748 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात

मुख्यमंत्री वर्चुअली किया विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा भूमिपूजन

रायसेन। वन परिसर में जिला स्तरीय विकास उत्सव कार्यक्रम स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी तथा केबीनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सिलवानी विधायक रामपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित ₹53,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का प्रदेश-स्तरीय भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का रायसेन वन परिसर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा नागरिकों द्वारा लाईव प्रसारण देखा गया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भोपाल में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में रायसेन जिले के लिए 748 करोड़ 66 लाख 84 हजार रू लागत की कुल 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सांची विधानसभा सहित सम्पूर्ण जिले को विकास की अनेकों सौगाते दी हैं। जिससे रायसेन जिले के विकास को गति मिलेगी और नागरिकों के लिए भी उन्नति और आर्थिक समृद्धि के नवीन द्वार खुलेंगे। रायसेन जिले को बुधवार को मेडीकल कॉलेज की सौगात मिली है जो कि 750 करोड़ रू से बनाया जाएगा। इसके अलावा आज मुख्यमंत्री द्वारा 748 करोड़ रू लागत की विभिन्न परियोजनाओं की सौगात दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सांची विधानसभा और रायसेन जिला विकास के मामले में पहले स्थान पर रहे, इसके लिए वह लगातार काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में सांची विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यो और सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख भी किया। सिलवानी विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी और लोकप्रिय मुख्यमंत्री और बहनों के लाड़ले भैया श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में चहुँओर विकास की गंगा बह रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान बेटा-बेटी, युवा, किसान, महिला, वृद्ध सभी की चिंता करते हैं। उन्होंने इन सभी के कल्याण और आर्थिक उन्नति के लिए अनेकों योजनाएं चलाई हैं। विधायक श्री सिंह ने मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी, सीखो-कमाओ, किसान कल्याण योजना, लाड़ली बहना योजना सहित अनेक योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में कलेक्टर अरविंद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया

कि आज जिले में 748 करोड़ 66 लाख 84 हजार रू के विभिन्न कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया है। इनमें 38 करोड़ 65 लाख 47 हजार रू लागत की 14 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया है तथा 710 करोड़ एक लाख 37 हजार रू लागत की 83 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। उन्होंने विभागवार विकास कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि जल संसाधन विभाग की 45 करोड़ 43 लाख रू लागत की पांच विकास परियोजनाओं, नगरीय प्रशासन विभाग की एक करोड़ 73 लाख रू लागत की 28 विकास परियोजनाओं, मप्र पर्यटन विभाग की 39 करोड़ 31 लाख रू लागत की एक विकास परियोजना, मप्र जल निगम की 599 करोड़ 88 लाख 70 हजार रू लागत की चार विकास परियोजनाओं, लोक निर्माण विभाग की 38 करोड़ 97 लाख 45 हजार रू लागत की 10 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की चार करोड़ 80 लाख 89 हजार रू लागत की 12 विकास परियोजनाओं, पीएचई विभाग की 18 करोड़ 75 लाख 52 हजार रू लागत की 35 विकास परियोजनाओं, राज्य शिक्षा केन्द्र की एक करोड़ 55 लाख रू की एक विकास परियोजना तथा तकनीकी शिक्षा विभाग की एक करोड़ 55 लाख रू की एक विकास परियोजना का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया। इनके अतिरिक्त नगर पालिका रायसेन में अमृत 2.0 के तहत लगभग 10 करोड़ रू लागत के तीन कार्यो का भी शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, पुलिस अधीक्षक विकास शहवाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया सहित अनेक अधिकारी, लाड़ली बहनें और नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने ग्राम सुनारी निवासी लाड़ली बहना से किया संवाद,,,,

मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा रायसेन जिले के सांची जनपद के ग्राम सुनारी सलामतपुर निवासी लाड़ली बहना श्रीमती आरती राजपूत से वर्चुअली संवाद कर ग्राम में नल-जल योजना आने के बाद जीवन में आए बदलाव के बारे में पूछा गया। जिस पर श्रीमती आरती राजपूत ने बताया कि उनके ग्राम में समूह नल-जल योजना है। जिससे ग्राम के सभी घरों में टोंटी से पानी पहुंच रहा है। श्रीमती आरती राजपूत ने बताया कि पहले पानी के बहुत परेशानी होती थी। हैण्डपम्प और कुएं से पानी भरकर लाना पड़ता था, जिसमें तीन-चार घण्टे लगते थे। समूह नल जल योजना आने के बाद अब घर पर ही नल से जल आ रहा है। इससे पानी के लिए लाईन में लगने और फिर घर तक लाने की समस्या दूर होने के साथ ही समय भी बच रहा है।

आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए विद्युत कर्मचारी

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(07 अक्टूबर)एक बार फिर विद्युत कर्मचारियों ने कार्यालय में ताला जड़कर हड़ताल पर चले गए जिससे विद्युत सेवा प्रभावित रही।निजीकरण के निर्णय को वापस लेने, पेंशन की ग्यारंटी, संविदा कर्मियों के नियमितिकरण, आउट सोर्स कर्मियों के संविलियन, वेतन विसंगति को दूर करने सहित कुल 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ, यूनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पाइज व इंजीनियर, पावर इंजीनियर्स व एम्पलाइज एसोसिएशन के सभी अधिकारी, कर्मचारी, कार्यालय में ताला लटकाकर 06 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष आई.डी. पटले ने कहा कि विगत लंबे समय से सरकार से मांगो के निराकरण को लेकर हम संघर्षरत है लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिसके कारण 06 अक्टूबर से नियमित एवं संविदा अधिकारी, कर्मचारी सहित आउट सोर्स के कर्मचारी, हड़ताल पर है, जिससे उपभोक्ताओं को हो रही

परेशानी को लेकर हम खेद व्यक्त करते है।हमारी मांग है कि सरकार विद्युत विभाग के निजीकरण को वापस लेकर, कर्मचारियों को पेंशन की ग्यारंटी प्रदान करे, संविदा कर्मचारियों को नियमित करें ओर प्रतिमाह एक आउट सोर्स कर्मी की मौत पर गंभीरता दिखाते हुए उनके संविलियन और मौत पर 20 लाख रुपए का मुआवजा व वेतन विसंगति को दूर किया जाए। उन्होंने बताया कि विगत लंबे समय से बिजली कर्मचारियों की मांग की जा रही है लेकिन सरकार दूसरों के घरों में उजाला करने वालों का भविष्य अंधकार में डाल रही है। जिससे विद्युत समस्या के सुधारीकरण कार्य में हड़ताल के लंबे चलने पर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, वहीं नियमित, संविदा अधिकारी-कर्मचारी एवं आउसोर्स कर्मचारी ने तय किया है कि जब तक सरकार हमारी मांगो पर विचार नहीं करती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।आवश्यक सेवा में आने वाले विद्युत सेवा में लगे अधिकारी, कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से होने वाली परेशानियों को देखते हुए सरकार ने हड़ताल पर एस्मा लगा दिया है, बावजूद पूर्व निर्धारित हड़ताल कार्यक्रम के तहत 6 अक्टूबर को बिजली विभाग के सभी संस्थानों के नियमित व संविदा अधिकारी, कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी कामबंद कर हड़ताल पर चले गए है।

ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न

रायसेन, 06 अक्टूबर 2023

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं में ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग कार्य हेतु शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण दो सत्रों में प्रातः 11 बजे से विधानसभा सिलवानी तथा उदयपुरा का एवं दोपहर 01 बजे से

विधानसभा भोजपुर तथा सांची के लिए प्रशिक्षण रखा गया। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग तथा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों की भी जानकारी दी गई।

कीटनाशक के प्रभाव में आने से किसान की मौत,खेत में दवाई छिड़कने के दौरान चपेट में आया

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(07 अक्टूबर)लालबर्रा थाना अंतर्गत धपेरा मोहगांव निवासी किसान की कीटनाशक के चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी अनुसार दयाराम पिता कुंवरलाल बिसेन के साले मेहरबान ने बताया कि गुरुवार को अपने जीजा दयाराम के खेत में कीटनाशक का छिड़काव करने गए थे। यहां से शाम 4 बजे घर आने के बाद हाथ, मुंह धोकर खाना खाने के बाद सिरदर्द

होने लगा, फिर वो सोने चले गए। सुबह 4 चार बजे बहन ने देखा तो जीजा को पसीना आ रहा था और उनकी तबीयत खराब हो गई थी। इसके बाद मोहल्ले वाले दयाराम को उठाकर एम्बुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय लाए। शुक्रवार को जिला अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दयाराम का एक बेटा और एक बेटी है। बेटा, काम करने हैदराबाद गया है, जबकि बेटी पढ़ रही है। दयाराम की तहरीर के बाद अस्पताल चौकी पुलिस ने शव बरामद कर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव का पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की अग्रिम जांच अस्पताल चौकी पुलिस की डायरी के आधार पर संबंधित थाना पुलिस करेगी।

राजधानी भोपाल के प्रसिद्ध गुफा मंदिर स्थल पर बनेगा गुफा लोग

मुख्यमंत्री ने की घोषणा, 35 करोड़ की लागत से बनेगा संत निवास भवन

सीएल गौर, संभागीय ब्यूरो, समाज जागरण

भोपाल। मध्य प्रदेश में अब एक-दो दिन में कभी भी विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो सकता है। ऐसे में आदर्श आचार संहिता लागू होने के पहले सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक ही दिन में करोड़ों के लोकार्पण और निर्माण कार्यों के भूमिपूजन कर रहे हैं। इसी बीच सीएम ने महाकाल लोक की तर्ज पर गुफा मंदिर में गुफा लोक बनाने की घोषणा की है। साथ ही 35 करोड़ रुपए की लागत से संत निवास का निर्माण किया जाएगा।बता दें कि राजधानी भोपाल में ही शुक्रवार को तीन स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से 36 लाख महिलाओं के खातों में 219 करोड़ रुपए की राशि एलपीजी सिलेंडर के लिए ट्रांसफर की। वहीं, रविंद्र भवन में कई परियोजनाओं का शिलान्यास-

लोकार्पण किया। साथ ही नगर निगम भोपाल और भोपाल विकास प्राधिकरण के 566 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का गुफा मंदिर परिसर लाल घाटी में भूमि-पूजन किया सी एम शिवराज सिंह भोपाल के गुफा मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने संत भवन के भूमि पूजन सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि गुफा मंदिर में महाकाल लोक की तर्ज पर गुफा लोक बनाया जाएगा। इसके साथ ही 35 करोड़ की लागत से संत निवास बनेगा। सीएम ने कहा कि गुफा मंदिर में मानस भवन का निर्माण तो होगा ही, इसके साथ ही गुफा लोक भी बनाया जाएगा। सीएम ने गुफा लोक की योजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

चलती कार में आग लगने से आग का गोला बनी कार,बाल बाल बचा वाहन चालक

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(07 अक्टूबर)डोंगरिया के पास उस समय अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया जब एक चलती कार में शॉर्ट सर्किट की वजह से भीषण आग लग गई.जब तक कोई कुछ समझ पाता तबतक आग बेकाबू हो चुकी थी, गनीमत थी कि समय रहते वाहन चालक ने कार से निकल कर अपनी जान बचायी अन्यथा थोड़ी सी चूक हुई होती तो जान भी जा सकती थी। आगजनी कि सूचना पाकर अग्नि शमन विभाग मौके पर पहुंच कर आग पर काबू तो पा लिया लेकिन तबतक कार पूरी तरह से राख में तब्दील हो गयी थी। जानकारी अनुसार वाहन क्रमाक एम पी 50 सी ए 0738 वाहन चालक महाराष्ट्र

के भंडारा से बालाघाट आ रहा था, जब वह डोंगरिया के पास पहुंचा ही था कि अचानक इंजन से धुआं निकलते देख उसने वाहन को रोककर जैसे ही बाहर निकला वैसे ही कार में आग लगी गयी जिससे वाहन चालक दूर चला गया और कार धूँ धूँ कर जलने लगी।

कार्यवाही के बाद मवेशियों को जबरन छुड़ाकर ले जाने वाले तबेला संचालकों पर एफआईआर दर्ज

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।(07 अक्टूबर)शहर के मध्य चलने वाले दुग्ध व्यवसाय वाले तबेलों पर 5 अक्टूबर को जिला प्रशासन, पुलिस एवं नगर पालिका द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए हटाया गया था। तबेलों में हजारों की संख्या में मवेशी रखे जा रहे थे, जिससे आस-पास रहने वालों व पशुओं को आवारा छोड़ने पर शहर के आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी और नगर पालिका के पास लगातार शिकायतें पहुंच रही थी। यही नहीं सड़कों पर आवारा घुमते हुए मवेशी दुर्घटना का कारण भी बन रहे थे। नगरपालिका परिषद का हाका गैंग सुबह 5 अक्टूबर को आवारा मवेशियों को लेकर कार्यवाही कर रहा था तभी मवेशी पालकों ने कर्मचारियों को डराया-धमकाया और शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुए जबरन अपने मवेशी छुड़ाकर ले गये थे। इस घटना को लेकर थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई गई जिसपर 5 मवेशी पालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। नगर के भीतर भारी संख्या में मवेशी रखने के लिये तबेले बनाये गये थे, जिनके मवेशियों को छोड़े जाने पर शहर में आवाजाही प्रभावित हो रही थी, साथ ही दुर्घटनाओं का कारण भी आवारा घुमते हुए मवेशी बन रहे थे। नगरपालिका प्रशासन द्वारा नियमित तौर पर कार्यवाही की जाती है लेकिन देखा जाता रहा है कि मवेशी पालन करने वाले बछड़ों को तो बांधकर रखते थे लेकिन बाकी पशुओं को शहर में विचरण करने के लिये छोड़ दिया करते थे, जिसके बाद यह मवेशी जहां-तहां सड़कों पर विचरण करते हुए या बैठकर आवागमन में बाधा उत्पन्न करते है। साथ ही शहर के भीतर बड़े तबेले संचालन होने की वजह से गंदगी एवं नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में नगर पालिका में तबेला संचालन एवं मवेशियों के आवारा छोड़े जाने को लेकर शिकायतें बढ़ रही थी। नपा ने कार्यवाही तेज की थी और आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाऊस में रखा जा रहा था। 5 अक्टूबर को हाका गैंग की यह कार्यवाही नगर के नावेल्टी हाऊस गली में चल रही थी, जिसमें आवारा विचरण कर रहे कई मवेशियों को हांककर कांजी हाऊस ले जाया जा रहा था। कोतवाली थाने में की गई शिकायत में नपा के सफाई संरक्षक एवं हाका गैंग प्रभारी विजय बिरिया निवासी वार्ड क्र.3 बालाघाट ने बताया कि जब 5 अक्टूबर को प्रातः 7:30 बजे हाका गैंग के कर्मी आवारा मवेशियों को कांजी हाऊस ले जा रहे थे तब काली पुतली चौक के समीप मवेशी पालक अर्जुन फुलसुंघे, करन फुलसुंघे, रिंकू यादव एवं भटेरा निवासी शिवप्रसाद उर्फ नारू सुलाखे वहां लाठी-डंडे लेकर पहुंचे। हाका गैंग कर्मियों से उन्होंने पशुओं को छोडड्डे के लिये कहा और गालियां देते हुए डराने-धमकाने लगे। कर्मियों ने कहा कि सीएमओ के आदेश से ही वे कार्यवाही कर रहे है तब भी वे नहीं माने और मवेशियों को कांजी हाऊस ले जाने से रोका तथा मवेशियों को हाका गैंग कर्मियों के कब्जे से जबरन छुड़ाकर ले गये। इसकी जानकारी नपा सीएमओ को दी गई फिर कोतवाली थाने में पहुंचकर हाका गैंग कर्मियों ने शिकायत दर्ज कराई। जिसपर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने कर्मियों को तथा डराने-धमकाने पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी अर्जुन फुलसुंघे पिता राजेन्द्र फुलसुंघे, आकाश फुलसुंघे, करन फुलसुंघे, रिंकु यादव पिता रमेश यादव सभी निवासी वार्ड क्र. 15 गौली मोहल्ला बालाघाट तथा शिवप्रसाद उर्फ नारू पिता नंदु सुलाखे निवासी वार्ड क्र.5 भटेरा बालाघाट के विरूद्ध भादंवि की धारा 147, 149, 294, 353, 186, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

चौकाने वाली भाजपा क्या फिर चौकाएगी?

विधायक भी संशय में, दावेदार पशोपेश में

शहडोल` विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की घोषणा से राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। अब यह चर्चा सामने आ रही है कि जिन क्षेत्रों के प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं वहां भी चौंकाने वाले नाम सामने आ सकते हैं। ज्ञातव्य है की कोतमा से दिलीप जायसवाल एवं पुष्पराजगढ़ से हीरा सिंह श्याम के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद जिन क्षेत्रों के प्रत्याशी घोषित नहीं हुए हैं वहां कयासों का दौर चरम पर पहुंच गया है। कहा जा रहा है कि विधायक भी सतर्क हैं कि उनकी दावेदारी कहां से होगी। कहीं उनका भी क्षेत्र तो नहीं बदला जाएगा।इन तमाम कयासों के बीच राजनीतिक पंडितों का मानना है कि जो विधायक हैं उनको भी प्रत्याशी बनाया जाएगा या उनका क्षेत्र भी बदला जा सकता है इसके अलावा नए चेहरे भी मैदान में उतारे जा सकते हैं। वर्तमान

में जो उम्मीदवारों की लिस्ट सामने आई उसके बाद विधायकों व नेताओं के मध्य संदेह का माहौल बना हुआ है । कभी भी कुछ भी हो सकनेवाले भाजपा के इस राजनीतिक दौर में अगली लिस्ट आने को लेकर तरह-तरह की चचाओं का दौर जारी है। इन नेताओं के सामने खोने का डर भी है और पाने की भी चिंता है। कुछ राजनैतिक पंडितों का कहना है कि राजनीति की यह रणनीति है सफलता तभी मिलती है जब आपका हर कदम लोगों को चौंकाने वाला लगे। वही भाजपा कर रही है। अर्थात दूसरी पंक्ति के नेता हैं।कहीं ना कहीं चौंकाने वाली भाजपा पुनः नेताओं और दावेदारों को चौंकाने की तैयारी में है । बहरहाल आने वाले दिनों में यह तस्वीर साफ होगी तो कई नेताओं का भविष्य तय हो जाएगा। सूत्रों की माने तो भारतीय जनता पार्टी में शहडोल संभाग के बाकी बची 6 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। ऐसी खबर है कि बाकी 6 सीटों में तीन महिलाओं को मौका दिया जा सकता है।

चोरी के कोयले से धधक रही कैमिकल फैक्ट्री

शहडोल, । कोयलांचल क्षेत्र में अपराधों का ग्राफ सर चढ़कर बोलता है आर्थिक अपराध की सीमा तो कब की लांघ दी गई है। जिस तरह से कोयलांचल में अपराधियों का कारोबार सक्रिय है उस तरह से प्रशासन कार्यवाही करने से कतराता है। बुढ़ार, धनपुरी और अमलाई इस क्षेत्र में हर वो अपराधिक गतिविधियां संचालित है जिसे कानून की भाषा में अपराध कहते हैं। लेकिन इन तीनों ही क्षेत्रों बैठे पुलिस और प्रशासनिक अफसर खुली आंख से देख तो सब रहे है लेकिन न देखने की नौटंकी भी जारी है। सूत्र बताते हैं कि एक अर्से से बुढ़ार अमलाई रोड पर संचालित कैमिकल फैक्ट्री जिस तरह से अवैध कार्यों को अंजाम दे रही है वह अपने आप में कुछ कम नहीं है। जाजू नाम का सक्स दो-दो फैक्ट्रियों का संचालन कर प्रशासन को तो गुमराह कर ही रहा है आसपास के किसानों को भी पीड़ित और प्रताड़ित किए हुए है। फैक्ट्री के पीछे जिस तरह से कैमिकल बहाया गया है उससे किसानों के लिए खेतों में फसल उगने का नाम ही नहीं लेरहा है। वैसे तो प्रशासन इस फैक्ट्री पर पहले से भी मेहरबान है क्योंकि प्रशासनिक अफसरों की आव भगत कर इस फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। जाजू की यह फैक्ट्री का कैमिकल मध्यप्रदेश के बाहर भी भेजा जा रहा है। वैसे तो यह कहा जाता है कि जाजू लकड़ी के गुटके का इस्तेमाल कर रहे है लेकिन पढ़ें के पीछे की हकीकत ही कुछ और है। दो-दो कैमिकल फैक्ट्रियों के संचालन में क्षेत्र से अवैध कोयला खरीदकर इस फैक्ट्री का संचालन से रूबरू हो सकते हैं। पिछले एक साल में फैक्ट्री से निकलने वाला धुंआ भी जाजू ने कितना कोयला खरीद प्रदूषण कालरी से खरीदा, क्या उसका किन बना हुआ है, इन सवालों का पूरा शायद कागज जाजू के पास तो वैसे तो शहडोल में प्रदूषण गौरतलब नियंत्रण विभाग भी बैठा हुआ है संचालक तत्कालीन कलेक्टर का किसानों की जमीन जो बंजर खासमखास बनकर कोरोना काल में है उसमें अब किसान दाना लाभ भी कतरा रहा है प्रशासन के अगर नुमाइंदों कभी भी छापा मारकर फैक्ट्री जांच करवाई तो प्रदूषण एवं फैक्ट्री के पीछे की जमीनी हकीकत मनमानी तथा आर्थिक घोटाला तीनों ही सामने होगा।पिछले कुछ समय तक इस कैमिकल फैक्ट्री का संचालक बोरियों से कोयला खरीदने का काम पूरी रात करता था। लेकिन इस समय भी बेधड़क कोयले की खरीदी की जा रही है। इस फैक्ट्री के संचालक का पूरा भंडाफोड़ करना है तो उद्योग विभाग से हर हकीकत बाकिफ हुआ जा सकता है । जिस तरह से इस कैमिकल के बीच कमल खिल रहा है उसमें तो केवल प्रशासनिक अफसर और फैक्ट्री का संचालक ही मालामाल हो रहे है। किन- मानकों इस फैक्ट्री संचालक ने पूरा किया अगर इसकी जांच की जाय शायद पूरी हकीकत सामने होगी।

वन भूमि में होता जा रहा कब्जा

डिंडोरी ।डिंडोरी जिले के अंतर्गत बजाग वन परिक्षेत्र कक्ष क्रमांक 506,507,508,509, शीतल पानी एवं खम्हेरा के घने प्राक्रतिक बीच जंगलों को ग्रामीण जनों के द्वारा कटाई कर खेती योग्य जमीन तैयार करने में लगे हैं एवं फसल डाले गए हैं साथ ही और पेड़ों को काट काट कर अपने अपने कब्जे के लिए होड़ मची हुई है वन विभाग को इस बात की जार का अनुमान होने के बाद कटाई जारी है जो अत्यंत चिंताजनक है। और खेतों में फसल सुरक्षा के लिए पेड़ों को काट कर बाड़ा या रूंधाई किया जाता है । मिली जानकारी के अनुसार एक खेत में सैकड़ों पेड़ों को काट कर उपयोग किया जाता है किंतु वन विभाग बिल्कुल हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। शीतल पानी के जंगल के आस पास काफी तादाद में हिरणों का शिकार भी किया जा रहा है लेकिन वन विभाग इसे गंभीरता से नहीं रहा है। जंगलों

में अनेकों जगह हिरणों को मारकर भूनने व हड्डियों को देखा जा सकता है वन विभाग को सूचना देने पर मुखबिर का नाम सार्वजनिक कर दिया जाता है जिसके कारण सूचना तंत्र भी खत्म होते जा रहे हैं